e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 74

शुक्रवार

15.03.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

सफलता आपको तब तक प्राप्त नहीं हो सकती, जब तक आप गलती के बारे में सोचते रहेंगे।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# युवाओं की सरकार, युवाओं से सरोकार





श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (GSCC)










**₹15 लाख**
तक विद्यार्थियों को ऋण सुविधा...

...बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क के

**4%**
साधारण ब्याज दर से भुगतान

शेष ब्याज का वहन झारखण्ड सरकार द्वारा

**15 वर्ष**
तक ऋण वापसी की अवधि

ऋण बिना किसी जमानती सुरक्षा के

**ऋण वापसी की प्रक्रिया पाठ्यक्रम पूर्ण होने के 1 वर्ष बाद से**

**अध्ययन अवधि में ही ऋण का ब्याज चुकाने पर ब्याज के दर में 1% की छूट**

PR NO-322712 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) 23-24

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

# करियर परामर्श हेतु संत मरियम विद्यालय के बच्चों के लिए हुआ सेमिनार का आयोजन

## बच्चों को योग्य बनाने की जिम्मेवारी मेरी : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विद्यार्थियों का तनाव व चिंता तब बढ़ जाती है। जब उन्हें दसवीं कक्षा के बाद स्ट्रीम का चयन कर पढ़ाई करने का समय आता है। हालांकि विषयों को चुनाना उतनी चिंताजनक नहीं है। लेकिन इस वक्त स्ट्रीम को चुनना ही हमारा लक्ष्य तय करता है कि हम जीवन में बनाना क्या चाहते हैं। क्योंकि दसवीं के बाद हजारों करियर ऑप्शन, हजारों रास्ते नजर आते हैं। जहां बच्चे अपने कौशल, सामर्थ्य व योग्यता को परखे बिना ही एक दूसरे के देखा-ताकि में वह अपना रास्ता चुन लेते हैं। जिसका हर्जाना उन्हें बाद में भुगतना पड़ता है। उक्त बातें संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कही। साथ ही इन्होंने कहा कि जिस तरह बगीचे में लगे पुष्प व पौधों को संभालने का जिम्मेवारी मालि की होती है, उसी तरह इन बच्चों के कौशल, योग्यता, सामर्थ्य रूपी सुगंधित बनाने की जिम्मेवारी मेरी है। ताकि यें अपनी प्रतिभा का सुगंध पूरी दुनिया भर में फैला सके। मालूम हो कि संत मरियम विद्यालय के दसवीं कक्षा की परीक्षा संपन्न हो चुकी है, जिसके तत्पश्चात इन विद्यार्थियों के लिए करियर परामर्श हेतु चैनपुर स्थित संत मरियम किड्स स्कूल के सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया, जहां अलग-अलग विषयों के श्रेष्ठ शिक्षकों ने इन विद्यार्थियों को करियर से संबंधित कई विषयों पर चर्चा किया। वही मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कुमार आदर्श ने बेहतर परीक्षा फल के लिए अग्रिम बधाई दिया साथ ही इन्होंने कहा कि आप कहीं भी रहे स्वस्थ रहें सुरक्षित रहे और बेहतर रूप से पढ़ाई करें विद्यालय परिवार आप सबों के साथ हर पहलुओं में खड़ी रहेगी। वहीं कार्यक्रम की मेजबानी कर रहें जीव विज्ञान शिक्षक प्रवीण दुबे ने अलग-अलग क्षेत्रों में श्रेष्ठ पदों पर कार्यरत अपने पढ़ाया हुआ कई छात्र व छात्राओं से ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बच्चों से रूबरू कराया एवं पटना से चलकर आएं गणित शिक्षक यू. कुमार व भौतिक विज्ञान शिक्षक अनीस सर ने डेमो क्लास भी प्रस्तुत किया। साथ ही मौजूद गौरव सर ने करियर चार्ट के माध्यम से बच्चों के करियर कंफ्यूजन को सुलझाने का प्रयास किया। मौके पर उपस्थित संत मरियम किड्स स्कूल के निदेशक आनंद सर, उपप्राचार्य एस.वी. साहा, संगीत प्रशिक्षक श्याम सर, विद्यालय के समस्त शिक्षक के साथ-साथ सैकड़ो बच्चे मौजूद थे।




# फोर लाइन सड़क दुर्घटना में महिला पुरुष की मौत, चार लोग घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**छतरपुर :** नेशनल हाइवे फोर लाइन सड़क पर बैरियाडीह मोड के पास कार और मोटरसाइकिल के बीच बीती रात 10 बजे भीषण टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल परखच्चे उड़ जाए और मोटरसाइकिल में आग लग गई और जल गया. जबकि कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया कार सवार महिला और मोटरसाइकिल चालक दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है. वही अन्य 6 लोगों को गंभीर रूप से घायलों थे जिसे मेदिनीनगर अस्पताल भेजा गया मृतक महिला प्रभा शर्मा गिरिडीह की रहने वाली थी, जबकि युवक कलिंदर कुमार ग्राम मानदेया छतरपुर का रहने वाला था. घटना बुधवार की देर रात 10 बजे की है. छतरपुर थाना क्षेत्र फोर लाइन सड़क पर टीयूवी कार औरंगाबाद की तरफ तेजी से जा रही थी. इसी क्रम में बैरियाडीह मोड से आ रही एक बाइक पर सवार तीन युवक उसकी सीधी टक्कर हो गई. ग्रामीणों ने फोरलेन सड़क जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे छत्तरपुर पुलिस ने लोगों को समझाया और जाम छुड़वाया वही ग्रामीणों का कहना था कि इस मोड़ पर हमेशा ही दुर्घटना होती रह रही है यहां अंडरपास निर्माण कराया जाए मौके पर पहुंचे छतरपुर पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लिए और अन्य आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# मुखिया पति ने कंप्यूटर ऑपरेटर को पीटा, बीडीओ हुए शख्त, भेजा थाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** महिला मुखिया के पतियों की मनमानी लगातार हो रही है। महिला मुखिया के बदले करीब करीब कार्यों में उनके पतियों का दखल रहता है और उनके अनुसार ही कार्य किए जाते हैं। पलामू जिले के पाटन प्रखंड कार्यालय में कुछ इसी तरह की स्थिति देखने को मिली। किसी जरूरी कार्य के लिए जंघासी मुखिया पिंकी देवी की जगह उनके पति मुकेश सिंह कुछ लोगों के साथ पहुंचे और कंप्यूटर ऑपरेटर उत्तम कुमार की पिटाई कर दी। मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा ने सक्रियता दिखाई और पुलिस को बुलाकर मुखिया पति को थाना भिजवा दिया। पुलिस ने जांचोपरांत मुखिया पति को जेल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर में मुकेश सिंह 10 से 15 लोगों के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। किसी प्रमाण पत्र को छोड़ने को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर उत्तम से बातचीत के क्रम में मामला बढ़ गया और मुखिया पति ने कंप्यूटर ऑपरेटर की थपड़ो से पिटाई कर दी।बताया जाता है कि जब पुलिस प्रखंड कार्यालय पहुंची तो मुखिया पति को गाड़ी के बीच वाले सीट पर बैठकर ले जा रही थी, लेकिन बीडीओ ने स्पष्ट तौर पर कहा कि मुखिया पति ने मारपीट की है। ऐसे में उसे इज्जत देकर बीच के सीट पर ले जाना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। उन्हें पीछे की सीट पर बैठ कर ले जाया जाए। अगर गाड़ी की जरूरत है तो प्रखंड कार्यालय से गाड़ी मुहैया कराई जाएगी। हालांकि पुलिस अपनी गाड़ी से ही मुखिया पति को थाना ले गयी। थाना में काफी गहमगामी की स्थिति देखने को मिली।




# सुबेदार अक्षय कुमार सिंह बनाए गए पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद इकाई के पेंशन पदाधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** पूर्व सैनिक सेवा परिषद् कार्यालय हुसैनाबाद में गुरुवार को एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता कैप्टन दुखन सिंह तथा संचालन लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने किया। बैठक में पीछले महीने गुरखा रेजिमेंट से सेवा निवृत्त हुए सुबेदार अक्षय कुमार सिंह को सर्वसम्मति से पेंशन पदाधिकारी नियुक्त किया गया। पूर्व में यहां के पूर्व सैनिकों को पेंशन संबंधी समस्याओं में सुबेदार कामख्या नारायण सिंह का मदद लेना पड़ता था। लेकिन अब उनके ही मार्गदर्शन में सुबेदार अक्षय कुमार सिंह पूर्व सैनिकों वीर नारी एवं आम सेवानिवृत्त पेंशनधारकों के पेंशन संबंधी विसंगतियों पर काम करेंगे। इस बैठक में पूर्व सैनिकों ने होली मिलन समारोह मनाने का भी निर्णय लिया। यह कार्यक्रम 23 मार्च को कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह के आवास पर मनाया जाएगा। इसके पूर्व बैठक में उपस्थित संगठन संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत को अग्रणीय देश के श्रेणी में रखने के लिए तैयार है जिसका पूरा श्रेय माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जाता है। हम सभी सैनिकों को वन रैंक पेंशन वन पेंशन सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया है इसके लिए हम सभी सैनिकों के तरफ से उन्हें धन्यवाद देते हैं। साथ ही उन्होंने कहा की सेवानिवृत्ति सैनिक फौज में जो सेवा के गुण अपनाते हैं सेवानिवृत्त के बाद इस गुण को वो समाज में बांटने का काम करते हैं। आज के बैठक में सुबेदार सतेन्द्र ठाकुर गौरीशंकर ठाकुर सुमेर सिंह महाराज सिंह अशर्फी पाल उदित चौधरी राम व प्रसाद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## अरविंद ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क हादसों को लेकर छतरपुर एनएच 98 फोर लाइन अभिशप्त हो चुका है। आए दिन होने वाली दुर्घटनाएं लोगों का दिल दहला रही हैं। हर महीने सड़क हादसे में औसतन 10 लोगों की जान जा रही है और दो दर्जन दुर्घटनाएं घट रही हैं। लोग बताते है कि अधिकांश दुर्घटनाओं में हादसे का कारण शराब पीकर गाड़ी चलाना रहा है। छतरपुर के बाईपास फोर लाइन हाईवे पर हर एक लाइन होटलो में खुलेआम अवैध शराब बिक्री एवं परोसे जा रहे है । छतरपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने छतरपुर के एसडीओ हीरा कुमार को तीन सूत्री ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि अनुमंडल प्रशासन द्वारा अनियंत्रित हाईवा के परिचालन पर कठोरता से रोक लगाते हुए हाईवा के परिचालन में ओवरलोडिंग और स्पीड को सख्ती से रोका जाए। नगर पंचायत क्षेत्र के हर गली मुहल्ले में बिकने वाले अवैध शराब और गांजे की बिक्री पर रोक लगाई जाए। प्रशासन द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जागरूकता ड्राइव चलाने और अयोग्य चालकों पर जांच कर कार्रवाई करने की मांगें शामिल है। अरविंद ने कहा कि छतरपुर दुर्घटनाओं से जहां हर दिन लोगों की जान जा रही है ऐसे में प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाने की आवश्यक्ता है ताकी लोगों की जानें बचाई जा सके।

## परेशान उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग को दिया आवेदन

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के लोटनियाँ पंचायत के एकौनी गांव के कुछ बिजली उपभोक्ताओं ने हुसैनाबाद बिजली विभाग के सहायक विधुत अभियंता को आवेदन देकर बिजली चालू कराने का आग्रह किया है। बिजली उपभोक्ताओं ने सहायक विधुत अभियंता को आवेदन के माध्यम से कहा है कि गांव के ही अरविंद यादव, विजय यादव, मुन्ना यादव ने पहले से लगे हुए बिजली के खंभे को उखाड़ कर एवं तार को खोलकर अपने मन मुताबिक रास्ते से बिजली ले जा रहे है जिसके कारण उपभोक्ता विनोद यादव, मुंद्रिका यादव, अम्बिका यादव, महेंद्र यादव, प्रमोद यादव के यहां बिजली नहीं है। परेशान बिजली उपभोक्ताओं का अभीतक बिजली नहीं जोड़ा गया जिससे उपभोक्ता काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे दोषी लोगों के खिलाफ करवाई करते हुए पूर्व की भांति बिजली चालू की जाये।

# खिलाड़ियों को संसाधन देना हम सबकी जिम्मेदारी : राकेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** खिलाड़ियों में खेल का जज्बा हमेशा जिंदा रहता है। तभी सुदुरवर्ती इलाकों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन होता है। ये बातें कहीं आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने। जब कौड़िया पंचायत के तीनतड़वा मैदान में आयोजित कॉस्को क्रिकेट टुर्नामेंट में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। टुर्नामेंट का उद्घाटन कर शुभारंभ मैच में शामिल नवका अहरा और लालीमाटी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। वहीं डालटनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राकेश तिवारी ने मिनी ब्लास्टर आयोजन कमिटी को मंगलकामना एवं संसाधन के अभाव में बड़ा टुर्नामेंट कराने पर बधाई दी। इस दौरान धूप में युवा खिलाड़ियों को खेलते देख समर्थन देने आए सैकड़ों युवाओं को राकेश तिवारी ने शुक्रिया अदा किया। साथ ही सुदुरवर्ती इलाकों में क्रिकेट के अलावा खेल को बढ़ावा देने में हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान युवा समाजसेवी प्रेम प्रकाश ठाकुर, आयोजनकर्ता सतेंद्र सिंह, अध्यक्ष सकनाथ सिंह, सुमन कुमार, तरूण कुमार, शशिकांत तिवारी, विकास पाण्डेय समेत सैकड़ों खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# वर्षों से खराब पड़ा हुआ है चापाकल कोई जनप्रतिनिधि का नहीं है ध्यान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौन्धी :** प्रखंड अंतर्गत पंचायत कुपा के रेखाडीह गांव में कई वर्षो से चापाकल खराब पड़ा हुआ है।किसी भी प्रतिनिधि का ध्यान इस तरफ नही है।कई बार स्थानीय प्रतिनिधियों से इसकी शिकायत किया गया लेकिन किसी ने इस चापानल को बनवाने की जहमत नही उठाया। रेखाडीह के स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वर्षो से यह चापाकल खराब पड़ा हुआ है। जब हम लोग स्थानीय जनप्रतिनिधि से बोलते हैं तो उनके द्वारा केवल आश्वासन दिया जाता हैं। रेखाडीह गांव लगभग 50 घर का बस्ती है जहां पर एक ही चापाकल सभी लोग पानी पीते हैं। अभी पीने के पानी के लिए हम लोग काफी दूर से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि जब चुनाव का समय आता है तो हम सभी के बीच जनप्रतिनिधि लोग हाथ जोड़कर के आते हैं और आज हम लोगों को जब जरूरी पड़ता है तो हाथ जोड़ने पर भी नहीं सुन रहे हैं। वहां के स्थानीय ग्रामीण ने सरकार से मांग किया है कि हम सभी की आवश्यकता अनुसार चापाकल, जलमीनार लगवा दिया जाए जिससे हम सभी को भी पीने का पानी आसानी से उपलब्ध हो सकें।

# मोदी जी की गारंटी गाड़ी पहुंची श्री बंशीधर नगर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर (गढ़वा) :** विकसित भारत सुझाव पत्र अभियान मोदी जी की गारंटी गाड़ी बुधवार को श्री बंशीधर नगर पहुंची। भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क व भाजपा नेताओं ने अभियान को विभिन्न स्थलों पर जोरदार ढंग से चलाया गया। विकसित भारत निर्माण में सबों की सहभागिता मोदी जी के लिए प्रार्थनिय है। श्री बंशीधर नगर के मुख्य बाजार, चितविश्राम, अनुमंडल कोर्ट परिसर एवं अन्य चौराहा पर मोदी जी की गारंटी गाड़ी से केंद्र प्रायोजित योजना जनमानस को दिखाया गया। सुझाव एवं मंतव्य पत्र पेटी में डलवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पांडेय, पलामू लोकसभा अभियान प्रभारी उमेंद्र यादव, गढ़वा जिला अभियान प्रभारी सूरज गुप्ता, भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी संजय यादव, उपेंद्र चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, सुरेंद्र राम, मथुरा पासवान, अविनाश कुमार, गुलाब शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पवित्र माह -ए- रमजान रहमतों व बरकतों का महीना है : आमीन खान



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पवित्र माह -ए- रमजान रहमतों एवं बरकतों का महीना है। उक्त बातें समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी आमीन खान ने कही। उन्होंने कहा कि रोजे रखने का असल मकसद महज, भूख-प्यास पर नियंत्रण रखना नही हैं, बल्कि रोजे की रूह दरअसल आत्म संयम नियंत्रण, अल्लाह के प्रति अकीदत और सही राह पर चलने के संकल्प और उस पर मुस्तैदी से अमल में बसती है। उन्होंने कहा कि मुसलमान के लिये रोजा इसलिये फर्ज है ताकि इस खास बरकत वाली रूहानी महीने में उनसे कोई गुनाह ना हो पाये. यह खुदाई असर का नतीजा है। उन्होंने कहा कि खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का प्रतीक पाक महीना माह -ए- रमजान ना सिर्फ रहमतों और बरकतों का महीना है बल्कि समूची मानव जाति को प्रेम भाईचारा और इंसानियत का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि अल्लाह इस माह में रहमतों के दरवाजे खोल देता है और गुनहगारों को माफी आता करता है.उन्होंने कहा कि रोजेदारों के माने तो रमजान पवित्र रहमत एवं बरकतों का महीना है। सुबह में सेहरी एवं शाम में इफ्तार का आयोजन इसकी अनूठी पहचान है। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान में आपसी प्रेम दूसरे महीने से कहीं ज्यादा सभी मजहब के लोगों में दिखाई पड़ता है।

# कधवन के निकट निर्माणाधीन हाइवे के डायवर्सन में टेलर फंसने से पांच घंटे तक बाधित रहा आवागमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला थाना क्षेत्र के कधवन गांव के समीप गुरुवार की सबुह करीब तीन बजे एक टेलर (ट्रक) डायवर्सन में अचानक फंस जाने के कारण करीब पांच घंटे तक हाइवे पर आगमन ठप हो गया.डायवर्सन के दोनों तरफ करीब तीन किलोमीटर में गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस की मदद से लगी जाम को हटाया गया। थाना प्रभारी संतोष कुमार दास ने बताया कि टेलर बड़ा होने के कारण संकीर्ण बना डायवर्सन में मुड़ने के दौरान फंस गयी थी। जिससे दोनों तरफ का आवागमन ठप हो गया था। बाद में जेसीबी मशीन की मदद से किसी तरह जाम में फंसी टेलर को वहां से हटाया गया तब जाकर आवागमन सामान्य हुआ।



## मजदूर को उसके दो साथियों ने ही मारपीट कर किया घायल

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के हेंहो ग्राम तथा लौंगा नदी के बीच खाना बनाने का काम करके वापस आ रहे कोल्हुआ निवासी मजदूर रवि शंकर चंद्रवंसी को उसके दो साथियों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।स्थानीय लोगो की मदद से घायल को अस्पताल पहुचाया गया।जहा उसका इलाज चल रहा है।उसके परिजनों ने बताया कि इस मारपीट के संबंध में नगर उंटारी थाना को आवेदन दे दिया गया है।बताया जाता है कि इस घटना के बाद से राकेश कुमार तथा गणेश चंद्रवंसी भी घर वापस नही लौटे है।घटना के बारे में घायल रविशंकर चंद्रवंसी ने बताया कि कोल्हुआ ग्राम निवासी गणेश चंद्रवंसी, राकेश कुमार के साथ वह रमना थाना क्षेत्र के चाना ग्राम में खाना बनाने गया थे।

# शिव संपत धाम परिसर में आयोजित रासलीला मे श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** उटारी रोड प्रखंड मुख्यालय के सिरहा ग्राम अवस्थित प्राचीन चमत्कारिक शिवसंपतधाम मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर रात्रि में जारी रासलीला श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है.बृंदावन से आए कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण की विभिन्न लीलाओं की भावपूर्ण प्रस्तुति से लोग भावविभोर हो जा रहे हैं.जिसे देखने - सुनने को श्रोता समाज की नित्य भारी भीड़ उमड़ रही है.खैरांचल के दर्जनों ग्राम के सैकड़ो नर नारी रासलीला कलाकार की मोहक प्रस्तुति देखने हेतु निर्धारित समय से पहले ही रासलीला पंडाल में पहुंच जा रहे हैं.बुधवार की रात्रि को बालक कृष्ण के बालसखा के साथ माखन चोरी की लीलाओं की कलाकारों के द्वारा जीवंत प्रस्तुति से सभी मंत्रमुग्ध थे.स्थानीय महिला श्रद्धालुओं ने रासलीला मंच पर जाकर गोदभराई की रस्म अदा की.इससे पहले जिला पार्षद सह शिवसंपत धाम विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंह और छत्तीसगढ़ में पदस्थापित डीएसपी ब्रजेश तिवारी ने भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप की आरती उतारकर आज के रासलीला का शुभारंभ किया.अरविंद सिंह ने कहा कि आज के इस आधुनिकता वादी युग में भी रासलीला और रामलीला मंचन की प्रासंगिकता ग्रामीण क्षेत्रों में तनिक भी कम नहीं हुई है.ब्रजेश तिवारी ने कहा कि भगवान की लीलाओं के मर्म को समझने की जरूरत है। मौके पर मंदिर समिति के पदाधिकारी रघुवीर सिंह यादव, अगस्त तिवारी, बाबू राम दीक्षित, विश्वंभर दीक्षित, डा योगी सिंह, सुनील कुमार सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## कुशदण्ड मुखिया ने विधायक से मिल कर पंचायत के महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में सौंपा मांग पत्र



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कुशदण्ड पंचायत के मुखिया कुमारी रेखा ने विधायक भानु प्रताप शाही को आवेदन देकर कुसदण्ड पंचायत के महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में मांग पत्र सौपी। विधायक जी के दिए गए आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि ग्राम कुशदण्ड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बरवादोहर मेन रोड से पंचायत भवन होते हैं त्रिलोकी मेहता के घर तक पक्की सड़क निर्माण एवं ग्राम कुसदण्ड में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण, ग्राम कोल्हुआ में कल्लू चंद्रवंशी के घर से विजय पासवान के घर होते हुए हैं भजनिया पिपर तक पीसीसी पथ निर्माण, अधौरी ग्राम में पीपल पेड़ से अशोक तिवारी के घर तक पीसीसी पथ, ग्राम महुली में विसफूटा तीन मुहान से बउली तक पीसीसी पथ निर्माण, ग्राम कुशदण्ड में रिफन पासवान के घर से मिलने पुलिया तक पीसीसी पथ निर्माण,ग्राम कुशदण्ड में विंध्याचल पाल के घर से लेकर कुशवाहा स्कूल तक पीसीसी पथ निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि सभी बिंदुओं को ध्यान आकृष्ट कराते हुए इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतरने अनुरोध की है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 74

# प्रभात मंत्र


शुक्रवार
15.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सफलता आपको तब तक प्राप्त नहीं हो सकती, जब तक आप गलती के बारे में सोचते रहेंगे।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया एवं पोटका में

# डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास कार्यक्रम



**मुख्य अतिथि**

## श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 15 मार्च 2024
समय : अपराह्न 01:15 बजे
स्थान : मारदाबांध स्टेडियम मैदान, चाकुलिया

दिनांक : 15 मार्च 2024
समय : पूर्वाह्न 11:40 बजे
स्थान : प्रखण्ड मैदान, पोटका

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण सह-आपदा प्रबंधन विभाग

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्री विद्युत बरण महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर लोकसभा

**श्री रामदास सोरेन**
माननीय विधायक, घाटशिला

**श्री सरयू राय**
माननीय विधायक, जमशेदपुर पूर्वी

**श्री मंगल कालिंदी**
माननीय विधायक, जुगसलाई

**श्री समीर मोहंती**
माननीय विधायक, बहरागोड़ा

**श्री संजीव सरदार**
माननीय विधायक, पोटका



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO-322714 (IPRD) 23-24

## पास्का पर्व की तैयारी में तीन दिवसीय बिनती उपवास का शुभारंभ



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोमन कैथोलिक चर्च मांडर पल्ली में बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय बिनती उपवास का शुभारंभ छोटी प्रार्थना और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस बिनती उपवास में पहले दिन फा. समीर मिंज, फा. किशोर टोप्पो और फा. अंजलुस एक्का ने मांडर पल्ली के ख्रीस्तीय भाईयों एवं बहनों को आध्यात्मिक रूप से पास्का पर्व हेतु तैयारी कराई पहले दिन के मुख्य अनुष्ठाता माननीय फेलिक्स टोप्पो ये. स. सेवानिवृत धर्माध्यक्ष सह अपोस्तोलिक प्रशासक रांची महाधर्मप्रांत रहे। जिन्होंने अपने संदेश में कहा की.. हमारे ईश्वर दया और प्रेम से परिपूर्ण हैं इसलिए हमें अपने परिवार में भी प्रेम और दया की भावना लाने की आवश्कता है। इस अवसर पर मांडर पल्ली के पल्ली पुरोहित सह डीन फादर प्रसन्न तिर्की, फा. जॉन शैलेंद्र टोप्पो, फा. एडविन मिंज, सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप नोविस सिस्टर्स, पल्ली महिला संघ की सभानेत्री कर्मेला बारबरा, रांची केंद्रीय महाधर्मप्रांतीय महिला संघ की सभानेत्री मार्था टोप्पो, विकारियेट सभानेत्री एलिस कुल्लू, फा. नीलम संदीप तिडू सहित काफ़ी संख्या मे विश्वासी मौजूद थे।

## मुरी के रुद्र कुमार का अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी




**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेएससीए अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट रांची बनाम गुमला के बीच 40/40 ओवर का मैच खेला गया। गुमला की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। गुमला की टीम ने अच्छी पारी खेलते हुए 28.1ओवर में 10 विकेट खोकर 76 रन ही बना पाया। वहीं रांची टीम के ओपनर खिलाड़ी रुद्र कुमार तांती ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 बॉल पर 34 रन बनाया जिसमें 7 चौका मारते हुए मैच को अपने नाम किया। वहीं प्रजल आबिदी ने 30 बॉल पर 35 रन बनाया जिसमें प्रजल ने भी 7 चौका लगाया।दोनों ओपनर बल्लेबाज नोट आउट रहकर 10 विकेट से मैच को जीत लिया। मुरी के सिंगपुर निवासी रुद्र कुमार तांती को अच्छे खेल का प्रदर्शन के लिए सिल्ली मुरी समेत आस पास के लोगों ने बधाई दिया।

## रमजान महीने के पहले जुम्मे की नमाज आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों के मस्जिदों में रमजान महीने के पहले जुमे की नमाज आज अदा की जाएगी।इसको लेकर अंजुमन कमेटी के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज आलम ने बताया कि वैसे तो रमजान में सभी दिन खास होती है,लेकिन जुमे के दिन का महत्व काफी खास होता है।रमजान के जुम्मे में नमाज अदा करने को लेकर लोगों की काफी भीड़ देखी जाती है।पिपरवार के बचरा जामा मस्जिद,कल्याणपुर,बहेरा, न्यूमंगरदाहा और राय जमा मस्जिद में नमाज अदा करने को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

## इनोवेटिव स्टोर ने ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोदरेज एंड बॉयस के एक प्रभाग, गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने पश्चिम बंगाल के चांदीपुर में अपने नवीनतम अनुभवात्मक स्टोर का उद्घाटन किया है, जिसमें होम लॉकर समाधानों की उन्नत रेंज प्रदर्शित की गई है। चांदीपुर के मध्य भागक में स्थित, 980 वर्ग फुट का स्टोर प्रौद्योगिकी और ग्राहक-केंद्रितता के मिश्रण का वादा करता है।गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के बिजनेस हेड श्री पुष्कर गोखले ने अपनी विस्तार रणनीति में चांदीपुर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह लॉन्च टियर 2 और 3 शहरों तक पहुंचने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चांदीपुर के समझदार उपभोक्ता सुरक्षा और स्टाइल दोनों चाहते हैं, और हमारा स्टोर इन आवश्यकताओं को सटीक रूप से पूरा करता है।

## सरफराज अहमद बने राज्यसभा सदस्य

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गण्डेय के पूर्व विधायक सरफराज अहमद को राज्य सभा के लिए निर्विरोध चुने जाने पर कोडरमा झारखंड मुक्ति मोर्चा नेताओं ने श्री अहमद को बधाई दी है बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय, केंद्रीय समिति सदस्य, संजय पाण्डेय, बैजनाथ मेहता, गंगा यादव, गोपाल यादव, जिला सचिव श्याम देव यादव, जिला प्रवक्ता संजय साजन, शशिकान्त पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, संगठन सचिव मो खुदुश, मो नौशाद समेत अन्य के नाम शामिल है.

## नए थाना प्रभारी ने पद भार ग्रहण किया

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नये थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार से अपना पदभार ग्रहण किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में उग्रवाद व अपराधी की घटनाओं में अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने कहा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र पर पैनी नज़र रहेगी। साथ ही क्षेत्र की जनता सहयोग करने की अपील की।

## कांग्रेस नें लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर की बैठक

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के अध्यक्षता में कोडरमा लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर ग्रैंड सूर्या होटल में महत्वपूर्ण बैठक की.बैठक के मुख्य अतिथि कोडरमा विधानसभा प्रभारी रियाज अहमद मुख्य रूप से शामिल हुए. प्रभारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन एयरलाइंस का जो भी निर्णय केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा लिया जाएगा ! उन्हें स्वागत किया जाएगा. तपश्चात अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि कोडरमा लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने बुथ पंचायत मंडल एवं गाँव स्तर के कार्यकता अपने अपने कार्य मे सच्चे निष्ठा के साथ काम कर रहे है ! ताकी लोकसभा चुनाव में भाजपा की झूठी वादों एंव जुमलेबाजी को खत्म करने में भाजपा को देश से उखाड़ ने को तैयार है इंडिया महागठबंधन! कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सचिव ईश्वर आनंद,राजकुमार यादव,प्रदेश सचिव नारायण बरनवाल, प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, लक्ष्मण यादव, अनुवारूल हक, सईद नसीम,अर्चना सिंह,डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, सरवन सिंह, मिसबाहुद्दीन, प्रमोद बरनवाल, केदार राणा, विजय सिंह, राम लखन पासवान, आशीष पांडे, राजू सिंह, सरोज मेहता,संजय कुमार, दशरथ पासवान, मोहम्मद चांद आलम, अशरफ अली, फैयाज अब्बू केसर, मोहम्मद ग़ालिफ, सदानंद पांडे,जमाल खान, शंभू शर्मा, चौधरी लाल पासवान,सुभाष सिंह, सीता प्रसाद, मुन्ना कुमार,जाहिर अब्बास,विकास सिन्हा,शिवरतन शर्मा,लाल मोहन साहू,अशोक कुमार, विशाल कुमार,मोहम्मद गुलजार, ह्रदयनंद मिश्रा, गुड्डू कुमार,अशोक कुमार,दिलीप,मनोज, विकास साहू, रणधीर चंद्र रावत,दिलीप राम, लकी कुमार,आशा देवी, मोहम्मद मुमताज इत्यादि कांग्रेस जन शामिल थे ।

# झारखंड न्याय यात्रा निकाला गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूँटी :** जिला अन्तर्गत नगर पंचायत के महुवाटोली वार्ड नंबर 05 में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा खूँटी प्रखण्ड अध्यक्ष शंकर सिंह मुण्डा के नेतृत्व में, हेमंत सोरेन की रिहाई की माँग को लेकर झारखंड न्याय यात्रा निकाला गया। मौके पर नगर पंचायत के ग्रामीणों को बताया गया कि किस तरह से केन्द्र सरकार के इशारे पर ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बिना वजह का जेल में डालने का कार्य किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री काल के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन निर्दोष हैं। इसकी जानकारी आस - पास के ग्रामीणों को भी दी गई। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन को दुबारा देखने का भाव प्रकट करते हुए हेमंत सोरेन की जल्द रिहाई करने का अपील किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय संगा, छात्र मोर्चा ज़िलाध्यक्ष डेविड हमसोय, अल्पसंख्यक मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष समीम अंसारी, खूँटी प्रखण्ड अध्यक्ष शंकर सिंह मुण्डा, सचिव महेंद्र सिंह मुण्डा, सह सचिव आलोक रिश्ते डुंगडुंग, वार्ड पार्षद चार्ल्स पाहन, राजु अंसारी, बेरगा मुण्डा, सनिका पाहन, रखाल पाहन, मुन्ना पाहन, सोहराई पाहन, बुध्दू पाहन, रतनू मुण्डा, गंगाराम पाहन, उदय पाहन, जितूआ मुण्डा, अमर पाहन आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# लूट कांड में संलिप्त तीन अपराधियों को पकड़कर जेल भेजा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** थाना में गुरूवार को पत्रकारों से प्रेस वार्ता करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा क्रिस्टोफर लकड़ा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक खूंटी को गुप्त सूचना मिली 7 मार्च की रात्रि कर्रा थाना क्षेत्र के सावड़ा जंगल में हाईवा मालिक से लूटपाट और अपहरण कांड में संलिप्त हथियारबंद अपराधी कुलहुटू जंगल में लूटपाट करने के उद्देश्य से एकत्रित होकर योजना बना रहे हैं. जिस पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया. जिसके द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लोधमा रांची मार्ग पर ग्राम कुलहुटू जंगल के पास से अवैध अग्निशस्त्र के साथ कुल तीन अभियुक्तों को छापामारी कर बुधवार को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार अपराधियों में बिनी धान उम्र 19 वर्ष, बावना उर्फ रमेश टूटी उम्र 20 वर्ष दोनों छोटाबारू ग्राम निवासी एवं विजय धान उर्फ अजय कच्छप उम्र 18 वर्ष ग्राम कालामाटी तीनों अभियुक्त खूंटी थाना क्षेत्र के निवासी है गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों के पास से एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस चार मोबाइल फोन व स्कूटी गाड़ी जे एच 23 बी 8868 सहित नगद 10000 रूपया बरामद किया गया है. वही तीन अपराधियों को गुरुवार को खूंटी जेल भेजा गया. छापामारी दल में तोरपा इंस्पेक्टर अशोक सिंह, थाना प्रभारी कर्रा जितेंद्र कुमार, जरियागढ़ थाना प्रभारी आदित्य कुमार, पुअनी भारत भूषण पटेल कर्रा,पुअनी आनंद पंडित तोरपा, टेक्निकल सेल खूंटी और कर्रा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेड्डी ने उच्च अधिकारियों के साथ किया पिपरवार का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेड्डी ने गुरुवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान उनके साथ सीसीएल के पूर्व सीएमडी टीके नाग,पूर्व डायरेक्टर फाइनेंस एसएम चौधरी सहित अन्य सीसीएल के उच्च अधिकारी मौजुद थे। जानकारी के अनुसार पिपरवार आगमन पर बचरा संगम विहार क्लब में पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय ने फूलों का गुलदस्ता देकर सभी अधिकारियों का स्वागत किया।इस दौरान सीएमडी बी वीरा रेड्डी सहित अन्य अधिकारियों ने बचरा स्थित संगम विहार क्लब में पिपरवार क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक कर कोयला उत्पादन संप्रेषण एवं देश के अन्य पावर प्लांट में भेजे जाने वाले कोयले की अद्यतन जानकारी ली,साथ ही उपस्थित अधिकारियों को दिए गए कोयले उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।सीएमडी ने विभागीय अधिकारियों के साथ अशोक परियोजना खुली खदान और पिपरवार में खुलने वाली नई भूमिगत खदान के स्थल का भी औचक निरीक्षण किया। वहीं सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी और कारों में खुल रहे 20 मेगावाट सोलर पावर प्लांट का भी निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारियों के द्वारा अशोक परियोजना स्थित सैनिक व्यू प्वाइंट एवं पीएलआर व्यू प्वाइंट से कोयला खदान का निरीक्षण किया गया,साथ ही वित्तीय वर्ष 2024 25 में कोल इंडिया द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस मौके पर पिपरवार जीएम सीबी सहाय,अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार,सीएचपी सीपीपी परियोजना पदाधिकारी डी कुमार,स्टाफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार,स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जीएसपी शर्मा, स्टॉफ ऑफिसर ईएंडएम जेएन दत्ता,डीपी रोय,नागेश गोपालन,डीके शर्मा, मोहनलाल सिंह,एरिया सिक्योरिटी आफिसर अरुण कुमार महतो सहित सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण करने आए दर्जनों अधिकारी एवं काफी संख्या में स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

# मांडर प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा का युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा व किसान मोर्चा विस्तार कर पुनर्गठन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड के ब्राम्बे पंचायत के तिग्गा कम्पलेक्स में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा व किसान मोर्चा का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रोशन इमानुएल तिग्गा ने किया। उन्होंने कहा कि मंगल पर खंडवा मोर्चा कमेटी का विस्तार कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के मांडर प्रखंड युवा मोर्चा को मजबूत करने की उद्देश्य से प्रखंड कमेटी का विस्तार कर पुनर्गठन किया गया। उन्होंने ने कहा कि अब मांडर की जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता। जनता राज्य के विकास के लिए जातीय राजनीति से उब चुकी है। कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारीयों को समझते हुए जनता के सुख दुःख में शरीक हों। साथ ही आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने का काम करें। इस दौरान सबकी सर्वसम्मति से युवा मोर्चा का अध्यक्ष नेल्सन तिर्की व सचिव मुर्शिद अंसारी को चुना गया। वही उपाध्यक्ष पद के लिए सुधीर टोप्पो व सह सचिव में संदीप उरांव को चुना गया। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा मांडर प्रखंड के अध्यक्ष उस्मान अंसारी, सचिव विजय प्रकाश मिंज एवं उपाध्यक्ष हसन अंसारी शाहबाज अंसारी नवीन पीटर एक्का को चुना गया। वहीं इस दौरान किसान मोर्चा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया वहीं किसान मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष श्याम उरांव सचिव बिरसा मुंडा, उपाध्यक्ष न्यूम अंसारी, सहसचिव दीपा देवी को चुना गया। इस दौरान रांची जिला से युवा मोर्चा के साथ महिला मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा और किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी शामिल हुए।

# कल्याणपुर के रास्ते हो रही कोयला ढुलाई कार्य को ग्रामीणों ने कराया बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर के ग्रामीणो ने गुरुवार को कोयला ढुलाई काम को बंद कर दिया।कल्याणपुर जैसे घनी आबादी वाले इलाकों से कोल ट्रांसपोर्टिंग होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।इसके खिलाफ ग्रामीणों ने कोल वाहनों का परिचालन बंद कर दिया।इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर चट्टी बरियातू कोल माइंस से कोयला ढुलाई कर रही जॉइन्ट बेंचर ऋत्विक तथा प्रगति कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी और मगध कोल परियोजना से कोल ट्रांसपोर्टिंग कार्य कर रही मोनेट कंपनी तथा एनटीपीसी से हो रही ढुलाई कर रही ट्रक और हाईवा वाहन कल्याणपुर जैसे घनी आबादी से गुजर रही है,जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है।वही इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटना होती रहती है।ग्रमीणों का कहना है कि कोल कंपनियों द्वारा बेधड़क पब्लिक मार्गो से कोयला ढुलाई किया जा रहा है।जिससे आम ग्रामीणों से लेकर आवागमन करने वाले राहगीरों को आवागमन करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि कोल वाहनों के परिचालन से जहां दुर्घटना की आंशका बनी रहती है वही धूल-गर्द से ग्रामीण परेशान है।ग्रामीणों ने घनी आबादी वाले इस इलाकों से कोल वाहनों का परिचालन बंद करने की मांग की है,साथ ही चेतावनी दी है कि यदि मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# सांसद पीड़ित दुकानदार से मिले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आज दिनांक 13 3.24 दिन बुधवार को रांची के सांसद श्री संजय सेठ जी नामकुम बाजार स्थित आगजनी से पीड़ित तीन दुकानदारों से जाकर मिले उनका हाल-चाल जाना और मौके पर तीनों दुकानदारों को आर्थिक सहायता प्रदान किया7 विगत एक दिन पहले नामकुम बाजार स्थित तीनों दुकानों में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी7 जिससे तीनों दुकानदार का पूरा सामान जलकर राख हो गया7 जिसमें एक विधवा महिला कपड़ा धुलाई और आयरन करने का काम करती थी दूसरा फल और पूजा सामग्री की दुकान थी तीसरा दुकान खाद्य सामग्री और दैनिक जीवन में काम आने वाली सामग्री की दुकान थी तीनों दुकानदार काफी गरीब थे किसी तरह रोजी रोजगार कर अपना परिवार का भरण पोषण कर रहे थे7 सांसद संजय सेठ जी ने मौके पर उनसे आवेदन प्राप्त किया और रांची उपायुक्त से बात कर इन्हें आर्थिक सहायता आपदा प्रबंधन के तहत दिलाने का भरोसा दिलाया 7विधवा पूनम देवी शंकर रजक और दुकानदार सत्येंद्र प्रसाद यादव ने सांसद जी को धन्यवाद दिया 7मौके पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह मंडल अध्यक्ष खिजरी अशोक मुंडा रामकुमार पाहन गोरखनाथ सिंह समीर राय पिंटू सिंह गोपाल चौधरी रितेश उरांव राम अवतार केरकेट्टा रामाधार सिंह सुराजदीप सिंह सच्चीदा सिंह प्रदीप मेहता सर्वजीत यादव मोनू मिश्रा एवं अन्य उपस्थित थे।

## ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने पीओ से कोयला आवंटन बढ़ाने की मांग की



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर एसोसिएशन पिपरवार क्षेत्र ने अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार से औपचारिक मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सोपा।मांग पत्र में मुख्य रूप से रोजगार हेतु रोड सेल में पर्याप्त मात्रा में कोयला देने की मांग की गई है।ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि पिपरवार क्षेत्र में संचालित रोड सेल के माध्यम से हजारों लोगों का रोजगार चल रहा है।ऐसे मे पर्याप्त मात्रा में कोयला नहीं मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से रोड सेल में पर्याप्त मात्रा में कोयला देने की मांग की गई। वहीं पीओ ने इस पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया। ज्ञापन सोंपने वालों में महेंद्र गंझु,रंथु गंझु,रामबालक गंझु, इदरीश अंसारी,अमर महतो, प्रेम ठाकुर सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## संवेदक संघ की बैठक में आपसी भाईचारा के साथ कार्य करने का लिया गया निर्णय



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के हनुमान मन्दिर बीओसी मे गुरुवार को पिपरवार संवेदक संघ की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संजय पासवान और संचालन राजेंद्र कुमार गुप्ता ने किया।बैठक में मुख्य रुप से आपसी सहयोग और भाईचारा बनाते हुए कार्य करने का निर्णय लिया गया।साथ ही किसी दुसरे संवेदकों के काम में प्रतिस्पर्धा नही करने पर सहमति बनी।बैठक में संवेदकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई एवं सभी को एकजुट होने की अपील की गई।बैठक मे आगामी 20 मार्च को राय कोलियरी स्थित शिव मंदिर के नीचे पंप हाउस के समीप सपही नदी के तट पर होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।इस कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र के सभी संवेदकों से उपस्थित होने की अपील की गई।इस बैठक में मुख्य रुप से सुजीत सिंह, अर्जुन महतो,कमलजीत सिंह,राजकुमार सिंह,अनिल यादव,यमुना प्रसाद,कुलदीप राम,बैजनाथ साव,संतोष कुमार,प्रकाश राणा,राजेन्द्र गंझु,सीटु शाही,काशीनाथ महतो सहित सिविल विभाग के संवेदक उपस्थित थें।

## संकेत व दूरसंचार विभाग संघ द्वारा मनाया गया काला दिवस



**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संकेत एवं दूरसंचार मेंटेनेंस यूनियन के द्वारा आज पूरे देश भर में रेलवे प्रशासन के खिलाफ अपने बाजू पर काला पट्टी और उपवास रखकर काला दिवस मनाया गया द्य रेलवे में एकमात्र विभाग संकेत और दूरसंचार है जिसमें कर्मचारियों के द्वारा आज भी चौबीस घंटे का काम लिया जा रहा है जो की ॥ह्रश्वक्र2005 रेलवे कार्य नियम का उल्लंघन है, चौबीस घंटे काम में व्यस्त रहने के कारण कर्मचारी दिन पर दिन मानसिक और शारीरिक बीमारियों के चपेट में आ रहे हैं। रांची मंडल यूनियन के पदाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले कुछ ही महीनो में देश भर में इस विभाग के दर्जनों कर्मचारी काम के दौरान रन ओवर का शिकार हुए हैं । रेलवे बोर्ड के द्वारा संकेत एवं दूरसंचार विभाग में रात्रि विफलता गैंग और आठ घंटे का ड्यूटी रोस्टर लागू करने का आदेश कई बार आ चुका है, फिर भी इसे प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अब तक लागू नहीं किया गया है। आमजनमन को जरूरतों को ध्यान में रखकर दिन पर दिन रेलवे में ट्रेनों की संख्या बढ़ती जा रही है और रेलवे के सुरक्षित परिचालन में सबसे बड़ी भूमिका एस × टी विभाग का ही होता है। रेलवे प्रशासन द्वारा कर्मचारियों पर जिस तरह चौबीस घंटे का काम का दबाव बनाया जा रहा है उससे साफ प्रतीत होता है कि रेलवे को अपने यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा का थोड़ा भी चिंता नहीं है। जबकि दुर्भाग्यपूर्ण बालाशोर जैसी दर्दनाक घटनाएं घटित होने के बाद भी रेलवे प्रशासन को आज तक यह समझ में नहीं आया कि संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को मानसिक और शारीरिक आराम की आवश्यकता क्यों है। दिन पर दिन रेलवे में और भी अधिक सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के लिए सुरक्षा यंत्र बढ़ते जा रहे हैं और जबकि कर्मचारियों की संख्या में कमी होते जा रही है जो कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं उनके काम का बोझ भी मौजूद कर्मचारियों पर ही डाल दिया जा रहा है जो रेलवे की सुरक्षा के लिए खतरा है ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

वर्ष 11, अंक 74

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार

15.03.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

सफलता आपको तब तक प्राप्त नहीं हो सकती, जब तक आप गलती के बारे में सोचते रहेंगे।

### रोजा का समय

**इफ्तार** (15.03.24): शाम 05:59 बजे

**सेहरी** (16.03.2024) 04 : 35 बजे

Sreeleathers

66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्विक न्यूज

### गडकरी ने कर्नाटक की 295 सड़क विकास परियोजनाओं के लिए 1385.60 करोड़ रुपये किया मंजूर

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कर्नाटक के विभिन्न जिलों में सीआरआईएफ योजना के अंतर्गत 295 सड़क विकास परियोजनाओं को बढ़ाने और सुदृढ़ीकरण के लिए 1385.60 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी गई है। इन सड़क परियोजनाओं की कुल लंबाई 2055.62 किलोमीटर है।गडकरी ने एक पोस्ट में कहा कि इस प्रयास का उद्देश्य न केवल बुनियादी ढांचे को उन्नत करना है बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कनेक्टिविटी में सुधार करना भी है।

### पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली :** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री परनीत कौर गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील झाखड़ और पार्टी महासचिव तरुण चुग एवं अरुण सिंह मौजूद रहे। कौर पटियाला से चार बार कांग्रेस की सांसद रही हैं। पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वे अपने निर्वाचन क्षेत्र, राज्य और देश के लिए काम करना चाहती हैं। कांग्रेस के साथ उनकी पारी अच्छी रही और उन्हें उम्मीद है कि भाजपा के साथ भी उनकी पारी बेहतर होगी। उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ाना है या नहीं, यह भाजपा पर निर्भर है। उल्लेखनीय है कि कैप्टन अमरिंदर सिंह पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

### झारखंड में 16 से 18 तक बारिश व वज्रपात की चेतावनी

**रांची :** झारखंड में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदलेगा. मौसम केंद्र ने 16 से 18 मार्च तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. जारी अलर्ट में तेज हवा के साथ ठनका गिरने की भी चेतावनी दी गई है. साथ ही लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है. मौसम विभाग के अनुसार, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो, खूंटी, पूर्वी, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां जिला में बारिश होगी. मौसम विभाग के अनुसार 16 से 18 मार्च के बीच पांच डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है.

20 मार्च को भी बारिश की आशंका जताई गई है, जिसका असर राज्यभर में दिखेगा.15 मार्च को राज्य के दक्षिणी हिस्से में आंशिक बादल भी छाए रह सकते हैं.

### बंगाल सीएम ममता बनर्जी के सिर पर लगी गंभीर चोट, भर्ती

**कोलकाता :** सीएम ममता बनर्जी चोटिल हो गई हैं. टीएमसी ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी जानकारी दी है. टीएमसी ने लिखा कि हमारी चेयरपर्सन को गंभीर चोट आई है. उनके लिए दुआ कीजिए. सीएम ममता की एक तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें उनके माथे से खून निकलता दिख रहा है. उन्हें कोलकाता के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है.



### रांची का तापमान

अधिकतम 26°

न्यूनतम 12°

---

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली चयन समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# सुखबीर सिंह संधू और ज्ञानेश बने चुनाव आयुक्त

**समिति के सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने इस बाबत कहा कि आज दो इलेक्शन कमिश्नर के चयन की मीटिंग हुई। चुनाव केलिए पद रिक्त नहीं होना चाहिए, हम यह मानते हैं। इस समिति में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, अर्जुनराम मेघवाल और अधीर रंजन चौधरी शामिल थे। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि इस बैठक में 6 नामों पर चर्चा की गई। उनके मुताबिक इस बैठक में उत्पल कुमार सिंह, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, ज्ञानेश कुमार, इंदीवीर पांडेय, सुखबीर सिंह, गंगाधर राहत के नामों पर चर्चा की गई।**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग में खाली चुनाव आयुक्तों के 2 पदों पर नियुक्ति हो चुकी है। इन पदों के लिए सुखबीर सिंह संधू और ज्ञानेश कुमार को चुना गया है। इस बाबत पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समिति की बैठक की गई थी, जिसके बाद इन दोनों नामों पर मुहर लग गई है। समिति के सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने इस बाबत कहा कि आज दो इलेक्शन कमिश्नर के चयन की मीटिंग हुई। चुनाव केलिए पद रिक्त नहीं होना चाहिए, हम यह मानते हैं। इस समिति में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, अर्जुनराम मेघवाल और अधीर रंजन चौधरी शामिल थे। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि इस बैठक में 6 नामों पर चर्चा की गई। उनके मुताबिक इस बैठक में उत्पल कुमार सिंह, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, ज्ञानेश कुमार, इंदीवीर पांडेय, सुखबीर सिंह, गंगाधर राहत के नामों पर चर्चा की गई। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मैंने पहले ही एक शॉर्टलिस्ट मांगा था। मतलब छोटी सूची हमें सौंपी जाए। मुझे जो सूची दी गई थी, उसमें 212 नाम थे। हमारी कमेटी में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल हैं। यानि सराकर की बहुमत है। सरकार के मुताबिक ही चुनाव आयुक्त का चयन होगा।

### चुनाव आयुक्तों के चयन की प्रक्रिया को मैं मान्यता नहीं देता : अधीर रंजन चौधरी

चुनाव आयुक्तों के चयन की इस प्रक्रिया को मैं मान्यता नहीं देता हूं। मैंने बारी से डीसेंट नोट दिया है। मैंने कहा, मैं नहीं मानता, लोकतंत्र के इतने बड़े पद, इतने कद्दावर नेता का नाम मेरे हाथ में औपचारिकता है। मुझे 212 नाम दिए गए थे। आखिरी के 10 मिनट में 6 नाम दिए गए। यही डिटेंस नोट मैंने दिया। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि वे चुनाव आयुक्तों के चयन की इस प्रक्रिया को नहीं मानते हैं और मान्यता नहीं देते हैं। बता दें कि चुनाव आयुक्त के इस्तीफे के बाद से यह पद खाली हो गया था। साथ ही लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस पद पर नियुक्ति बेहद अहम थी।

### चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट जल्द करेगा सुनवाई

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े नए कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गई है। यह चुनौती एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) ने दी है। एडीआर ने मांग की है कि पुराने नियमों की तरह चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति में मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाए। सुप्रीम कोर्ट एडीआर की याचिका पर जल्द सुनवाई कर सकता है।

---

रांची में देश की 5वीं व पूर्वी भारत की पहली अत्याधुनिक हनी टेस्टिंग लैब का हुआ शिलान्यास

# मीठी क्रांति का हब बनेगा झारखंड : अर्जुन मुंडा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को रांची में देश की पांचवीं एवं पूर्वी क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक वृहद शहद परीक्षण प्रयोगशाला तथा एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र, बांस संवर्धन परियोजना एवं अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस क्षेत्र से कभी शहद का निर्यात नहीं हुआ। जबकि शहद उत्पादन के लिए यह एक बड़ा क्षेत्र है। क्षेत्र में शहद उत्पादन की काफी संभावना है, जिसका उपयोग किसानों की आय बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। क्षेत्र की लगभग 30 प्रतिशत भूमि जंगल से ढंकी हुई है, जिसमें प्रचुर मात्रा में फसलें, फल, सब्जियां और जंगली पेड़ हैं, जो शहद उत्पादन के लिए सबसे महत्वपूर्ण संसाधन हैं। देश में शहद का उत्पादन बढ़ रहा है और इसका निर्यात भी बढ़ रहा है।

**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान व मधुमक्खीपालक शामिल हुए। राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन व शहद मिशन एवं कृषि विज्ञान केंद्र-खूंटी, रांची, गुमला, सिमडेगा, सराईकेला, पश्चिमी सिंहभूम सहित विभिन्न संस्थान सहभागी रहे।**

शहद परीक्षण प्रयोगशालाएं उत्पादित शहद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मदद करेंगी। मधुमक्खी बॉक्स निर्माण इकाइयां शहद उत्पादन को बढ़ाने में मदद करेंगी। व्यापार, ब्रांडिंग और विपणन इकाइयां घरेलू व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहद की बिक्री को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। साथ ही मधुमक्खी पालकों और किसानों को भी लाभान्वित करेंगी और झारखंड मीठी क्रांति का हब बनेगा। मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों तथा किसानों को केंद्र सरकार ने हमेशा प्राथमिकता पर रखा है। भारत किसानों का देश है, यह समझते हुए केंद्र सरकार गारंटी से काम कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान व मधुमक्खीपालक शामिल हुए। राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन व शहद मिशन एवं कृषि विज्ञान केंद्र-खूंटी, रांची, गुमला, सिमडेगा, सराईकेला, पश्चिमी सिंहभूम सहित विभिन्न संस्थान सहभागी रहे। रांची सांसद संजय सेठ, पद्मश्री अशोक भगत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

## राज्यसभा चुनाव : डॉ. प्रदीप वर्मा और डॉ. सरफराज अहमद निर्विरोध निर्वाचित



प्रभम मंत्र संवाददाता

**रांची** : डॉ. प्रदीप वर्मा और डॉ. सरफराज अहमद राज्यसभा चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं. नामांकन वापसी की समय सीमा गुरुवार 14 मार्च को दिन के 3 बजे समाप्त होते ही निर्वाची पदाधिकारी सैयद जावेद हैदर ने इसकी औपचारिक घोषणा कर दी. राज्यसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के समक्ष दोनों निर्वाचित प्रत्याशी को चुनाव आयोग का प्रमाण पत्र सौंपा गया.प्रमाण पत्र सौंपने के दौरान प्रभारी सचिव सह निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, भाजपा विधायक सीपी सिंह, पूर्व बीजेपी अध्यक्ष रविन्द्र राय सहित कई नेता मौजूद थे. वहीं, महागठबंधन की ओर से सरफराज अहमद के साथ राज्यसभा सांसद महुआ माजी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई कार्यकर्ता दिखे. निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद बीजेपी के डॉ प्रदीप वर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और पीएम मोदी के प्रति आभार हुए कहा कि जिस उम्मीद के साथ मुझे देश के सर्वोच्च सदन में जाने का अवसर प्रदान किया गया है उसकी मर्यादा को जरूर रखूंगा. झारखंड में कई तरह की समस्या जिसके समाधान के लिए प्रयास करुंगा. वहीं सरफराज अहमद ने हेमंत सोरेन और गुरु जी शिबू सोरेन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के द्वारा जो आश्वासन दिया गया था उसे पूरा किया गया महागठबंधन के सभी सदस्यों का साथ मिलने से मुझे देश के उच्च सदन में जाने का मौका मिला है. मैं झारखंड की सेवा पहले से करता रहा हूं आगे भी करता रहूंगा.

---

# एक राष्ट्र-एक चुनाव पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई रिपोर्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा और राज्यों की विधानसभा सहित विभिन्न निकायों के एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने आज एक राष्ट्र, एक चुनाव पर अपनी रिपोर्ट सौंपी। यह रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई। इसमें सिफारिश की गई है कि त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव की स्थिति में शेष पांच साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। एक साथ चुनाव कराने संबंधी उच्चस्तरीय समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए दो चरणों वाले दृष्टिकोण की सिफारिश की है। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले चरण के रूप में, लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं। इसके बाद 100 दिन के अंदर दूसरे चरण में स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जा सकते हैं। समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, कर्मचारियों और सुरक्षा बलों संबंधी जरूरतों के लिए पहले से योजना बनाने की सिफारिश की। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची, मतदाता पहचान पत्र तैयार करेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई 18000 से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा है कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी।कोविंद ने जब राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपी उस वक्त उनके साथ समिति के सदस्य गृह मंत्री अमित शाह, वित्त आयोग के पूर्व प्रमुख एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद और विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल थे। एक बयान में कहा गया है कि यह रिपोर्ट दो सितंबर 2023 को समिति गठन के बाद से हितधारकों, विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों के शोध कार्य के बाद तैयार की गई है।

---

# कांग्रेस ने किसानों को एमएसपी का कानूनी दर्जा समेत दी पांच गारंटियां

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, पार्टियां वैसे-वैसे मतदाताओं से वादे कर रही हैं। इसी क्रम में कांग्रेस महिलाओं, युवाओं और किसानों से अलग-अलग वादे कर रही है और पार्टी ने किसानों को पांच गारंटी दी है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर किसानों को संबोधित करते हुए लिखा, देश के सभी अन्नदाताओं को मेरा प्रणाम!

कांग्रेस आपके लिए 5 ऐसी गारंटियां लेकर आई है जो आपकी सभी समस्याओं को जड़ से खत्म कर देंगी। उन्होंने किसानों से वादा किया है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर एमएसपी को स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के तहत कानूनी दर्ज़ा दिया जायेगा। इसके साथ ही कांग्रेस ने किसानों के ऋण माफ़ करने और ऋण माफ़ी की राशि निर्धारित करने के लिए



एक स्थायी 'कृषि ऋण माफ़ी आयोग' बनाने का भी वादा किया है। वहीं बीमा योजना में परिवर्तन कर फसल का नुकसान होने पर 30 दिनों के भीतर सीधे बैंक खाते में भुगतान सुनिश्चित करने की बात भी इन गारंटी में की गई है। कांग्रेस ने अपनी गारंटी में नई आयात-निर्यात नीति बनाने की गारंटी की बात कही है। इसके साथ ही पार्टी ने वादा किया है कि उनकी सरकार बनने पर कृषि सामग्रियों से जीएसटी हटा कर किसानों को जीएसटी मुक्त बनाने की गारंटी दी है। पार्टी ने कहा है कि देश की मिट्टी को अपने पसीने से सींचने वाले किसानों के जीवन को खुशहाल बनाना ही कांग्रेस का लक्ष्य है और यह 5 ऐतिहासिक फ़ैसले उसी दिशा में बढ़ाए गए कदम हैं।

---

## पूर्व सीएम के प्रेस सलाहकार, डीएसपी पीके मिश्रा और प्रीति कुमार को ईडी का समन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, हटिया डीएसपी पीके मिश्रा और प्रीति कुमार को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है. ईडी ने पिंटू को 18 मार्च, डीएसपी पीके मिश्रा को 19 मार्च और प्रीति कुमार को 20 मार्च को ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है. इससे पहले भी ईडी ने इन तीनों लोगों से अलग अलग मामले में पूछताछ कर चुकी है.

## एनसीईआरटी के 52 प्राइमर लांच

**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिक्षा के प्रारंभिक चरण में विद्यार्थियों को उनकी मातृभाषाओं में शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने और उन्हें अपनी भाषा में अध्ययन करने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने भारतीय भाषाओं के 52 प्राइमर लांच किये हैं। इनमें झारखंड के आदिवासियों द्वारा बोली जाने वाली तीन भाषा के प्राइमर शामिल हैं। झारखंड के लिए खरिया, मुंडारी और कुड़ुख के प्राइमर तैयार किये गये हैं। शिक्षा मंत्रालय की पहल पर एनसीआरटी ने 17 राज्यों की 52 स्थानीय भाषाओं में प्राइमर तैयार किये हैं। इनमें आदिवासियों द्वारा बोली जाने वाली और स्थानीय स्तर पर प्रचलित भाषाओं को शामिल किया गया है।

## चोरी के 12 मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोवाली थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को चोरी के एक दर्जन गाड़ियों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया व्यक्ति कोवाली थाना क्षेत्र के बड़ा आमदा निवासी शेखर मंडल है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बड़ा आमदा स्थित शेखर मंडल के घर में छिपाकर कई मोटरसाइकिल रखा गया है और गाड़ियों को मॉडिफाइड करने के बाद उसको गांव में ही बेचा जा रहा है। इसकी सूचना के बाद पुलिस ने छापामारी की, जिसके बाद एक नवनिर्मित पक्का मकान से 10 मोटरसाइकिल बरामद किया गया। शेखर मंडल को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी तो बताया कि उनके और साथी मोटरसाइकिल चोरी कर उनको देते थे और वह मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट बदलकर और मोडिफाइ करने के बाद बेचते थे, जो पैसा मिलता था, वे लोग आपस में बांट लेते थे शेखर मंडल की निशानदेही पर पुलिस ने कैरासाई से चोरी का दो मोटरसाइकिल और बरामद किया गया। कुल 12 मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है. पुलिस ने उसको जेल भेज दिया है. पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने का प्रयास में लगी है।

## सुदामा चरित्र का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची श्री रामलीला मैदान में चल रहे भागवत कथा के छठवें दिन गुरूवार को कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज ने श्री सुदामा चरित्र, श्रीमदभागवत, व्यास पूजन, श्रीशुक्रदेव विदाई एवं होली उत्सव की कथा का विस्तार से सुंदर प्रसंग कहा। सर्वज्ञानन्द महाराज ने कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण और सुदामा जी से समझ सकते हैं। हमेशा धर्म की मार्ग पर चले। कर्म करो, फल की इच्छा मत करो। कर्म करने वालों को उचित फल अवश्य मिलता हैं। भगवान के बतायें सच्चाई के रास्ते पर चलने वाला भक्त जीवन में कभी भी हार का सामना नही करता हैं। उन्होंने श्रीमदभागवत कथा के विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा मनोरंजन का साधन नहीं, जन जागरण का रूप है। कहा कि नकारात्मक मानसिक विचारों से ही मनुष्य का पतन होता है। भागवत कथा का सातवें दिन शुक्रवार को हवन एवं पूर्णाहुति के साथ विश्राम होगा। गुरूवार को यजमान क्रमशः चन्द्रा-हरे राम सिंह, गीता-बीएस जायसवाल थे।

## तृतीय मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत सरायकेला खरसावां जिले में प्रशिक्षण कोषांग द्वारा आज 9 प्रखंडों के तृतीय मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रथम पारी में चांडिल अनुमंडल के कुकरू प्रखंड से 83 पुरुष एवं 29 महिला, चांडिल प्रखंड से 86 पुरुष एवं 43 महिला, नीमड़ीह प्रखंड से 92 पुरुष एवं 29 महिला,ईचागढ़ प्रखंड से 15 पुरुष एवं 23 महिला तृतीय मतदान पदाधिकारी उपस्थित हुए। दूसरी पारी में सरायकेला अनुमंडल के सरायकेला प्रखंड से 188 पुरूष एवं 51 महिला, खरसावां प्रखंड से 121 पुरूष एवं 27 महिला, राजनगर प्रखंड से 140 पुरूष एवं 55 महिला, कुचाई प्रखंड से 117 पुरूष एवं 25 महिला,गम्हरिया प्रखंड से 288 पुरूष एवं 141 महिला तृतीय मतदान पदाधिकारी उपस्थित हुए।आज के प्रशिक्षण में सभी पी3 को मतदान के पूर्व , मतदान के दौरान एवं मतदान के पश्चात होने वाली तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी को ई वी एम हैंड्स ऑन कराया गया। बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्हें जोड़ने एवं सीलिंग की प्रक्रिया बताई गई।

## आवश्यक आराम करने की क्षमता से प्रभावित होती है नींद : डॉ आर पी सामंता

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वर्ल्ड स्लीप डे प्रतिवर्ष लोगों के बीच नींद के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है, जो एक सामान्य विशेषाधिकार है लेकिन विभिन्न कारकों, विशेष रूप से व्यस्त आधुनिक जीवनशैली के कारण इसके साथ समझौता किया जाता है।यह प्रत्येक वर्ष वसंत ऋतु इक्वीनॉक्स से पहले शुक्रवार को मनाया जाता है। इस वर्ष यह 15 मार्च को है। नींद संबंधी विकार ऐसी स्थितियाँ हैं जो किसी व्यक्ति को रात में मिलने वाली नींद की गुणवत्ता, मात्रा और समय को प्रभावित करती हैं। ये स्थितियाँ व्यक्ति की उचित कार्यप्रणाली के लिए आवश्यक आराम करने की क्षमता को प्रभावित करती हैं। 80 से अधिक ऐसे नींद संबंधी विकार हैं जो नींद की गुणवत्ता (आप कितनी अच्छी नींद लेते हैं), नींद का समय (आप कब सोते हैं और क्या आप सोते रह सकते हैं) और नींद की मात्रा (आप कितनी नींद लेते हैं और नींद के बाद कितना जागते हैं) को प्रभावित कर सकते हैं।

# खुकड़ाडीह चौक से दयाल सिटी समेत 15 सड़कों के निर्माण को लेकर विधायक ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जमशेदपुर एवं बोड़ाम प्रखंड में जर्जर सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराने हेतु गुरुवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के साथ मुलाकात की और उन्हें 16 सड़कों के निर्माण को लेकर एक ज्ञापन सौपा। सड़कों में जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत खुकड़ाडीह चौक से बड़ा गोविन्दपुर होते हुए दयाल सिटी तक पथ का मरम्मती एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, वैद्यनाथडीह, बाछाई नाला से खैरबनी रेलवे फाटक तक पथ का निर्माण कार्य, कासकोम गोड़ा चौक से वैद्यनाथडीह शांतिपुर तक पथ का निर्माण कार्य, बाबनीडीह चौक से लेकर किस्कु के घर से होते हुए निबारण मुर्मू के घर तक पथ का निर्माण कार्य, खैरबनी आखाडा से फैक्ट्री तक पथ का निर्माण कार्य, एनएच 33, बागेश्वर मंदिर से कालाझोर, छिटकीबासा होते हुए टैगरागोड़ा कैनाल तक पथ का निर्माण कार्य, सारजमदा पुलिया से नाला किनारे होते हुए राहरगोड़ा जयश्री इन्टरप्राइजेज के आगे मोड़ तक, लाल किस्कु के घर ट्रांसफॉर्मर के पास से डीवीसी चहारदीवारी होते हुए डीवीसी मेन गेट तक एवं लक्खा सिंह के घर से राहरगोड़ा नाला तक पथ का निर्माण, खकड़ीपाड़ा पंचायत अंतर्गत बड़ा गोविन्दपुर कैनल के सामने से जाहेरस्थान होते हुए बिना पानी स्कूल तक सड़क का निर्माण, परसुडीह छोटा हनुमान मंदिर से कोचा कुल्ही होते हुए छेलागोड़ा तक एवं हनुमान मंदिर से सुन्दरनगर मुख्य सड़क तक सड़क का निर्माण, गोविन्दपुर रेलवे फाटक के पास काली मंदिर के सामने से साई मंदिर, छोटा गोविन्दपुर बस्ती होते हुए यशोदा नगर मुख्य गेट तक सड़क का निर्माण, पंचायत लुआबासा के ग्राम केशीकुदर में खेदाटाड़ फुटबॉल मैदान से गुरुकुल होते हुए हनुमान मंदिर तक लगभग 1 कलोमीटर सड़क का निर्माण, पंचायत पंश्चिम हलुदबनी में शीतला चौक से सिद्धों- कान्हू चौक होते हुए सुन्दरनगर केनाल तक एवं त्रिवेणी चौक से तारा मंदिर होते हुए सिद्धों कान्हू चौक तक लगभग 01 किलोमीटर सड़क का निर्माण, पंचायत पंश्चिम हलुदबनी में प्रथम नगर हड़िया भट्ठी से लोकनाथ मंदिर होते हुए उज्वल सुर के दुकान होते हुए टेम्पल रोड से हलुदबनी अंबिका बेनर्जी के घर तक लगभग 01 किलोमीटर सड़क का निर्माण, पंचायत पंश्चिम हलुदबनी में हलुदबनी जोबा रोड होते हुए सोनार तोड़ी बिल्डिंग होते हुए उज्वल सुर के दुकान तक लगभग 01 किलोमीटर सड़क का निर्माण, पंचायत मध्य हलुदबनी में छोटा हनुमान मंदिर से स्वर्णकार पाड़ा होते हुए छेलागोड़ा बिरसा चौक तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क का निर्माण, बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत अंधारझोर में डोमन रुहिदास के घर से भादुडीह बोड़ाम मुख्य पथ तक निर्माण कार्य शामिल हैं।

## कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन हेतु चयन समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा 6 के होने वाले नामांकन को लेकर गुरुवार को पटमदा प्रखंड कार्यालय में चयन समिति की बैठक बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय के वार्डेन रजनी मुर्मू ने चयन समिति के पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि एस सी कोटा में 04, एसटी कोटा में 23, ओबीसी कोटा में 28, अल्पसंख्यक 01 जेनरल/बीपीएल कोटा से 19 कुल 75 छात्राओं की कक्षा 6 में नामांकन होना है। इसके विरुद्ध कुल 248 आवेदन प्राप्त हुई है। निर्णय लिया गया कि 16 मार्च को पुनः बैठक आयोजित कर नामांकन हेतु छात्राओं की चयन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। जिला पार्षद प्रदीप बेसरा ने कहा कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार ही छात्राओं का चयन किया जाय। उन्होंने पटमदा प्रखंड के नक्सल प्रभावित जोड़सा व गोबरघुसी पंचायत के छात्राओं को नामांकन में प्राथमिकता देने की मांग रखी है। बैठक में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सांसद प्रतिनिधि महाबीर महतो, जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, प्रदीप बेसरा, प्रमुख बालिका सोरेन, बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज, बीईईओ प्रभाकर कुमार, ज्योत्स्ना महतो, मुखिया कानुराम बेसरा समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## बोड़ाम के रघुनाथपुर रोड में खुला टीवीएस शोरूम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम बाजार के समीप रघुनाथपुर रोड में बुधवार को टीवीएस के नए शोरूम का उद्घाटन बुजुर्ग महिला सह समाजसेविका करुणा मंडल ने मुखिया रूपा सिंह सरदार व पंसस देवयानी दास के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, टीवीएस के टैरिटोरी मैनेजर अभिमन्यु सिकरवार, राजीव रंजन, देवाशीष बर्मन, सब डीलर विजय कुमार मंडल, प्रदीप पैड़ा, विनय मंडल, शरत महतो, विश्वजीत मंडल व वीरेन मंडल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस संबंध में अभिमन्यु सिकरवार ने बताया कि पूर्व में सात नाला रोड पर यह सीजन काउंटर के रूप में चल रहा था, नया भवन बनने के बाद अब यहीं टीवीएस का अधिकृत शोरूम चलेगा। पहले दिन 3 बाइकों की बिक्री हुई।

## युवा उत्सव कला कार्निवल के विजेता हुए सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज साकची प्रांगण में आर्टिस्ट ऑफ़ जमशेदपुर एवं सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ़आर्ट्स एंड कल्चर के संयुक्त तत्वाधान में आज युवा उत्सव कला कार्निवल का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज़, स्पार्क के संयोजक डॉ याहिया इब्राहिम, कथक नृत्यकार एवं नृत्यांगन के संस्थापक संदीप बोस, ज़िला अध्यक्ष लायंस अंतराष्ट्रीय एवं सामाजिक सांस्कृतिक कार्यकर्ता पुरबी घोष उपस्थित थी। कला कार्निवल में नृत्य, संगीत, चित्रकला, निबंध, कविता फैंसी ड्रेस फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी आदि प्रतियोगिताओ के विजेताओं को सम्मानित किया गया।करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज़ ने कहा कि कला एवं साहित्य किसी भी सभ्य समाज की धरोहर होती है। साथ ही उन्होंने स्पार्क एवं आर्टिस्ट ऑफ़ जमशेदपुर को कला कार्निवल के आयोजन के लिए बधाई दी।

## काशी साहू महाविद्यालय के गणित विभाग में मनाया गया पाई डे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** काशी साहू महाविद्यालय, सरायकेला के गणित विभाग में गुरुवार को प्रिंसिपल डा बी एन प्रसाद के अध्यक्षता में पाई दिवस मनाया गया। गणित के सेमेस्टर वन की छात्र छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता, सेमेस्टर टू के छात्र छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता एवं सेमेस्टर फाइव के छात्र छात्राओं के लिए पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा छात्र छात्राओं को पाई दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। गणित में पाई की उपयोगिता क्या है, 14 मार्च को ही 1 बजकर 59 मिनट में ही पाई दिवस क्यों मनाया जाता है इस पर विस्तृत जानकारी दिए।गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डा बी के सिन्हा ने कहा की इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्र छात्राओं का चहुमुखी विकास होता है। उड़िया विभागाध्यक्ष डा मनोज महापात्र ने जीवन में गणित की उपयोगिता पर प्रकाश डाले।

# ईचागढ़ विधायक और जिप सदस्य ने धुनाबुरु में किया ग्रामीण जलापूर्ति योजना का भूमिपूजन

### *71 गांव के 10 हजार परिवारों को मिलेगा नल से पानी*



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** अनुमंडल क्षेत्र चांडिल के धुनाबुरु में गुरुवार को ग्रामीण जलापूर्ति योजना का भूमिपूजन ईचागढ़ विधायक सविता महतो एवं जिप सदस्य सविता मार्डी ने संयुक्त रूप से किया। गत 12 जनवारी 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिलान्यास किया गया था। यह योजना लगभग 93 करोड़ की लागत से निर्माण होना है ।जिसमें कुल 37 किलोमीटर पाइपलाइन बिछेगा एवं पानी टंकी का निर्माण होगा। इससे चांडिल प्रखंड में 6 पंचायत एवं ईचागढ़ प्रखंड के 5 पंचायत के 71 गांव में कुल 10 हजार परिवारों को हर घर नल योजना से पानी मिलेगी। यह योजना दिसंबर 2024 तक कार्य पुर्ण होगी। इस मौके पर कृष्ण किशोर महतो,लंबोदर महतो,कबलू महतो आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# 200 लखपति दीदियों को मिला सम्मान पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के लच्छीपुर आजीविका महिला संकुल स्तरीय स्वाबलंबी सहयोग समिति लिमिटेड के द्वारा गुरुवार को पंचायत भवन बांसगड़ में लच्छीपुर कलस्टर से जुड़े लावा, लच्छीपुर, जोड़सा व गोबरघुसी गांव के बैंकों/ समूह से एक लाख से अधिक ऋण लेने वाले 200 लखपति दीदियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेजे गए सम्मान पत्र का वितरण किया गया। साथ ही अपो गांव के पस्तु वाला सिंह, लखी वाला सिंह व सिसदा गांव के तिलका सिंह को फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत 10 - 10 हजार रुपये का चेक सौंपा गया। संकुल संगठन लेखापाल अक्षय कुंभकार ने बताया कि लच्छीपुर कलस्टर अंतर्गत चार पंचायतों के विभिन्न समूहों के करीब तीन सौ से अधिक दीदियों ने एक लाख से अधिक ऋण लेकर खेतिकार्य व अन्य व्यवसाय कर रहे हैं। वैसे दीदियों को चिन्हित कर सम्मानित किया जा रहा है। इस दौरान बंदना महतो, ज्योत्स्ना बोदरा, बिनय दे, पायो रानी मुर्मू, सेफाली सिंह, सांतना सिंह, जयंती सिंह, लक्ष्मी गोराई, सोनी दत्त, रिंकू रानी महतो, धनंजय तंतुबाई, लालु सबर आदि शामिल थे।

## आरएफ डेवलपमेंट लीग : जमशेदपुर एफसी रिजर्व्स और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच मैच ड्रा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग में जमशेदपुर एफसी रिजर्व्स ने ईस्ट बंगाल एफसी को बराबरी पर रोका दिया है। दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला ड्रा में समाप्त हुआ। जमशेदपुर एफसी रिजर्व्स ने 14वें मिनट में बिवन ज्योति लस्कर के गोल से तेजी से बढ़त बना ली। ईस्ट बंगाल एफसी की वापसी के अथक प्रयासों के बावजूद, जमशेदपुर एफसी की डिफेंस दृढ़ रही और अपने विरोधियों को बराबरी के किसी भी अवसर से दूर रखा।जैसे ही पहला हाफ समाप्त होने के करीब आया, जमशेदपुर एफसी ने 45+3वें मिनट में लालहरियातपुइया चावंगथु के गोल से अपनी बढ़त बढ़ा दी। दूसरे हाफ में ईस्ट बंगाल एफसी ने 65वें मिनट में तन्मय दास और 88वें मिनट में अभिषेक बक्सला के गोल से खेल में वापसी की। अभिषेक बक्सला ने 90प्लूस 5वें मिनट में फिर से गोल किया और ईस्ट बंगाल एफसी की जीत लगभग पक्की कर दी. हालाँकि, जमशेदपुर एफसी ने हार अभी नहीं मानी थी और पल्लुजाम रोहन सिंह ने नेट के पीछे से गोल करके अपनी टीम के लिए एक अंक बचाया और यह सुनिश्चित किया कि मैच रोमांचक ड्रा में समाप्त हो। जमशेदपुर एफसी रिजर्व्स का अगला मैच 18 मार्च को एएसओएस फुटबॉल ग्राउंड पर मोहम्मडन एससी से होगा।

## क्लबफुट रोग उपचार को जिला प्रशासन, टीएसएफ व अनुष्का फाउंडेशन के बीच हुआ एमओयू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल की उपस्थिति में जिला प्रशासन और टाटा स्टील फाउंडेशन एवं अनुष्का फाउंडेशन के बीच एमओयू हुआ। एमयूओ पर हस्ताक्षर सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रतिनिधि तथा अनुष्का फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने किया। एमओयू के तहत आगामी दिनों में सदर अस्पताल, जमशेदपुर में साप्ताहिक क्लबफुट क्लिनिक का संचालन किया जायेगा। इसके तहत दो साल से कम उम्र के बच्चों को चिन्हित कर उनके माता-पिता और अभिभावकों को उपचार संबंधित सभी जानकारी दी जाएगी और समुचित इलाज किया जायेगा। इस मौके पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि बच्चों में क्लबफुट रोग को जल्दी डिटेक्ट करते हुए उपचार किया जाए, इस दिशा में कार्य करने के लिए जिला प्रशासन और टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच एमओयू किया गया है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आज भी क्लबफुट रोग और उसके उपचार के बारे में प्रयाप्त जानकारी नहीं है। इसके बाद बच्चों के पैरों की विकृति ठीक हो जाती है। जमशेदपुर के सदर अस्पताल में अनुष्का फाउंडेशन द्वारा जल्द इसका इलाज शुरू किया जायेगा। उक्त मौके पर सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी, टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रतिनिधि, अनुष्का संस्था के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### *ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल में वर्ल्ड किडनी डे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित*

## बिगड़ी हुई जीवन शैली के कारण किडनी रोग के मरीजों में तेजी से हो रही वृद्धि : डॉ वाहिद खान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया जमशेदपुर में किडनी हेल्थ के महत्व को समझाने एवं किडनी को स्वस्थ रखने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियां की गई जिसमें किडनी के समस्याओं के लक्षण और उनके उपचार के बारे में जानकारी सत्र, निःशुल्क ब्लड प्रेशर स्क्रीनिंग कैंप, उपयुक्त आहार और जीवन शैली के बारे में सलाह और टिप्स के सत्र एवं किडनी के स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर डिस्प्ले की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्लीनिकल डायरेक्टर डॉ एम एल अली, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ मुकेश कुमार और किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ वाहिद खान एवं डॉ सुजीत कुमार उपस्थित थे। मौके पर डॉ वाहिद खान ने बताया कि वर्तमान समय में किडनी स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण समस्या बन चुकी है। डायबीटीज रोग, हाई ब्लड प्रेशर एवं बिगड़ी हुई जीवन शैली के कारण इसमें तेजी से वृद्धि हो रही है। भाग दौड़ के जीवन में अस्त व्यस्त खान पान, अत्यधिक तनाव और अपर्याप्त व्यायाम की आदतों से किडनी के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा है। उन्होंने सेल्फ मेडिकेशन के दुष्परिणाम के बारे में बताते हुए कहा कि ज्यादातर लोग स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के लिए खुद से दवाईयां खरीद कर खाने लगते है। इससे हमें परहेज करना चाहिए क्योंकि यह किडनी की समस्या को पैदा कर सकता है। अतः हमें विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। संस्थान के फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने बताया कि प्रतिवर्ष 14 मार्च को किडनी को स्वस्थ रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, और नियमित चेकअप के महत्व को रेखांकित करना है।

# जमशेदपुर से कैब एग्रीगेटर सुग्गा दऑनेस्टटैक्सी की शुरुआत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** से कैब एग्रीगेटर सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी की शुरुआत हो रही है। कैब एग्रीगेटर की फील्ड में उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव और ड्राइवरों को केंद्र बिंदु में रखना कंपनी का प्रमुख विजन है। कंपनी के फाउंडर व डायरेक्टर विकास सिंह, अनुराग गौतम, विशाल मिश्रा, कनाडा निवासी राजीव झा व सुमित मेहरा है। हरजीत सिंह कंपनी के सीईओ है। सुग्गा भारत के विभिन्न राज्यों में अपनी सेवाओं का विस्तार करेगी। फाउंडर (विकास सिंह, अनुराग गौतम, विशाल मिश्रा) के निजी अनुभवों ने उन्हें सुग्गा की शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया. फाउंडर विकास सिंह ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे अपनी महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए दिल्ली गए हुए थे। एयरपोर्ट से मीटिंग वेन्यू जाने के लिए उन्होंने कैब किया पर लगातार कैंब कैंसिलेशन के कारण उनकी मीटिंग बाधित हुई। ऐसे ही वे जब दिल्ली एयरपोर्ट से अन्य कैब एग्रीगेटर की गाड़ी में सफर कर रहे थे तो उन्होंने ड्राइवर से बातचीत की जिसमें पता चला कि आज के राइड के लिए 1200 रुपए जो उन्होंने कैब एग्रीगेटर कंपनी को दिए थे, उसमें से मात्र 650 रुपए ही ड्राइवर को मिले. ड्राइवर ने उन्हें बताया कि उन्हें भी प्राइस ब्रेकअप डिटेल नहीं दिया जाता है। ड्राइवर से बातचीत में विकास सिंह ने पाया कि वह काफी दुखी है। इससे पता चलता है कि ड्राइवरों एवं रायडरो के साथ कैब एग्रीगेटरों की डीलिंग में ट्रांसपेरेंसी नहीं है। यह सब देखते हुए फाउंडरों ने तय किया कि एक ऐसी नई कैब एग्रीगेटर कंपनी चालू की जाए, जो ड्राइवरों को रिटायरमेंट सिक्योरिटी, ड्राइवर और रायडरों के लिए फेयर ट्रांसपेरेंसी, 24/7 सपोर्ट सर्विस, ड्राइवरों से सबसे कम कमीशन और दिन प्रतिदिन उनके आय में बढ़ोतरी, इंस्टेंट विथड्रावल ऑफ मनी की सुविधा दे ताकि ड्राइवरों के दैनिक जीवन में सुधार हो सके।

संपादकीय

# बदला भारत

**बदला** भारत अरुणाचल प्रदेश में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर निर्मित सेला सुरंग का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उद्घाटन करके सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सीमांत क्षेत्र में सैनिकों के लिए सुगमता प्रदान करने का सराहनीय प्रयास किया है। असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेग जिले से जोड़ने वाली सड़क पर 825 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस सुरंग को इतनी ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी दोहरी लेन वाली सुरंग माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 9 फरवरी 2019 ठीक पांच साल पहले इस सुरंग का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही किया था। समय के अनुसार ही सुरंग का कार्य संपन्न हुआ इसीलिए अपने द्वारा शिलान्यास और उद्घाटन दोनों का अवसर मोदी जी को मिल सका। असल में सीमांत क्षेत्र में विशेष रूप से भारत और चीन के सीमावर्ती संवेदनशील राज्यों में जरूरत के मुताबिक सड़वें और सुरंगे नहीं बन पाईं हैं। इसके दो कारण पहला तो संसाधन का अभाव और दूसरा पूर्ववर्ती सरकारों की ढुलमुल नीति। भारत की केन्द्र सरकारें इस बात को महसूस ही नहीं करती थीं कि चीन और पाकिस्तान सीमा पर समुचित सड़क, सुरंग और पुल होने चाहिए। हमेशा संसाधनों का टोटा का रोना रोते रहे। यही नहीं संसद में तो एक सरकार के रक्षामंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की नीति है कि वह सीमांत प्रदेशों में ढांचागत विकास नहीं करेगी। अपने उत्तर के दौरान उन्होंने जो कारण बताया वह भी कम हास्यास्पद नहीं था। डा. मनमोहन सिंह की सरकार के रक्षामंत्री ने कहा कि सीमा विकास की अपेक्षा बिल्वुल विकास न हो तो वह देश की सुरक्षा के लिए ज्यादा अच्छा होगा। उन्होंने यह भी कहा था कि हमारे द्वारा बनाए पुलों, सड़कों और सुरंगों का इस्तेमाल शत्रु सेना करेगी जो हमारे लिए आत्मघाती साबित होगा। सच तो यह है कि तत्कालीन रक्षामंत्री जिस सरकार की तरफ से संसद में जवाब दे रहे थे, वह सरकार चीन की नाराजगी बर्दास्त करने की स्थिति में नहीं थी। उसके कईं कारण थे जो जगजाहिर हैं। पिछली सरकार की अपेक्षा मोदी सरकार चीन को इस बात का एहसास कराना चाहती है कि नया भारत 1962 वाला नहीं है और यही कारण है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत की मौजूदा सरकार और विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी को अपना शत्रु मानते हैं। प्रधानमंत्री मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने चीन द्वारा किए जा रहे विकास को खूब सराहा था। उस वक्त चीन की सरकारी मीडिया में मोदी की खूब तारीफ हुईं थी कितु प्रधानमंत्री बनते ही जब मोदी ने चीन के विकासवादी दुराशय की निंदा की और उससे उत्पन्न होने वाले खतरों को महसूस कर सीमांत क्षेत्रों लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक ढांचागत विकास करना शुरू किया तो चीन को लगा कि उसके प्रति भारत की नीति बदल चुकी है। भारत सरकार और सेना के प्रतिरोध के कारण ही सीमा पर हिंसक झड़प हुईं और भारतीय सेना ने सीमा पर उतनी ही सेना तैनात की जितनी चीन ने की। यही नहीं कईं सामरिक मोर्चो पर भारतीय सैनिकों ने ऊंचाईं पर कब्जा कर लिया और चीनी सेना अपने अवैध निर्मित ढांचे में नीचे ही रह गईं। चीन एक शरारती देश है और शक्ति की ही भाषा समझता है। यही कारण है कि एक तरफ भारत सरकार अपनी सीमा के अंदर सेना की सुगमता बढ़ाने के लिए निर्माण कार्यं करा रही है और दूसरी तरफ वूटनीतिक सव्रियता के माध्यम से इस बात का एहसास करा रही है कि अब भारत बदल गया है। लद्दाख में ढांचागत निर्माण के विस्तृत जाल और अरुणाचल की सुरंग तथा असम में पुलों का निर्माण बदले भारत की ही पहचान है।

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उद्घाटन करके सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सीमांत क्षेत्र में सैनिकों के लिए सुगमता प्रदान करने का सराहनीय प्रयास किया है। असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेग जिले से जोड़ने वाली सड़क पर 825 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस सुरंग को इतनी ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी दोहरी लेन वाली सुरंग माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 9 फरवरी 2019 ठीक पांच साल पहले इस सुरंग का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही किया था। समय के अनुसार ही सुरंग का कार्य संपन्न हुआ इसीलिए अपने द्वारा शिलान्यास और उद्घाटन दोनों का अवसर मोदी जी को मिल सका। असल में सीमांत क्षेत्र में विशेष रूप से भारत और चीन के सीमावर्ती संवेदनशील राज्यों में जरूरत के मुताबिक सड़वें और सुरंगे नहीं बन पाईं हैं। इसके दो कारण पहला तो संसाधन का अभाव और दूसरा पूर्ववर्ती सरकारों की ढुलमुल नीति। भारत की केन्द्र सरकारें इस बात को महसूस ही नहीं करती थीं कि चीन और पाकिस्तान सीमा पर समुचित सड़क, सुरंग और पुल होने चाहिए। हमेशा संसाधनों का टोटा का रोना रोते रहे। यही नहीं संसद में तो एक सरकार के रक्षामंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की नीति है कि वह सीमांत प्रदेशों में ढांचागत विकास नहीं करेगी।

विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है

# विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का उभरता सवाल ?

प्रभुनाथ शुक्ल

> विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहाँ हमें कटघरे में खड़ा करती हैं वहीं दूसरी उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं। हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भव : की है। झारखंड के दुमका में एक स्पैनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद हैं।

**भारत** घूमने आए विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहाँ हमें कटघरे में खड़ा करती हैं वहीं दूसरी उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं। हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भवः की है। झारखंड के दुमका में एक स्पैनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद हैं। विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अक्सर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत का पर्यटन देश की संवृद्धि में अच्छी खासी भूमिका निभाता है। लेकिन इस तरह की घटनाएं जहां हमारे देश की छवि को नुकसान पहुंचती है वहीं विदेशी पर्यटक यहां आने से डरते और घबराते हैं। हजारों की तादाद में विदेशी सैलानी एक बार भारत आए तो भारत के ही होकर रह गए। लेकिन विदेशी सैलानियों के साथ इस तरह की घटनाएं मारपीट, ठगबाजी हमारी छवि को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा हमारे पर्यटन व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना हमारी संस्कृति और संस्कार के खिलाफ है। इस घटना में शामिल दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्य सरकार से मिलकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। पर्यटन मंत्रालय को इस संबंध में विशेष कदम उठाने चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ऐसी घटनाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बाद भी हम आवश्यक कदम नहीं उठा पाते हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए खास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। भारत आने वाले पर्यटकों के लिए जो सरकारी स्तर पर विशेष गाइड की व्यवस्था होनी चाहिए। यह सरकारी एजेंसी के माध्यम से होनी चाहिए। भारत आने वाले ऐसे पर्यटक कहाँ ठहर रहे हैं। कहां जा रहे हैं। उनके लिए कहां रुकना अच्छा रहेगा। सरकार की तरफ से उन्हें सारी सुविधा और सूचना उपलब्ध होनी



चाहिए। सिविल पुलिस के बजाय इसके लिए अलग से विशेष पर्यटन पुलिस होनी चाहिए। पर्यटन पुलिस की विशेष जिम्मेदारी विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के संदर्भ में होनी चाहिए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से सरकार को इस तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। विदेशी पर्यटकों के साथ आमतौर पर भाषा की भी समस्या होती है ऐसे में उसके समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। दुमका में हुई घटना में भी पुलिस और पीड़ितों के बीच भाषा की समस्या देखने को मिली है। भारत आने वाली विदेशी पर्यटकों के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन भी होनी चाहिए। पर्यटकों को यह निर्देश होना चाहिए की आप जहां जा रहे हैं वहां की भौगोलिक स्थिति क्या है। अगर आप पहाड़ी या आदिवासी इलाके में घूमने जा रहे हैं तो वहां क्या समस्या हो सकती है। पहाड़ और दूसरी जगह पर जा रहे हैं तो क्या -क्या सावधानी बरतनी चाहिए। स्थानीय लोगों के बारे में भी जानकारी देना आवश्यक है। उनकी सुरक्षा को लेकर जहाँ खतरा हो सकता है इस सम्बन्ध में उन्हें आगाह करने की भी आवश्यकता है। विदेशी दूतावास को भी भारतीय दूतावास से संपर्क में रहना चाहिए। उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। इस तरह की घटनाएं विदेशी पर्यटकों में असुरक्षा का जहाँ माहौल पैदा करती हैं वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाती हैं। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा या अन्य मामलों में सीधे केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का हस्तक्षेप होना चाहिए। पर्यटन अब ग्लोबल शौक बन चुका है। पर्यटन से दुनिया भर के देशों को एक अच्छी खासी आए हो रही है। कोविड में जहां पर्यटन व्यवस्था पर प्रभाव पड़ा था वहीं अब पर्यटन उद्योग तेजी से आर्थिक समृद्ध की ओर बढ़ र रहा है। भारत वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। भारत की जीडीपी में पर्यटन उद्योग अच्छी खासी भूमिका निभा रहा है। भारत में विदेशी सैलानियों की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है। लेकिन दुमका जैसी घटनाएं पर्यटन उद्योग को कहीं न कहीं से प्रभावित करती है। दुमका की घटना को लेकर सियासी तीर भी चलने लगे हैं लेकिन यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। क्योंकि यह मामला विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के साथ देश की अस्मिता से भी जुड़ा है। यह केंद्र और राज्य सरकार की दोनों नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि देश में आने वाली विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाए। विदेशी पर्यटक सड़क के किनारे टेंट लगाकर रहे हैं या समुद्र के किनारे, होटल में रहे या पहाड़ों पर उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। दुमका में स्पेनिश जोड़े सड़क के किनारे टेंट लगाकर रुके थे जहां स्थानीय लोगों ने वहां पहुंचकर उनके साथ कथित तौर पर गैंग रेप की घटना को अंजाम दिया और सामान भी लुटे। भारत पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और काशी में बाबा काशी विश्वनाथ कारिडोर के निर्माण के बाद दर्शन के लिए विदेशी सैलानियों की संख्या बढ़ेगी। लॉकडाउन के बाद देश में तकरीबन हर साल एक करोड़ से अधिक विदेशी सैलानी भारत भ्रमण पर पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक मार्च और अप्रैल में विदेशी सैलानियों का आगमन होता है। क्योंकि पर्यटन के लिए यह मौसम अनुकूल होता है जो पर्यटकों को काफी प्रभावित करता है। भारत में साल 2019 में एक करोड़ 8 लाख विदेशी पर्यटक घूमने आए। जिससे विदेशी पर्यटकों से सरकार को 2.10 लाख करोड़ की आय हुईं। 2018 में 1.94 जबकी 2018 1.77 वहीं 1016 में 1.54 और 2016 में 1.35 लाख करोड़ की आय हुई। 2018 में 1.5, 2017 में 100 जबकी 2016 में 88.04 एवं 2015 में 80.27 लाख विदेशी सैलानी भारत घूमने आए। इस हालत में विदेशी सैलानियों की सुरक्षा सबसे अहम हो जाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को मिलकर कठोर से कम कठोर कदम उठाने चाहिए जिससे दुमका जैसी घटनाओं पर विराम लग पाए और भारत में विदेशी पर्यटन को बढ़ावा मिल पाए।

दृष्टि कोण

# वोट फार वैश मामले में सुप्रीम कोर्ट का सराहनीय पैसला

**बसंत** वुमार सर्वोच्च न्यायालय ने पैसा लेकर वोट देने के मामले में सांसदो विधायकों पर आपराधिक मुकदमा चलाये जाने वाली छूट को अभी हाल में दिये हुए पैसले से समाप्त कर दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव केश में 1998 में पांच जजों की बेंच द्वारा दिये गए पैसले को पलटते हुए सात जजों की बेंच ने यह पैसला सुनाकर यह सुनिाति कर दिया है कि सांसदों/विधायकों सदन में भाषण देने या वोट डालने के लिए रिश्वत लेने का दोषी पाये जाने पर कानूनी संरक्षण को समाप्त करते हुए कोर्ट ने कहा कि कानून के समक्ष खास और आम दोनों ही नागरिक एक समान है। सात जजों की संविधान पीठ जिसने यह पैसला सुनाया उसमे मुख्य न्यायाधीश डीवाईं चंद्र चूड, जस्टिस एए बोपन्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस जेवी परदिवाला, जस्टिस संजय वुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। इस निर्णय पर प्रतिव्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा 'माननीय सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय देश में राजनीति को स्वच्छ करेगा और देश की



लोकतंत्रिक व्यवस्था में लोगों का विश्वास और गहरा होगा। अब यह प्रश्न उठता है कि जिस प्रकार से चुनाव की राजनीति में संसद और विधान परिषद में पहुँचने वाले अधिकांश नेता करोड़ों या अरबों के मालिक है और इन धनाडों के आगे चाल चरित्र और सत्यनिष्ठा वाले नेताओं कार्यं कार्ताओं की पूंछ नहीं होती तो राजनीति वैसे स्वच्छ होगी, चाहे कोईं भी पाटा हो आज की चुनाव की राजनीति में टिकट बांटते उम्मीदवार की शिक्षा, योग्यता इम नदारी देखने के बजाय उसकी सम्पति देखती है वह अलग बात है कि वह सम्पति वैसे कमाईं बनाईं गईं है। ऐसे लोगों से बनी संसद या विधायिका वैसे नैतिकता के उच्च आयाम स्थापित करेगी। इससे पूर्व संविधान के अनुच्छेद 105 और अनुच्छेद 195 के तहत विधान मंडलों और संसद के सदस्यों के सदस्यों को रिश्वत लेने के मामले में अपराधिक मामलों से छुट मिलती थी, यह छूट 1998 में सर्वोच्च न्यायालय के पीवी नरसिम्हा राव मामले में दिये गए जजमेंट के कारण मिली थी, जिसके कारण निर्वाचित प्रतिनिधि वोट के बदले नोट के मामलों में बच जाते थे। इस बार सर्वोच्च न्यायालय ने इस विषय में अपने ही पुराने ( 1998 ) के पैसले को उलट दिया है अर्थात अब उन्हें संसदीय विशेषधिकार के तहत रिश्वत खोरी की छूट नहीं दी जा सकती। यह निर्णय देते हुए मुख्य न्यायाधीश डीवाईं चंद्रचूड ने टिप्पड़ी करते हुए कहा 'हम मानते है कि रिश्वत खोरी संसदीय विशेषधिकार नहीं है, माननीय सांसदों द्वारा किया जाने वाला भ्रष्टाचार और रिश्वत खोरी भारत के संसदीय लोकतंत्र को बरबाद कर देगा'। इस पैसले पर प्रतियिा व्यत्त करते हुए देश के पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा 'जब जनता जनादेश देकर आपको चुनती है, इसके बाद ऐसे लोग जो जनता के जनादेश के साथ विश्वास घात करते हैं तो उन्हे न तो कानूनी संरक्षण मिल सकता है न ही सियासी संरक्षण मिल सकता है। वास्तव में अनुच्छेद 19(1) (ए) अभिव्यत्ति की स्वतंत्रता के व्यत्तिगत अधिकार को मान्यता देता है और 105(2) और 194(2) का उद्देश्य प्रथम तया अपराधिक कानून के उल्लंघन के लिए दंडात्मक कार्यंवाही शुरू करने से प्रतिरक्षा प्रदान नहीं करता, जो संसद सदस्य के रूप में अधिकारों और करतव्यो के प्रयोग से स्वतंत्रत रूप से उत्पन्न हो सकता है, ऐसे मामले में सांसद को विशेषधिकार के रूप में तभी छूट दी जा सकती है जब दिया गया भाषण या वोट देनदारी को जन्म देने वाली कार्यंवायी के लिए एक आवश्यक एवं अभिन्न अंग हो। सर्वोच्च न्यायालय में यह मामला सीता सोरेन की अपील पर आया, यह मामला एक जन प्रतिनिधि की रिश्वत खोरी से संबंधित है। इस मामले के तार पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव से से जुड़े हुए हैं। उनकी सरकार को 1993 में अविश्वास मत के दौरान, बचाने के लिए दी गयी रिश्वत के मामले से थी।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## छावनी परिषद के विलय से आम जनता को होगा नुक्सान : नीरज मंडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** नगर परिषद में छावनी परिषद के विलय के विरोध में खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज कुमार मंडल के नेतृत्व में एक प्रति निधि मंडल छावनी अधिशाषी अधिकारी छावनी परिषद से मिलकर एक मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर अध्यक्ष नीरज मंडल ने कहा कि छावनी परिषद रामगढ़ के विलय की अधिसूचना पर हम सभी हस्ताक्षर युक्त आपत्ति दर्ज कराने हेतु एक मांग पत्र सौंप रहे हैं। छावनी परिषद के विलय का निर्णय आम लोगों सहित सामाजिक संस्थाओं के सहमति के बगैर लिया गया है द्य जो कि कहीं से सही नहीं है , जनहित में जन असहमति से निर्णय लिए जाएंगे तो ऐसे तानाशाही या हिटलर की तरह कहा जा सकता है द्य विलय में 8 वार्ड के लोगों के सहमति नहीं लिया जाना सरासर गलत है। छावनी परिषद का राज सरकार की निकाय में विलय से लोगों पर टैक्स का बोझ बढ़ जाएगा। शहर में बहुमंजलि इमारत के निर्माण से सेना के पीआरसी और पिआरसी ट्रेनिंग सेंटर की गोपनीयता व सुरक्षा का खतरा बढ़ जाएगा द्य इतना ही नहीं विलय होने पर लोगों को स्ट्रीट





लाइट, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र , साफ सफाई जैसे हर एक छोटी-बड़ी समस्याओं के लिए 8 वार्ड के लोग 8 किलोमीटर की दूरी पर जाना पड़ेगा द्य छावनी परिषद रहने से आम जनता को कहीं भी कोई समस्या होती है तो तुरंत सूचना देने पर कार्रवाई की जाती है द्य किंतु जैसा हम सभी को जानकारी मिली है जो नगर परिषद क्षेत्र के लोगों के द्वारा यह बताया गया कि नगर परिषद का कार्य शैली छावनी परिषद की अपेक्षा बहुत ही पीछे है। लगभग 15 वर्षों से स्थापित पूर्व सीईओ भवन में भवन कर की वसूली के प्रति ईमानदारी ढंग से कार्य क्या होता तो छावनी परिषद रामगढ़ को राजस्व की कमी नहीं होती।क्योंकि रामगढ़ शहर के लोग टैक्स देने से कभी पीछे नहीं हटे हैं। छावनी परिषद के सभी लोगों के द्वारा अपना टैक्स जमा करते आए हैं। क्योंकि कुछ कोताही बरतने के कारण जो कर वसूली की जानी चाहिए वह नहीं किया जा सका है। हम सभी आपसे हस्ताक्षर युक्त पत्र देते हुए यह मांग करते हैं की छावनी परिषद का राज्य संचालित स्थान निकाय में विलय प्रस्ताव का विरोध करते हुए इसमें संशोधन के रूप में प्रतिबंधित क्षेत्र को मुक्त करना छावनी परिषद का प्राथमिकता में होना चाहिए था छावनी परिषद को यथावत रहने दिया जाए द्य छावनी परिषद के विलय की अधिसूचना 5 मार्च को जारी कर दी गई है अधिसूचना का प्रकाशन भारत सरकार के राजपत्र में रक्षा मंत्रालय ने किया इसमें 8 सप्ताह तक लोगों के विलय के संबंधी आपत्तियां मांगी गई है द्य जिसमें हम लोगों ने आज अपने मांग पत्र के जरिए विरोध दर्ज किया है द्य मांग पत्र सौंपने वालों में मुख्य रूप से खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज कुमार मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी, सचिव संजय कुमार , अजय कुशवाहा, जितेंद्र मिश्रा शामिल थे।

## कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत अर्जुन मेहता हार्डवेयर के घर में हुई डकैती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू :** कुजू के शू प्रसिद्ध दुकानदार अर्जुन मेहता हार्डवेयर के घर में हुई डकैती बुधवार की रात्रि लगभग 1= 45 बजे 9 की संख्या में हथियार से लैस नकाबपोश अपराधियों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर पहले ताला में घुस गए इसके बाद मेरी की मां टेकालो देवी 80 वर्षसिया और उर्मिला देवी को अपराधियों ने अपने कब्जे में ले लिया जिसके बाद पहले रूम को खुलवाया उसके बाद मेरे छोटे भाई रंजीत प्रसाद मेहता का रूम खुलवा कर घर के सभी सदस्य को एक रूम में बंद कर दिया इसके बाद मुझे रूम से बाहर लाकर घर के सभी गोदरेज में रखें जेवर और कैश को लूट लिया लॉकर में रखे 13 लाख 60000 हजार नगद कटर मशीन से कटकर ले गए वहीं अर्जुन मेहता ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने बताया की नगद 13 लाख 60 हजार रुपए नगद वा लगभग दस तोला सोना का जेवरात लूट कर ले गए सूचना मिलते ही गश्ती पर तैनात ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे घटनास्थल पर पहुंचे कुजू ओपी प्रभारी ने रामगढ़ एस डीपीओ परमेश्वर प्रसाद को घटना की जानकारी दिए वही घटनास्थल पर एसडीपीओ ने खोजी कुत्ते कि मदद से अपराधियों की सुराग लगाने में लगे हुए हैं। वहीं सीसी टी वी कमरे में कैद फुटेज को खंगाल जा रहा है।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में विद्यालय के शिक्षकों और पत्रकारों के बिच एक मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में रामगढ़ शहर पत्रकार बंधुओ के लिए होली मूलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सबसे पहले प्रबंधन सिमिति ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ आरम्भ किया। विद्यालय के बच्चों ने मधुर स्वागत गान प्रस्तुत किया।उसके बाद विद्यालय की बड़ी बच्चियों ने स्वागत नृत्य कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया।फिर कार्यक्रम के संचालक राजेश कुमार, इंदरपाल सिंह, राम दस दे ने पत्रकार बंधुओ के लिए खेल का आयोजन किया। जिसमे विजेता को पुरुस्कृत किया गया। उसके बाद विद्यालय के शिक्षकों और पर्त्रकारों के बिच एक मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमे शिक्षकों ने 12 ओवर मे 80 रन बनाये। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।

## मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी के चाचा ससुर भूलन भुईयां का आकस्मिक निधन हुआ

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी के चाचा ससुर भूलन भुईयां पिता महंगु भुईयां उम्र 75 साल का आकस्मिक निधन मांडू चट्टी गोविंदपुर निवास स्थान में हो गया। भूलन भुईया एक सामाजिक व्यक्ति थे इनके मृत्यु से आस पास के लोग काफी दुखी है इनका शोक व्यक्त में धनेश्वर नवरत्न कुमार फिरोज खान निशि कुमार गुप्ता मोहम्मद मोबीन योगेश्वर महतो सरबजीत सिंह राजकुमार तुरी गौतम साहू अखिल देव शाह महेश प्रसाद यादव गणेश भुईया मोहन भुईयां सिट्टन भुईयां भोला गंजू पंचायत समिति सदस्य मांडू चट्टी विवेक कुमार गुप्ता पंकज गुप्ता उप मुखिया मनोज कुमार मोदी पूर्व पंचायत समिति सदस्य अर्जुन राम मोहम्मद कुरैशी मुमताज कुरैशी आलम अंसारी राजीव अहमद मोहम्मद मिस्टर आलम रिजवान भोला गुप्ता मोहम्मद जावेद रविंद्र कुमार गुप्ता अशोक गंजू आदि लोग शामिल हुए।



## चार दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का हुआ वितरण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को चार दिव्यांगों के बीच समाज कल्याण विभाग की ओर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश व अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ मदन महली ने ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि गरीब दिव्यांग व्यक्ति चलने फिरने में असमर्थ है। उनके परेशानियों को देखते हुए ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया गया है अगर किसी पंचायत में कोई दिव्यांग है और उन्हें दिव्यांग यंत्र की आवश्यकता है तो वे उचित प्रमाण पत्र के साथ बाल विकास परियोजना कार्यालय में जमा कर दिव्यांग यंत्र ले सकते हैं। मौके पर युगल किशोर महतो भोला गझु विजय मुंडा सुनिल करमाली जगतू मुंडा आदि।



## ट्रैक्टर स्टैंड गिद्दी सी में फल और सत्तू की दुकान में लगी आग

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना गिद्दी क्षेत्र के ट्रैक्टर स्टैंड गिद्दी सी में बीती रात्रि बुधवार को एक फल और सत्तू की दुकान में आग लगने से प्रतिष्ठान राख के ढ़ेर में बदल गया। इससे लोगों में दहशत फैल गई है। जानकारी के मुताबिक दुकान इम्तियाज अंसारी व जय किशन लाल का बताया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि किसी बदमाश के द्वारा दुकान में आग लगाई गई है. अगलगी से दोनों दुकान में रखें हजारों के सामान जलकर राख हो गए है. इससे दुकानदार को आर्थिक क्षति हुई है. समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं हो पाया था।



## श्री श्याम प्रभु का रंग रंगीला फाल्गुन महोत्सव 20 को

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 20 मार्च 2024 को शाम 7=00 बजे से नेहरू रोड स्थित श्री प्रधाम मंदिर के प्रांगण में श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में रंग रंगीला फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बाबा श्याम के भव्य दरवार के लिये बाहर से गाये हुए कुशल कारीगर पूरे जोर शोर से तैयारी में लगे हैं। बाबा की ज्योति प्रज्वलन के पश्चात स्थानीय कलाकार श्याम चौरासी का सामूहिक पाठ करेंगे तथा गणेश वन्दना के बाद पंच प्रभु की वन्दना करेंगे।कोषकत्ता से कुमार रीपक एवं राजवीर चंदन कुमार चास से इस कार्यक्रम में अपने मधुर भजनों के द्वारा बाबा श्याम एवं भक्तों को रिझायेंगे। बाबा श्याम को भोग जगाया जायगा तथा पुत्र एवं फूलों की होली द्वारा रिझाया जायेगा। समिति के सभी ट्रस्टी एवं भवन इस आयोजन में पूरे मनोयोग से लगे हैं। इस विषय में कोई जानकारी लेना चाहें तो शाम 7 से 9 बजे मंदिर परिसर में उपस्थित सदस्यों से ली जा सकती है।



**संक्षिप्त खबरें**

## 16 से शुरू होगा गिद्धौर प्रिमयर लीग मैच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत 16 मार्च से गिद्धौर प्रीमियर लीग आयोजन होने जा रहा है। जिसमें अच्छा टीम शामिल है। जिसे लेकर आईपीएल की तर्ज पर प्रखंड में जीपीएल के आयोजन की तैयारी शुरू किया गया है। इसके लिये गुरुवार को ठाकुरबाड़ी परिषर में खिलाड़ियों की नीलामी की गई। और खिलाड़ी का चयन किया गया। टूर्नामेंट के पहले संस्करण में पैंथर इलेवन, सुपरकिंग् नयाखाप, भास्कर वॉरियर्स, राइज़िंग राइडर्स, टाइगर इलेवन, समेत अन्य टीम भाग ले रही है। टूर्नामेंट का उदघाटन 16 मार्च को जवाहरलाल मैदान में होगा। यहां मुख्य रूप से प्रेम राणा निरंजन दांगी श्रवण कुमार, उपेंद्र कुमार मुकेश कुमार समेत कई थे।

## 42 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म कर गला दबा की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**शव घर के समीप खेत से मिला पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया चतरा सदर**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत पहरा पंचायत गांव के झुमरी टोला के खेत समीप से पुलिस ने गुरुवार को एक महिला का शव बरामद किया है। जिससे गांव में दहशत फैल गया है।बताते चले की मृत महिला पहरा के झुमरी टोला निवासी उमर राम की 42 वर्षीय पत्नी मालती देवी है। जो अत्यंत गरीब परिवार से है। परिजनों व ग्रामीणों का कहना है कि महिला के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर खेत के समीप बिना कपड़े के फेंकने का आरोप लगा रहे हैं। घटना बीते बुधवार की देर रात की है। मृत महिला दाय का काम करती थी।और अपना जीविका पालन करती थी।महिला के एक 12 वर्ष की लड़की एवं 8 वर्ष का लड़का भी है। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दीया। सूचना पाते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता घटना स्थल पर दलबल के साथ पहुंचे। पहुंच शव को अपने कब्जे में ले अंतियप्रिक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। हालांकि महिला की मौत कैसे हुई, इसकी जानकारी नहीं हो पाया है। आगे बता दें कि बुधवार शाम बगल एक छठी कार्यक्रम में गई थी।छठी कार्यक्रम से वापस आ कर दुबारा छठी कार्यक्रम में खाना लाने जा रही थी। इसी बीच महिला के साथ ब्लातकार कर गला दबाकर खेत में फेंक दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है। मामला हत्या का है। फिलहाल इसके संबंध में कुछ कहा नहीं जा सकता है परंतु जांच में पुलिस जुट्टी हुई है।

## मोटरसाइकिल चालक में वृद्ध को मारी टक्कर, वृद्ध घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर समीप बाइक चालक ने एक वृद्ध व्यक्ति जिसका नाम शिवलाल दांगी ऊपर टोला निवासी को जोरदार टक्कर मार दिया। जो गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वृद्ध को ग्रामीणों के तत्परता से स्थानीय क्लीनिक में इलाज करा कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। डॉक्टर ने बताया कि वृद्ध के माथे व पैर में गंभीर चोट लगी है। वृद्ध व्यक्ति मैन चौक घूमने के लिए जा रहे थे। वही बाइक चालक खलारी गांव के बुधनाथ मुंडा का पुत्र एनएम नाग है।बताया गया कि एनएम नाग ब्लॉक मोड़ से मैन चौक जा रहा था। इसी बीच अंबेडकर नगर के समीप पैदल जा रहे वृद्ध को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वृद्ध के साथ-साथ बाइक चालक भी घायल हो गया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड स्तरीय 40 मास्टर ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल निर्वाचन हेतु प्रखंड स्तरीय 40 मास्टर ट्रेनर को डीएमएफटी सह प्रशिक्षण भवन हॉल में दिया गया। ये मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित होकर प्रखंड स्तर के मतदान कर्मियों को चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। गुरुवार के प्रशिक्षण में ईवीएम संचालन, प्रपत्र एवं चुनाव से संबंधित व्यवहारिक एवं प्रेक्टिकल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अजीत कुमार झा, देवेंद्र कुमार, रमेश कुमार, बिरेंद्र कुमार, नरेश तिवारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग से संबंधित पदाधिकारी जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा हरिणाथ महतो समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## लोकपाल पहुंची गिद्धौर, मनरेगा योजना का किया औचक निरीक्षण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत मझगांवा पंचायत में लोकपाल संध्या प्रधान गुरुवार को पहुंची।यहां उन्होंने मनररेगा की कई योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। जिसमें आम बागवानी, डोभा निर्माण व मनरेगा से बने विभिन्न गाय, बकरी, मुर्गी शेड का निरीक्षण किया।उन्होंने कई जगहों पर बागवानी की साफ सफाई करवाने का निर्देश दिया। साथ ही गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने की जबाबदेही रोजगार सेवक को दीया गया। उन्होंने पारदर्शी तरीके से कार्य की बात कही। मौके पर मुखिया बिपीओ राम कुमार सिंह पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सतेंद्र कुमार वर्मा मौजूद थे।

## चतरा लोकसभा सीट हमेशा बाहरी प्रत्याशियों के रहा अधीन

- ना बदला चतरा ना बदला दशा ना बदला दिशा, हाँ बदलता रहा बाहरी सांसद
- बाहरी देखा बार बार अब होगा लोकल उम्मीदवार : ग्रामीण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा संसदीय सीट हमेशा बाहरी प्रत्याशियों के कब्जे में रहा है। और यहां के भोली भाली जनता विकास के लिए अक्सर बाहरी लोगों को खुल कर स्पोर्ट कर चुनाव में बहुमत देकर सांसद बनाते आया है। परंतु चतरा का दुर्भाग्य है कि ना चतरा बदला ना चतरा का दिशा ना बदला दशा। ग्रामीण इन परिस्थियों में मूकदर्शक बन कर रह गए हैं। अब चुनाव 2024 आ गया है वहीं एक या दो दिन में सम्भवतः चुनावी घोषणा होना वाला है। किंतु क्या फायदा अब बाहरी प्रत्याशी चतरा लोक सभा सीट को चारागाह समझ कर अब रुपये की बौछार कर देंगे और कर रहें हैं। पुनः चुनाव जीत कर पूर्व की तरह अपना बिजनेस व्यवसाय में सांसद लग जाएंगे। बता दें कि भाजपा के सांसद सुनील सिंह को यहां के ग्रामीण जनता दो बार भारी बहुमत देकर सांसद बनाया। इनका कार्यकाल 10 वर्ष रहा। किन्तु इन्हें अभी तक क्षेत्र के लोग पहचानते नहीं है। वहीं सांसद सुनील सिंह चुनाव जीत कर जो जाते हैं वो पुनः चुनाव के वक्त हीं आते हैं जनता से वोट लेने के लिए। जिसका नतीजा है कि चतरा जहां था वहीं रह गया है। ना दशा बदला ना बदला दिशा। हाँ समय 10 वर्ष जरूर चला गया। यही कारण है कि चाहे कौन बनेगा करोड़पति हो या बच्चों का सिलेबस सभी में चतरा लोक सभा क्षेत्र से क्षेत्रीय उम्मीदवार छोड़ बाहरी उम्मीदवार का प्रश्न पत्र जरूर होता है। कई वर्ष बाहरी उम्मीदवारों को बहुमत देते देते यहां के लोग तंग होकर अब एक शुर में क्षेत्रीय उम्मीदवारों की मांग जोरो सोर से कर रहें हैं चाहे भाजपा हो या गठबंधन दोनों से हो क्षेत्रीय प्रत्याशी। जीत हार की तय तो बाद में की जाएगी।यह पुकार मतदाताओं का है अब बाहरी लोगों को खैर नहीं क्षेत्रीय प्रत्याशी बैर नही।

## सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रयास से स्कूलों में वितरण किया गया मॉडर्न बैग विथ डेस्क

**सांसद सुनील कुमार सिंह के सौजन्य से जिले के 23500 छात्र छात्राओं को मिलेगा तोहफा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद सुनील कुमार सिंह के अनुशंसा एवं प्रयासों से सीएसआर की राशि से चतरा जिला के छात्र-छात्राओं के बीच बैग विथ डेस्क का वितरण गया।जिला मुख्यालय स्थित नेताजी सुभाषचंद्र समर्थ स्कूल पकरिया एवं कस्तूरबा गाँधी बालिका स्कूल चतरा से शुरुआत किया गया। यह बैग आधुनिक स्कूल बैग है जिसमे डेस्क भी लगा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, राकेश झा, यूनिसेड एनजीओ के कम्युनिकेशन ऑफिसर श्री नमेश नाथ धाम, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिषेक केशरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष निशा कुमारी, ग्रामीण सांसद प्रतिनिधि बिनोद सिंह, भाजपा नेता सुशील सिंह, भाजयुमो जिला मंत्री अविनाश मिश्रा सहित स्कूल के प्रिंसिपल और बच्चे उपस्थित रहे। गौरतलब है कि बच्चों पढ़ने में बेहतर सुविधा मिले इसलिए बैग के साथ डेस्क भी है।पढ़ने में डेस्क लगा बैग से आसानी होगा।सांसद सुनील कुमार सिंह की पहल पर सीएसआर मद से यूनिसेड एनजीओ के माध्यम से पूरे चतरा जिला के स्कूलों में बैग का वितरण किया जायेगा।बैग मिलने से बच्चे काफी उत्साहित दिखे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,जनप्रिय सांसद सुनील कुमार सिंह जी के प्रति आभार प्रकट किया।

## रमजान माह की पहली सप्ताहिक हाट सिमरिया में फलों और सब्जिओं की कीमतों में भारी उछाल

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय में लगने वाला सासाहिक हाट गुरुवार को अचानक फलों और सब्जिओं के दामों में काफी उछाल आया है। फलों और सब्जिओं की कीमतों में भारी इजाफा होने का खास कारण है कि बीते मंगलवार से मुस्लिम धर्म के पवित्र रमजान माह शुरू है। जिसमें प्रखण्ड क्षेत्र के लिए सिमरिया सप्ताहिक हाट गुरुवार रमजान माह में पहली बार पड़ी है। जिसके कारण फलों और सब्जिओं के भावों में अचानक दुगना इजाफा हुआ है। हालाकिं यह पहली बार नहीं है प्रत्येक वर्ष रमजान माह के शुरुवात से हीं सभी तरह सामग्रियों की कीमतों में इजाफा होना लाजमी है। चुकी व्यवसाय करने वाले लोग इस माह के आने का इंतजार करते हैं। मुस्लिम धर्मावलम्बियों में पवित्र रमजान माह पूरे महीने रोजे रखते हैं। जिसके कारण अच्छा से अच्छा व लजीज खाना लाजमी है। चाहे वो गरीब तबके का हो या अमीर तबके का सभी का खान पान लगभग एक जैसा होता है। अफ्तार के लिए सभी तरह का फलों का इस्तेमाल अधिक किया जाता है वहीं सब्जिओं का भी काफी इस्तेमाल इस माह में होती है। रमजान माह के अंतिम ईद के दिन चाहे गरीब हो या अमीर सभी नए वस्त्र धारण कर एक पंक्ति में खड़े होकर नमाज अदा करते है। और एक दुशरे को कंधे से कंधे मिला गला मिलते हैं और खुशी का इजहार करते है।

## छात्र की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ- रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर मकईयाटांड पिकेट के समीप बीते बुधवार को एक अज्ञात कार की चपेट में आने से हुए छात्र की मौत के बाद ग्रामीणों ने गुरुवार को मुआवजा,दोषियों पर कारवाई एवं दिन मे नो एंट्री की मांग को लेकर रांची चतरा मुख्य पथ को करीब तीन घण्टे जाम कर दिया।जिससे सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीणों का कहना था कि आए दिन तुबेद कोलियरी से कुसमाही कोल साइडिंग तक चलने वाले हाईवा के कारण आए दिन लगातार दुर्घटना घट रही है। अब तक कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। इस कारण दिन में नो एंट्री लगाया जाए। वही जाम की सूचना पाकर पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर ने मदद के तौर पर 10,000 हजार रुपये, कर्मचारी दयालु केरकेटा 5,000 हजार रुपये, चेताग मुखिया कुमारी भगवती ने 5000 परिजनों का सहयोग किया। तब जाकर जाम समाप्त हो पाया। मौके पर लोहरा समाज के जिलाध्यक्ष राजुरामबृक्ष लोहरा, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, राजद एसी मोर्चा जिला अध्यक्ष तुलसी राम, भाजपा नेता शैलेश सिंह, पिन्टू नायक, शंकर उराँव, सुरेश उराँव, हीरो यादव, सुरेश यादव, राज कुमार लोहरा, रामनाथ लोहरा, मो0जुनैद अनवर, सहित कई ग्रामीण मौजुद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में डीआरडीए से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीआरडीए से संचालित विभिन्न योजनाओं की गति व धरातल पर हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मनरेगा, आवास, समेत अन्य योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई एवं वर्तमान प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने आबुआ आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को नियमित रूप से कार्यों का निरीक्षण कर ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में मनरेगा अंतर्गत बिरसा आम बागवानी, दीदी बाड़ी योजना, बिरसा कूप संवर्धन, ग्राम स्तर पर अधिकतम रोजगार उपलब्ध कराने हेतु योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और बीपीओ को लंबित योजनाओं में प्रगति लाने का सख्त निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में सभी पदाधिकारीयों/कर्मचारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजना बद्ध तरीके से काम करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने मनरेगा के तहत सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत योजनाओं को पंचायत एवं गांव स्तर पर संचालित करते हुए सभी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर आदि उपस्थित थे।

## बैंक से पैसा निकाल कर अपने घर जा रहे हैं युवक से दिनदहाड़े 50 हजार की लूट



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना से महज 200 फीट की दूरी पर बैंक से पैसा निकाल कर अपने घर जा रहे एक व्यक्ति से दिनदहाड़े दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने 50000 लूट लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो. लियाकत पिता मो.अहमद बालूमाथ स्तिथ भैंसादोन एसबीआई शाखा से पैसा निकाल कर वापस अपने घर जाने के लिए बस स्टैंड की ओर जा रहा था। इसी दौरान वन विभाग के कार्यालय के पास पल्सर बाइक में सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उसे रोक कर पैसा लूट लिया। और शहीद चौक की ओर भाग गए। घटना के बाद पीड़ित ने बालूमाथ थाना में आवेदन दिया। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। लियाकत ने बताया कि उसने माइक्रो फाइनेंस नामक कंपनी से पर्सनल लोन लिया था। जिसका पैसा खाता में आया हुआ था। जिसे निकालकर वापस अपने घर जा रहा था जिस दौरान यह घटना हुई

## पारिवारिक विवाद में पति ने पत्नी को लोहे के रड से मारकर की हत्या

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के जिलंगा ग्राम में गुरुवार को पति-पत्नी के बीच हुए झगड़े के बाद गुस्साए पति ने लोहे के रड से मारकर अपनी पत्नी की हत्या कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कैलाश महतो 35 वर्ष ग्राम जिलंगा थाना बालूमाथ निवासी का अपनी पत्नी सुमित्रा देवी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ ।झगड़े के दौरान गुस्साए पति ने घर में रखे लोहे के रड से पत्नी के सर में मार दिया जिससे पत्नी की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पति ने बालूमाथ थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी और खुद को सरेंडर कर दिया। आसपास के लोगों के अनुसार पति और पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था ।कई बार मामला थाना भी जा पहुँचा था। आरोपी पति महज एक दिन पूर्व ही बाहर से कमाकर अपने घर वापस आया हुआ था। वहीं घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

## माता रानी के जयकारे से गूंजयमान हुआ महुआडांड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** स्थानीय दुर्गाबाड़ी में मां दुर्गे की स्थापना की 15वाँ वर्षगांठ को लेकर गुरूवार को गाजेबाजे एवं भगवा ध्वज के साथ भव्य कलशयात्रा निकाली गई। ये कलशयात्रा दुर्गाबाड़ी प्रांगण से प्रारंभ होकर शास्त्री चौक, बिरसा चौक, रामपुर चौक होते हुए रामपुर नदी पहुंची, जहां आचार्य सर्वेश कुमार पाठक, आचार्य कुंदन पाण्डेय, संतोष तिवारी, दयानन्द शर्मा आदि पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा गया। यहां से कलशयात्रा पुनः डीपाटोली, पकरीमुहल्ला होते वापस दुर्गाबाड़ी पहुंची, जहां यज्ञ वेदी का परिक्रमा करने के उपरांत सभी कलशों को प्रतिष्ठापित किया गया। इसी के साथ ही सतचण्डी महायज्ञ प्रारंभ हो गया । कलशयात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लिया। मुख्य यजमान के रूप में सत्येंद्र प्रसाद सपत्नी शामिल हुए। वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू महासभा की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में महुआडांड एसडीपीओ हिमांशु चन्द्र मांझी, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि मो. इफ्तेखार अहमद, प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज, रामनरेश ठाकुर, अजीत पाल कुजूर आदि मौजूद थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल समेत हिन्दू महासभा कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

## विधायक ने रखी योजनाओं की आधारशिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को प्रखंड अंतर्गत ग्राम सरईडीह के उच्च विद्यालय के चारदीवारी निर्माण कार्य और पंचायत केड़ के ग्राम गाड़ी में पीसीसी पथ से बैगई टोला तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी जिसका विधिवत शिलान्यास नारियल फोड़कर किया गया। वहीं उपस्थित लोगों ने विधायक को फूलमला पहनाकर स्वागत किया। जहां योजना को लेकर बताया जा रहा है कि चारदीवारी निर्माण कार्य जिला शिक्षा परियोजना मंद से लगभग 1 करोड़ दो लाख रुपए की लागत से होना है वहीं लगभग दो हजार फीट पीसीसी पथ का निर्माण कार्य की लागत 30 लाख रुपए बताई जा रही है। उक्त पीसीसी योजना से संबंधित जानकारी अनुसार प्राक्कलित राशि का 32 प्रतिशत निचे कार्य करना है जिसके संवेदक द्वारा योजना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर शिलान्यास के दौरान ही सवाल खड़ा होता है। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र में हो रहे सभी योजनाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण कार्य का ख्याल रखा जाए। वहीं मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने जानकारी दिया है कि आज सुबह 10 बजे छिपादोहर के हंसराज टोला में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-जल योजना का उद्घाटन सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह द्वारा किया जाएगा।

## रांची ने गुमला को 10 विकेट से हराया

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर 14 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में लातेहार जिला खेल स्टेडियम में हुए चौथा मैच रांची तथा गुमला के बीच खेला गया। जहां गुमला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 29वें ओवर में महज 76 रन पर पूरी टीम ढेर हो गई। जिसमें हर्ष राज ने 32 रन का योगदान दिया। रांची की ओर से मोहित तिर्की ने 5 तथा धीरज कुमार ने 4विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने उतरी रांची की टीम ने बिना विकेट गंवाए 77 रन बनाकर 12वेंओवर में ही जीत लिया। जिसमें रांची की ओर से प्रांजल अभिदी 35 तथा रूद्र कुमार ने 34 रन का योगदान दिया। मैच के अंपायर मनोहर सिंह तथा ओमप्रकाश राय थे वहीं स्कोरिंग दीपक कुमार ने किया।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति, लातेहार के कार्यकारिणी समिति की एक बैठक संरक्षण विनोद कुमार साहू की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में आयोजित की गई।बैठक में समिति के सचिव आशीष टैगोर एवं कोषाध्याक्ष राजू रंजन सिंह ने 31 वें वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के आय और व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। 31वें वार्षिक उत्सव के मौके पर आर्थिक एवं शारीरिक रूप से सहयोग करने वाले नगर वासियों को धन्यवाद दिया गया।अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि बिना सामुहिक सहयोग के कोई भी कार्यक्रम सफल नहीं हो पाता है।उन्होंने सदस्यता अभियान को तेज करने का बात कही। बैठक में मंदिर के ऊपरी तले पर अवस्थित सभी छह कमरों को व्यवस्थित एवं उनका सुंदरीकरण करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए नगर वासियों से सहयोग करने की अपील की गई। इसके अलावा बैठक में मंदिर के विकास की चर्चा की गई और अन्य कई निर्णय लिए गए।बैठक में संरक्षक त्रिभुवन पांडेय, उपाध्यक्ष शशि भूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश प्रसाद राजू, रविंद्र प्रजापति, संतोष कुमार पिंटू, रंजीत कुमार, सतीष कुमार, प्रदीप कुमार, राजेश पाठक और परितोष ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पंचायत सचिवालय स्वयं सेवकों ने विधायक अंबा प्रसाद का जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग:** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में बड़कागांव विधायक सुश्री अंबा प्रसाद से रांची धुर्वा स्थित उनके सरकारी आवास में मुलाकात कर कैबिनेट में उनके पक्ष में हुए फैसले पर आभार व्यक्त किया। विदित हो कि पंचायत स्वयंसेवक कर्मियों की मांगों को पूरा करने हेतु विधायक अंबा प्रसाद ने कई बार विधानसभा में मामला उठाया था एवं राज्य के मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री से मुलाकात करते हुए पंचायत स्वयंसेवक कर्मियों की मांगों पर सहानुभूतिक पूर्वक विचार करने हेतु अनुरोध किया था। जिसके बाद झारखंड कैबिनेट की बैठक में पंचायत स्वयंसेवक कर्मियों के हित में ऐतिहासिक फैसला लेते हुए पंचायत सहायक का नाम देकर 2500 प्रतिमाह मानदेय देने की घोषणा की।

# बिजली विभाग की हुई छापेमारी, 48 बिजली बिल बकायादारों की बिजली कनेक्शन काटी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बिजली विभाग के कनीय अभियंता प्रभास कुमार के निर्देश पर विभाग ने बिजली उपभोक्ता बिजली बिल बकायादारों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान में नटराज नगर, बड़कागांव मुख्य चौक, दैनिक बाजार के अलावा अन्य स्थानों पर कुल 18 बिजली उपभोक्ता की बिजली कनेक्शन काटी गई है। इसके अलावा पूर्वी क्षेत्र में आजाद नगर, मोतरा, बादम एवं महुगाई में तकरीबन 30 बिजली बिल बकायदारों की बिजली कनेक्शन काटी गई है। बिजली विभाग के कर्मियों ने बताया कि 3000 से अधिक घरेलू उपभोक्ता एवं 6000 से अधिक दुकानदारों की बिजली कनेक्शन काटी गई है। मामले को लेकर कनीय अभियंता प्रभास कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील किया कि जिनकी कनेक्शन काटी गई है वे जल्द से जल्द बकाया बिल जमा कर दें। चोरी से बिजली जलाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। बकायेदारों के खिलाफ बिजली कनेक्शन काटने की कार्य निरंतर जारी रहेगा। अभियान में मुख्य रूप से राहुल कुमार, रोहित सोनी, सूरज कुमार, नरसिंह सोनी, अजय कुमार, राजू कुमार, रवि कुमार, राज मुंडा, टिकेश्वर कुमार, अक्षय कुमार, पप्पू कुमार, दीपक कुमार, मोजीलाल भुईया व अन्य बिजली कर्मी शामिल थे।

## साइबर अपराधियों का तांडव चरम पर,सुरक्षा की गारंटी दे सरकार-डॉ आरसी प्रसाद



**हजारीबाग :** साइबर अपराधियों के लिए हजारीबाग सुरक्षित जोन हो गया है, साइबर सेल मूकदर्शक बनी बैठी है जिस पर जिला प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।पूर्व में हुए दर्जनों हत्याओं और चार किडनैपिंग का खुलासा नहीं हुआ ।भुमि माफियाओं से आम नागरिक त्रस्त है।जनता का पैसा बैंक से साइबर अपराधी निकाल ले रहे हैं।उक्त बातें हजारीबाग विधानसभा के कांग्रेस उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने अपने कार्यालय में कहा। डॉ मेहता ने कहा की आज मेरे नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बना मेरी उम्र 25 वर्ष लिखकर साइबर अपराधी मेरे नाम से लोगों से पैसा ठग रहे है।तीन-चार दिन पूर्व बड़ासी जगदीशपुर के दर्जनों लोगों का फेसबुक हैक करके लोगों को परेशानी में डाला गया है आज इस साइबर अपराध से जिले के डॉक्टर इंजीनियर डीएसपी प्रोफेसर छात्र छात्राएं महिलाएं व्यापारी नाबालिक बच्चे तक पीड़ित है।श्री मेहता ने झारखंड के मुख्यमंत्री चांपाई सोरेन से मांग की है कि हजारीबाग जिले सहित तमाम झारखंड वासियों को साइबर अपराध से मुक्त करावे।

## 13वां नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ महोत्सव भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू



**बरही :** धनबाद रोड स्थित प्राचीन एवं परम आस्था के प्रतीक मां भगवती मंदिर का 13 वां नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शत चंडी महायज्ञ महोत्सव के अवसर गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गई। मौके प्रमुख अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने मुख्य पुजारी अशोक स्वर्णकार सह पत्नी को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। भारी संख्या में श्रद्धालुगण कलश वार्तियो के साथ भगवा पताका के साथ शामिल होकर कलश यात्रा के लिए प्रस्थान हुए। इस दौरान जय श्री राम, जय हनुमान, जय दुर्गे आदि गगनचुंभी जयकारे के साथ श्रद्धालुगण सूर्य मंदिर नदी पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। जिसके बाद नगर भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल भगवती मंदिर परिसर पहुंचे। इसके बाद यज्ञ महोत्सव का निर्धारित कार्यक्रम का आगे बढ़ाया गया। कलश यात्रा में जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिप सदस्या प्रीती गुप्ता, विहिप के गुरुदेव गुप्ता, अध्यक्ष विपिन सिंह ,संरक्षक में सुरेंद्र रजक ,रमेश ठाकुर, गुरुदेव गुप्ता, महासचिव बलराम केशरी सचिव मनोज कुमार उपाध्याय, कोषाध्यक्ष बृजेश ठाकुर, उपाध्यक्ष मनितोष यादव, संतोष ठाकुर, हितेश राज आदि शामिल हुए।

## सम्बद्धता प्राप्त अनुसूचित जाति समितियों ने निगम मुख्यालय से परेशान होकर कल्याण मंत्री को दिया ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** झारखण्ड प्रदेश अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लि रांची के 36 सम्बद्धता प्राप्त समितियों ने निगम मुख्यालय मोराबादी रांची के क्रियाकलाप के रवैये से साथ ही निगम प्रबंध निदेशक के अड़ियल रवैये के साथ वहां के माफिया से मिलीभगत से छुब्ध होकर सम्बद्धता प्राप्त अनुसूचित जाति के समितियों के नेतृत्वकर्ता का 6 सदस्ये प्रतिनिधि मण्डल ने कल्याण मंत्री माननीय दीपक बिरुवा से मुलकात की और ज्ञापन दिया जिसमे माननीय मंत्री से प्रतिनिधि मण्डल ने कहा की लोकतंत्र मे जनता और नेता के अलावा उनका आवाज़ उठाने का कोई माध्यम नहीं है इसीलिए आग्रह किया गया की निगम मे चल रहे असंवेधानिक क्रियाकलापो को बिराम कर समितियों को अधिकार दिलवाया जाय।प्रतिनिधि मण्डल मे दिनेश्वर रविदास हज़ारीबाग , संतु दास देवघर , रंजीत कुमार दास कोडरमा , रितलाल दास गिरिडीह , शंकर कुमार दास गिरिडीह, पप्पू कुमार कोडरमा थे।

## मिशन होस्पिटल में लगेगा तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला दिनांक 19 मार्च 2024 से 21 मार्च 2024 तक लगेगा। इसमें निशुल्क ओपीडी परामर्श मरीजों को निशुल्क प्रदान किया जाएगा। जिसमें अस्पताल के सामान्य चिकित्सा विभाग, जनरल सर्जरी विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, बाल रोग विभाग हड्डी रोग विभाग, नेत्र विभाग, ईएनटी विभाग एवं मैक्सिलोफेशियल विभाग के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। निशुल्क ओपीडी परामर्श में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, आरबीएस एवं ईसीजी जांच मुफ्त होगा।

## आम चुनाव में कमल पर वोट देकर मोदी के हाथों को मजबूत करें : जेपी भाई पटेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत भेलवारा पंचायत के उत्तक्रमित मध्य विद्यालय में शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर आये भारतीय जनता पार्टी सचेतक सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने अगुवानी करते हुए भारत माता की जय,जय श्री राम,नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद,जयप्रकाश भाई पटेल जिन्दाबाद के नारों से जोरदार स्वागत किया।इसी दौरान विद्यालय के छात्राओ ने पुष्प वर्षा कर,स्वागतगान से माण्डू विधायक का अभिनंदन किया। डीएमएफटी (जिला खनिज )मद से भेलवारा उत्तक्रमित मध्य में 84 लाख रुपये की लागत से विद्यालय में चारदीवारी उन्नयन कार्य के तहत होने वाले कार्य का माण्डू विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना करते हुए शिला पट्ट का अनावरण किया। इसके उपरान्त माण्डू विधायक ने कुसुंभा पंचायत अंतर्गत ग्राम महतोइया में जिला खनिज मद(डीएफएमटी) से एक करोड़ बत्तीस लाख की लागत से सरहुल मोड़ से आदिवासी टोला उखरवार तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर माण्डू विधायक ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष निरंतर विकास की नई गाथा लिख रहा। होने वाले आम चुनाव में कमल के निशान पर वोट देकर मोदी के हाथों को मजबूत करे । दोनो मौकों पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,महादेव मंडल,गुरु प्रसाद साव,हिरामन महतो,जीवन सोनी,चेतलाल महतो,तुलसी महतो,जगरनाथ महतो,संजय कुमार महतो,दामोदार महतो समेत सैकड़ो की संख्य में महिला-पुरुष ,छात्र-छात्राएं तथा भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बरही बीआरसी में प्रोजेक्ट छलांग के तहत गैर आवासीय प्रशिक्षण का हुआ समापन



**बरही।** जनजागरण केंद्र हजारीबाग की ओर से प्रोजेक्ट छलांग के तहत चल रहे गैर आवासीय प्रशिक्षण बरही बीआरसी में समापन हुआ। समापन में छलांग प्रोजेक्ट के स्टेट कोडिनेटर डोलन सिंह जन जागरण केंद्र के डायरेक्टर अजय कुमार सिंह उपस्थित हुए। इस अवसर पर डोलन सिंह ने चलांग प्रोजेक्ट के माध्यम से चल रहे खेल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी 25 प्रतिभागियों को मैदान में ले जाकर खेल करवाएं। खेल खेलने के समय सभी प्रतिभागियों को चार ग्रुप में बांटकर खेल जैसे डोज बॉल, टीचर हंट, कुर्सी रेस, बॉल पासिंग बिटवीन द लेग आदि गेम कराया गया। ततपश्चात जनजागरण केंद्र के अजय सिंह ने जन जागरण केंद्र के बारे में बताते हुए सभी को धन्यवाद करते हुए कहा कि आज हम सब शिक्षक मिलकर समर कैंप के लिए काम करने के निर्णय लिए और खेल मेला को कैसे और भी बेहतर से कर सकते हैं, इस सुझाव को सभी शिक्षक अपने अपने तरीका से सोच कर हमें जानकारी दें। इस पर हम लोग बेहतर से खेल मेल कर सकते हैं। इस अवसर पर जन जागरण केंद्र के समन्वयक में चितरंजन महतो, नरेश कुमार, आरती कुमारी, धीरज सोनी और राहुल राज एवं 25 शिक्षक शिक्षिका उपस्थित हुए।

## ईडी की कार्रवाई से हमारा परिवार मानसिक प्रताड़ना का शिकार हुआ है: विधायक अंबा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** ईडी प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी)की कार्रवाई के बाद गुरुवार को बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद हजारीबाग के हुड़हुड़ु स्थित आवास पर एक प्रेस वार्ता आयोजित कर मिडिया से मुखातिब होकर अपना पक्ष रखते हुए बताया कि ईडी की कार्रवाई के दौरान उनके आवास से कुछ भी ईडी के अधिकारियों को बरामद नहीं हुआ है। नगदी बरामद होने की जो अफवाह उड़ाई जा रही है महज अफवाह है कहा कि विधानसभा से जो गाड़ी फाइनेंस किया गया है वही गाड़ी सिर्फ उनके नाम पर रजिस्टर्ड है इसके अलावा कहीं भी कुछ भी हमारे नाम से जमीन जायदाद नहीं है कहा कि ईडी केंद्रीय एजेंसी है हम उन्हें जांच में हर प्रकार से सहयोग करेंगे कहा कि ईडू की कार्रवाई में हमारी जो एक बहन मुंबई में रहती है जिसे मुंबई में भी परेशान करने का काम किया गया है वह मुंबई में रहकर स्नातक की पढ़ाई कर रही है और किराए के मकान में रहती है उसे भी प्रताड़ित करने का काम किया गया है। क्योंकि हमारा परिवार राजनीतिक परिवार से आता है इसलिए किसी साजिश के तहत बदनाम करने के लिए ईडी की कार्रवाई की जा रही है। ईडी के कार्रवाई को लेकर कहा कि मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का कार्य किया गया है कहा कि हमारा परिवार इस वक्त मानसिक प्रताड़ना का शिकार हुआ है। अंचल अधिकारी के साथ संबंधों को लेकर बताया कि हमारा संबंध किसी भी भ्रष्ट अधिकारी के साथ नहीं है हम लगातार मुखर होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता की आवाज बनने का काम किए हैं इसलिए हमारा नाम किसी भ्रष्ट अधिकारी के साथ ना जोड़ा जाए। दस्तावेज बरामद होने को लेकर कहा कि ईडी हमारे आवास से जो भी अपने साथ लेकर गई है वह जनता से जुड़ी हुई फ़ाइलें है।

## आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आजसू नेता रौशन लाल चौधरी बरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी पर बड़ागांव थाना क्षेत्र के पश्चिमी पंचायत में 2014 विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने के मामले को लेकर बड़ागांव थाना कांड संख्या 186/14 आईपीसी 427 6(1) पीडीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। जिसके तहत गुरुवार को हजारीबाग के कोर्ट के जज सृष्टि कुमारी ने बरी कर दिया है। बरी होते हैं आजसू नेता रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मुझे कानून पर पूरा भरोसा था की एक न एक दिन में निर्दोष साबित जरूर हो जाऊंगा। आगे उन्होंने कहा कि मैं अब और भी दुगुनी ऊर्जा के साथ बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए कार्य करने का काम करूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा बड़कागांव प्रखंड आजसू कार्यालय में सप्ताह में 5 दिन उपस्थित होकर बड़कागांव के दबे कुचले ग्रामीण लोगों को सहायता करने का काम कर रहे हैं। राज में भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर है और इसी के वजह से आम जनमानस का काम ना ब्लॉक और ना ही थाना ना अस्पताल में हो रहा है। इसलिए हमारे कार्यकर्ता उनके सहायता के लिए 5 दिन आजसू पार्टी कार्यालय में रहते हैं। हमारा एक ही मिशन है बड़कागांव के एक-एक लोगों तक उनके हक और अधिकार को पहुंचाया जाए।

## माण्डू विधानसभा विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र एवं स्टाफ क्वार्टर का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** गुरुवार को हजारीबाग जिला के चुरचू प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत चुरचू में ग्रामीण विकास विभाग मद से बनने वाली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य का (2) ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण कार्य मामले डी एम एफ टी मद से बनने वाली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुरचू में चिकित्सक-सह स्टाफ-क्वार्टर कार्य के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री झारखण्ड विधानसभा के सचेतक (विरोधी दल) सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू के विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के कर कमलों द्वारा नारियल फोड़कर एवं पिता काटकर विधिवत शिलान्यास किया? गया।। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो,चूरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,भाजपा अल्पसंख्यक जिला मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी,चरही उप मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि अभिजीत सिंह,भाजपा विधायक प्रतिनिधि बीना मिश्रा,चुरचू मुखिया पूनम बेसरा,किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष भोला महतो,युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह अल्पसंख्यक प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर अंसारी,कामेश्वर राम, धनेसर सिंह,सियाम सुंदर भारती,इंदर देव मिस्त्री,बिक्की डांग,संजीत यादव,राहुल यादव, मेघनाथ महतो नरेश यादव,समसु अंसारी,हिरामन साव, डाक्टर आर के रंजन,सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।।

## केबी महिला कॉलेज में अभाविप ने किया इकाई पुनर्गठन



**हजारीबाग।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग के द्वारा के बी महिला कॉलेज में इकाई पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सोनु रॉय ने छात्राओं के बीच विषय प्रवेश कर किया। जिसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 वर्ष के स्वर्णिम इतिहास व संगठन के कार्य पद्धति से अवगत कराया गया। जिला छात्रा प्रमुख श्रुति सुभम ने नई इकाई की घोषणा की ।कॉलेज अध्यक्ष शालू कुमारी, उपाध्यक्ष नंदिनी नारायण, उपाध्यक्ष नेहा कुमारी, उपाध्यक्ष सिमरन वर्मा, उपाध्यक्ष रिद्धि गुप्ता, इकाई मंत्री मुस्कान भारद्वाज, सह मंत्री नेहा कुमारी ,सह मंत्री सिमरन कुमारी, सह मंत्री सुनीता कुमारी, सोशल मीडिया प्रभारी नेहा कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य खुशी राणा, शीतल कुमारी, स्नेहा कुमारी, प्रियांशु कुमारी, शालिनी प्रिया,पूजा कुमारी को बनाया गया। नगर मंत्री रुद्र राज ने कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है और हमें गर्व है कि हम इस संगठन के कार्यकर्ता है और हमें राष्ट्र हित में कार्य करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है।

## आरोग्यम अस्पताल में विश्व किडनी दिवस मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के आरोग्यम अस्पताल के परिसर में गुरुवार को विश्व किडनी दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर अस्पताल के मुख्य चिकित्साक,अस्पताल की प्रशासक सहित कई कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से केक काटकर विश्व किडनी दिवस मनाया, साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की बाते बताया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष अस्पताल परिसर में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व किडनी दिवस पर लोगों को जागरूक करना है।

**विश्व किडनी दिवस इतिहास ही अलग है**

किडनी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सबसे पहले साल 2006 में 66 देशों ने एक साथ मिलकर विश्व किडनी दिवस मनाया था। जिसके बाद दो सालों के अंदर ही 66 देशों की यह संख्या बढ़कर करीब 88 हो गई थी, यह डबल्यू के डी इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफोलॉजी ईस एन और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ किडनी फाउंडेशन की एक संयुक्त पहल है। जिसका मकसद किडनी की स्थितियों के बारे में लोगों तक जागरूकता बढ़ाना था। मौके पर अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने बताया की विश्व किडनी दिवस को मनाने का उद्धेश्य किडनी रोगों के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। किडनी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। देश में हर साल करीब 2.5 लाख लोगों किडनी से जुड़ी बीमारियों का शिकार होते हैं। किडनी का काम शरीर में मौजूद अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालना होता है जिनकी मौजूदगी कई बीमारियों को जन्म दे सकती है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच किडनी की सेहत को लेकर जागरूक फैलाने के मकसद से यह खास दिन को मनाया जाता है।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय की चार छात्राओं ने महिला संसद सत्र में शिरकत किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** नेचर एंड ब्लू फाउंडेशन की ओर से महिला संसद सत्र का आयोजन जमशेदपुर के विष्टुपूर स्थित तुलसी भवन में किया गया, जिसमें आईसेक्ट विश्वविद्यालय की चार छात्राएं तन्नू श्री, हेरा फातमा, रिया कुमारी व अनुष्का कुमारी ने हिस्सा लिया। बता दें कि प्रथम चरण में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा की गई, वहीं द्वितीय चरण में शुन्यकाल प्रस्तावित किया गया। उक्त छात्राओं ने जमुआ, जामा, कोडरमा और धनवार विधायक के तौर पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि राजनीति की समझ और अपने अधिकार की जानकारी देश के हर नागरिक को होनी चाहिए। इससे ना केवल विभिन्न योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचने में मदद मिलेगी बल्कि देश के विकास के लिए भी सहायक सिद्ध होगा। संसद सत्र समाप्त होने के बाद सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय प्रतिभागियों का मार्गदर्शन डॉ रोजीकांत ने किया।

## झरपो में दो दिवसीय प्रशिक्षण जल जीवन मिशन संगोष्ठी का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत भवन परिसर में की रिसोर्स सेंटर (के.आर.सी) जन जागरण संस्था ने पेय जल स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग जल जीवन मिशन के निर्देशानुसार मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार प्रजापति सहायक नरेंद्र कुमार ने एस.एच.जी.(महिला मंडल) , पी. आर .आई. सदस्यों में मुखिया, पसंस,वार्ड सदस्य,सहिया , एन. वाई.के. के की उपस्थिति में 14 मार्च 2024 गुरुवार को दो दिवसीय जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार प्रजापति ने कहा की जल जीवन मिशन के तहत योजना का रख रखाव संचालन तथा जल प्रबंधन, अपशिष्ट पदार्थो के बारे में होने वाले नुकसान के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने यह भी कहा की पेय जल प्रबंधन सह स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग विभाग के द्वारा सख्त आदेश देते हुए बताया गया है कि जब तक पूर्व में निर्मित चापानल या नया से किया गया बोरिंग में मोटर लगाकर जांच 3000 तीन हजार लीटर से अधिक प्रतिघंटा पानी यदि निकलता है तब ही बोरिंग स्कीम हर घर नल जल योजना में लाया जा सकता है। और उस स्थल पर टावर पानी की टंकी लगाना है बिना पानी की जांच किए नही लगाना है। यदि बिना पानी जांच किए लगाया जाता है तो वह बोरिंग और पानी की टावर टंकी को कभी भी योजना में सम्मिलित नहीं किया जायेगा । ऐसा लगाया जाना बोरिंग स्कीम का कोई महत्वपूर्ण नहीं है। तथा विवादित भूमि में कदापि बोरिंग कर टावर पानी की टंकी नहीं लगाया जाना है। इसके लिए निगरानी समिति की गठन बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों के ओर से किया जाना है।

## अग्निशामक वाहन के चालक ने अपने ही पदाधिकारी पर चाकू से किया जानलेवा हमला, स्थिति गंभीर

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में बुधवार देर शाम को गिरिडीह बस स्टैंड के पास अग्निशमन विभाग के वाहन चालक प्रदीप उरांव ने पदाधिकारी शंकर सिंह को चाकू मार दिया। घायल अवस्था में रवि शंकर सिंह को सदर अस्पताल लाया गया। जहां इनका इलाज चल रहा है। बताया गया कि शराब के नशे में प्रदीप उरांव ने उनके ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे रवि शंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल गिरिडीह में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई। हालांकि खबर लिखे जाने तक घटना के कारणों का स्पष्ट रूप से खुलासा नहीं हो पाया है।

## सड़क मरम्मती का विधायक ने किया भूमि पूजन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत जमुआ विधायक केदार हजरा द्वारा गुरुवार को कुरहो बिन्दो से गम्हारडीह तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य का भूमि पूजन किया। करीब 4 किलोमीटर इस सड़क के मरम्मती से सड़कों राहगीरों को आवाजाही मे सुविधा होगी। यह सड़क जमुआ प्रखंड को बेंगाबाद प्रखंड से जोड़ती है। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों से अधिक लोगों का आना जाना होता है। इस भूमि पूजन मे भाजपा महिला नवडीहा मंडल अध्यक्ष पिंकी कुमारी, मलुवाटांड पंचायत मुखिया पोदीना देवी, मुखिया प्रतिनिधि संजय वर्मा, पुर्व मुखिया उर्मिला देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## गिरिडीह पुलिस ने लोडेड देशी कट्टा के साथ एक को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा ने पपरवाटांड में प्रेसवार्ता कर कहा कि कुख्यात अपराधी पप्पू शर्मा को गिरिडीह पुलिस ने चचघरा से दबोच लिया है। वही गिरफ्तार अपराधी के पास से एक लोडेड देशी कट्टा और मोबाइल जब्त किया गया है। अपराधी की गिरफ्तारी जिला के जमुआ थाना क्षेत्र के चचघरा स्थित उसके पैतृक गांव से हुई है। इस पूरी कारवाई में गिरिडीह पुलिस के साथ कोडरमा पुलिस की टीम भी शामिल थी। इस संबंध में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि अपराधी पप्पू शर्मा का पुराना अपराधिक इतिहास है। अपराधी के जमुआ थाना अंतर्गत चचघरा में छुपे होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के उपरांत खोरीमहुआ एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई और कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि पप्पू शर्मा कोडरमा के तिलैया स्थित गांधी नगर में एक कुरियर कंपनी के ऑफिस में डकैती की घटना को अंजाम दे कर कुछ माह से फरार चल रहा था।जबकि उसके ऊपर गिरिडीह के अलग अलग थानों, हजारीबाग के इचाक थाना और कोडरमा के तिलैया थाना में डकैती, लूट, सुपारी किलिंग समेत कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि अपराधी की गिरफ्तारी के बाद जमुआ थाना में उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कांड अंकित कर जेल भेजा जा रहा।

## अवैध बालू लोड दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के अंतर्गत मोतीलेद पंचायत गुरुवार को गुप्त सूचना के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बेंगाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी व अंचल अधिकारी प्रियंका प्रियदर्शिनी ने अवैध बालु लदा दो ट्रैक्टर को किया जप्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी ने बताया कि वरीय अधिकारियों को गुप्त सूचना मिल रही थी की बेंगाबाद के कई बालु घाट से भारी मात्रा में अवैध बालु का उठाव होता है जो सरकार के राजस्व को भारी नुकसान होता है उनके दिशा निर्देश पर आज बेंगाबाद के मोतिलेदा पंचायत के बनहत्ती गाँव से एक व करणपुरा पंचायत के खुट्टाबांध गाँव से एक बालु लदा ट्रैक्टर को पकड़कर बेंगाबाद पुलिस को सौंप दिया है इन्होंने कहा की दोनों वाहन मालिकों के विरुद्ध विधिसंगत मामला दर्ज किया जाएगा और आगे की कर्रवाई की जायेगी वहीं अवैध बालु करोबारियो में हड़कंप मचा हुआ है।

## बाल विवाह रोकना हमारी प्रथम प्राथमिकता : इंकज



**तिसरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तिसरी प्रखंड में गुप्त सूचना के आधार पर चाइल्ड लाइन 1098 और सवेरा फाउंडेशन की टीम की मदद से भंडारी पंचायत के लक्ष्मीपुर में एक नाबालिक लड़की का शादी रुकवाया गया , लड़की की अभिभावक निजी कारणों से लड़की की शादी तय कर रहे थे लेकिन लड़की शादी के लिए तैयार नहीं थी , इसके बाद चाइल्ड लाइन प्रवेक्षक रंजीत कुमार साव, केश वर्कर संतोष कुमार वर्मा,भण्डारी पंचायत के मुखिया पिंकेश सिंह, पंचायत सेवक नुनुराम हेंब्रम, सवेरा फाउंडेशन प्रवेक्षक सह बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज सहित ग्रामीण चूरामन राय, पप्पू कुमार राय, बिनोद राम.. मौजूद थे।

## एसएमएस मॉनिटरिंग एंड कम्युनिकेशन प्लान कोषांग के तैयारियों की समीक्षा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी सह एसएमएस मॉनिटरिंग एंड कम्युनिकेशन प्लान कोषांग के वरीय पदाधिकारी मो. जियाउल अंसारी ने आज अपने कार्यालय कक्ष में कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलस्यान व कर्मियों के साथ कोषांग की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने चुनाव दिवस के अवसर पर कोषांग का दायित्व, बल्क एसएमएस, वॉइस मैसेज सेवा इत्यादि के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मॉनिटरिंग प्लान की तैयारियों की भी समीक्षा की।

## मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने कार्ल मार्क्स की पुण्यतिथि मनाई




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मार्क्सवादी युवा मोर्चा धनबाद जिला कमेटी की ओर से कार्ल मार्क्स की पुण्यतिथि मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में मनाया गया। सर्वप्रथम कार्ल मार्क्स की तस्वीर पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मायुमो जिला सचिव राणा चटराज ने की। संगोष्ठी में मुख्य रूप से महादेव महतो, सुरेश महतो, कृष्ण कुमार लला, शिशु पाल, धर्म पाल, राजेश साव, महेंद्र ठाकुर, संजीव मंडल, ओम साव, राजा अंसारी, अभिषेक ठाकुर, बिनोद साव आदि शामिल थे।

## ओबीसी, एससी, एसटी के उत्थान के लिए होगा 16 मार्च को राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस : गोपाल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ओबीसी, एससी, एसटी वर्ग के संयुक्त तत्वावधान में प्रमुख मुद्दों को लेकर 16 मार्च को उर्मिला टावर रेजिडेंशियल हॉल बैंक मोड़ में होने वाले राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस की तैयारियों की समीक्षा को लेकर स्टील गेट सरायढेला दुर्गा मंदिर के प्रांगण में बैठक संपन्न हुई। समिति के जिला सचिव गोपाल यादव ने कहा ओबीसी, एससी, एसटी वर्ग के उत्थान लिए राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस एक बहुत ही सफल कॉन्फ्रेंस साबित होगी। ओबीसी, एससी, एसटी की उत्थान के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे।

## नगर निगम ने किया लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड व पीपीई किट का वितरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) पोर्टल के शुभारंभ के अवसर पर न्यू टाउन हॉल में नगर निगम द्वारा लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड व पीपीई किट का वितरण किया गया। साथ ही पीएम-सूरज पोर्टल के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव टेलीकास्ट देखा। इस संबंध में सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू ने बताया कि कार्यक्रम में 30 लाभुकों के बीच पीपीई किट का वितरण किया गया तथा सोहन डोम, रंजीत कुमार भूंईया व रामदास को आयुष्मान कार्ड दिया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, सहायक नगर आयुक्त सन्नी कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, नगर प्रबंधक रणधीर वर्मा सहित 200 से अधिक स्वच्छता मित्र मौजूद थे।

## सिविल सर्जन को पुष्पगुच्छ देकर दी शुभकामनाएं




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सिविल सर्जन कार्यालय मे टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान एवं समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ ने धनबाद के सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्र भानू प्रतापन एवं मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर विकास कुमार राणा से मिल कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और शुभकामनाएं दी। वहीं इस मौके पर कई समाजिक बिन्दुओं पर वार्ता हुई तथा चिकित्सा से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुआ।

## प्रति एडमिशन 40 से 50 हजार रुपए की वसूली कर रहे हैं दलाल : साहिर खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आरटीई के तहत बीपीएल परिवार के बच्चों के लिए सीबीएसई स्कूलों में आवेदन करने की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन इस प्रक्रिया के बीच कुछ बिचौलिए और दलाल किस्म के लोग पूरी नामांकन प्रक्रिया को प्रभावित करने में लगे हुए हैं। ऐसे लोग प्रज्ञा केंद्र से लेकर शिक्षा विभाग, रांची तक अपनी पहुंच और रसूख का इस्तेमाल करके पूरी नामांकन प्रक्रिया को गत कई वर्षो से प्रभावित करते रहे हैं। नतीजतन वैसे बच्चे और अभिभावक जो सही मायने में बीपीएल वर्ग का



प्रतिनिधित्व करते हैं इस लाभकारी सरकारी सुविधा से वंचित रह जाते हैं। दूसरी ओर दलाल तबका मोटी रकम लेकर प्रज्ञा केंद्रों के संचालकों की मिलीभगत से सक्षम और क्रीमी लेयर के लोगों के आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र आसानी से निर्गत कर लेते हैं। ज्ञात हो कि बीपीएल के तहत बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावकों का वार्षिक आय 72,000 रुपए से कम होनी चाहिए, यह प्राथमिक शर्त है। कुछ अभिभावकों से बातचीत के क्रम में मालूम चला कि ऐसे सक्रिय दलाल प्रति एडमिशन 40,000 से 50,000 रुपए तक मोटी रकम वसूली कर रहे हैं। इस बात को संज्ञान में लाने के लिए उपायुक्त को भी एक पत्र लिखा जा चुका है। उक्त बातें जवाहर बल मंच के पूर्व जिला अध्यक्ष साहिर खान ने अपने आवासीय कार्यालय में एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

## अवैध निर्माण पर अंचलाधिकारी का चला बुलडोजर कई मकानों को किया गया जमींदोज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** बुधवार देर शाम को अंचलाधिकारी सारांश जैन की अगुवाई में पेशम पंचायत के ग्राम खैरगढ़हवा में कई अवैध मकानों को जमीदोज कर दिया गया। इस बीच ग्रामीणों में मायूसी देखी गई। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि बिरनी प्रशासन के द्वारा जिस मकान पर बुलडोजर चलाया गया है वह मकान लगभग 45 वर्ष पूर्व अपनी जमीन पर बनाया गया था, जिसमे हमलोग वर्षो से रहते आ रहे हैं। वहीं जब इस मामले में अंचलाधिकारी सारांश जैन से जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि जिला न्यायालय के आदेश एवं एसडीएम के निर्देश पर कार्यवाई की गई। आपको बता दें बुलडोजर के द्वारा रामू प्रसाद वर्मा, एवं अशोक वर्मा एवं त्रिभुवन प्रसाद वर्मा के मकानों को ध्वस्त किया गया है। इधर पीड़ित परिवारों का आरोप है कि प्रशासन के द्वारा गलत मापी किया है, विवाद जिस जमीन पर है वह चोंगाखार पंचायत के दुधियानों मौजा में पड़ता है, परंतु जिस मकान को तोड़ा गया है वह पेशम मौजा में पड़ता है।

## विश्व किडनी दिवस के अवसर पर जागरुकता अभियान का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** आज दिनांक 14.03.2024 श्विश्व किडनी दिवसष् के अवसर पर सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पीटल, पटना के ओ.पी.डी. परिसर में एक जन जागरूकता अभियान का आयोजन अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान किडनी (गुर्दा) स्वास्थ्य, किडनी समस्याओं के कारण, प्रतिकार और उपचार व स्वास्थ्य जीवन शैली के महत्व विषय पर अस्पताल के विषेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ध्यान केंद्रित किया गया। साथ ही साथ किडनी रोगों की शुरूआती जॉच के लिए एक विशेष जॉच शिविर का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी रोगियों और उनके परिजनों ने अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने की उत्सुकता दिखाई और सक्रिय रूप से कार्यक्रम में भागीदारी की।


### झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)

एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (5th Call)**

**PR No.-304906 Dated : 18.08.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:-380 /2023-24 दिनांक :- 12.03.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-RAN-02/2023-24 | खेलारी | 1 | चामा मैक्लुस्कीगंज मुख्य पथ से बुद्व बाजार भाया डोन बॉस्को स्कूल, पर्यटन सूचना केन्द्र कोनका हरिजन टोला लपरा विकास नगर माईकल पर्किग के बगल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 5.100 कि०मी०) | 1482.794 | चौदह करोड़ बेयासी लाख उनासी हजार चार सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | बुढ़मू | 2 | मुरूपीरी स्कूल मोड़ से माण्डर बुढ़मू पी०डब्लू०डी० पथ भाया कोटारी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 6.100 कि०मी०) | | | |
| | | काँके | 3 | होचर देवी मण्डप से बनहोरा संग्रामपुर पथ भाया नेजाजी एकेडमी एवं मुरूम पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.190 कि०मी०) | | | |
| | | काँके | 4 | काठीटाँड उरूगुटू आर०सी०डी० पथ से रिंग रोड (आई०टी०बी०पी०) तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 5.500 कि०मी०) | | | |
| | | काँके | 5 | डालाबार चौक से ओखरागड़ा भाया बुढ़ीबागी, जराटोली एवं चौबे खटँगा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 7.775 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**14.03.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **21.03.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**22.03.2024** अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 322565 (Rural Work Department) 23-24 (D)



### कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी

**-: आवश्यक सूचना :-**

**खूँटी जिला के किसानों सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री कुसुम (कृषक ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) Component- B (Phase-III)योजनान्तर्गत** सिंचाई कार्य हेतु सोलर पम्पसेट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन अनुदानित दर पर ज्रेडा, राँची के द्वारा किया जाना है। उपरोक्त योजना अंतर्गत **2 एच०पी०(AC&DC), 3एच०पी० (AC&DC) एवं 5 एच०पी० (AC&DC)** क्षमता के सोलर पम्पसेट (Submersible/Surface Mounted) उपलब्ध करायी जाएगी।

वैसे लघु एवं सीमांत किसान जिनके खेतों **Grid Connectivity** उपलब्ध नहीं है, वह योजना के Onlinewebsite Portal **http://pmkusum.jharkhand.gov.in** पर संबंधित दस्तावेजों के साथ **2 एच०पी० (AC&DC), 3एच०पी० (AC&DC) एवं 5 एच०पी० (AC&DC)** क्षमता के सोलर पम्पसेट के लिए Online आवेदन स्वयं से करेंगे। जिसमें से पम्प क्षमता तथा **AC** एवं **DC** का चयन किसान/लाभुक के द्वारा स्वयं से किया जाएगा।

उपरोक्त सोलर पम्पसेट क्षमता के अनुसार निम्नवत् राशि का Online भुगतान होगा। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र०सं० | क्षमता | राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | **2 एच०पी० (AC&DC)** | 5000.00 | खूँटी जिला के किसानों के लिए लक्ष्य 430 प्राप्त है। |
| 2 | **3एच०पी० (AC&DC)** | 7000.00 | |
| 3 | **5 एच०पी० (AC&DC)** | 10000.00 | |

नोट:–उपरोक्त राशि का Online भुगतान किसान/लाभुक Online आवेदन करते समय नहीं करेंगे। जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन उपरांत स्वीकृत आवेदनों के लाभुकों (कृषक) के द्वारा सोलर पम्पसेट क्षमता अनुसार निर्धारित राशि का ड्राफ्ट/Online भुगतान करना होगा।

**लाभुकों के चयन की प्रक्रिया एवं पात्रता की विवरणी :–**

1. वैसे कृषक या उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर जिन्हें उक्त योजना लाभ पूर्व में मिल चुका है उन्हें इस योजना का लाभ दुबारा नहीं दिया जाएगा।
2. वैसे कृषक जिसका स्वयं का सिंचाई कूप या 4"/6"/8"/10" व्यास का डीप बोरिंग उपलब्ध हो जिसमें जल जमाव वर्ष भर रहे।
3. वैसे कृषक जिनके पास स्वयं का कृषि योग्य कम से कम 2.5 एकड़ सिंचित भूमि हो।
4. वैसे लघु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जाएगा। जो पहले ग्रीड आधारित/डीजल चलित पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में समक्ष नहीं थे एवं वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जाएगा जहाँ बिजली की व्यवस्था पूर्व में न हो।
5. एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु ही आवेदन–पत्र स्वीकृत किया जाएगा।
6. कृषकों के चयन में लघु एवं सीमांत किसानों जो आर्थिक दृष्टि कोण से कमजोर है एवं जो Micro & Drip Irrigation से जुड़े हुए किसान है एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**सोलर पम्पसेट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निम्नवत् स्व–अभि प्रमाणित दस्तावेजों को आवेदन पत्रों के साथ Online Portal पर अपलोड करना आवश्यक होगा :–**

1. संबंधित कृषक का कृषि योग्य भूमि का कागजात की छायाप्रति।
2. संबंधित कृषक के जमीन का लगान/रसीद की छायाप्रति।
3. संबंधित कृषक का राशन कार्ड/वोटर आई०डी०/आधार कार्ड की छायाप्रति।
4. संबंधित कृषक का फोटो (डीप बोरिंग/सिंचाई कूप के साथ)
5. संबंधित कृषक का हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान
6. सत्यापित आवेदन के उपरांत आवेदन द्वारा विहित प्रपत्र में घोषाण पत्र नोटरी के माध्यम से बनवाकर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी कार्यालय में आवेदन क्रमांक के साथ जमा करना होगा।

**अन्य शर्तें :–**

- वैसे आवेदन डाटा/जांच के दौरान गलत पाये जाते है तो उस रद्द कर दी जाएगी।
- यदि एक बार ऊर्जा यंत्र लगादी जायेंगे तो उन्हें एक जगह दूसरी जगह हस्तांरित नहीं किया जाएगा और न ही विभाग द्वारा इसकी कोई जिम्मेवारी ली जाएगी।
- ज्रेडा, राँची द्वारा जारी वेब पोर्टल पर किसानों द्वारा भरेगये Online आवेदनों को जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन की जाएगी।
- एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन पत्र स्वीकृत किया जाएगा।
- समूह के प्रत्येक व्यक्ति किसानों द्वारा संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों में–समूह के सभी किसानों का जमीन का अद्यतन लगान रसीद, समूह के सभी किसानों का एक स्वयं सत्यापित हालकी फोटो।
- चयन समिति के द्वारा कृषकों के प्राप्त Online आवेदनों (वाछित अनुलग्नक के साथ) की जांच की जाएगी तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर चयन समिति द्वारा आवेदनों को स्वीकृत कर ज्रेडा कार्यालय, रांची को अग्रसारित कर दी जाएगी। सोलर पम्पसेट की आपूर्ति एवं अधिष्टापन हेतु Online आवेदन करने की **अंतिम तिथि 20.03.2024 समय अपराह्न 05:00 बजे** तक है एवं उक्त तिथि के बाद किये गये Online आवेदन पर किसी तरह का विचार नहीं किया जाएगा तथा उक्त आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा। **(अगामी लोक सभा आम निर्वाचन–2024 के आचार संहिता लागू होने की तिथि से यह प्रभावी नहीं होगा)**

नोट :–

1. Online आवेदन करने से ही मात्र सोलर पम्पसेट की पूर्णता स्वीकृति का दावा अनुमान्य नहीं होगा।
2. सोलर पम्पसेट का अधिष्ठापन हेतु सुरक्षा के दृष्टि से संबंधित कृषक के पास सुरक्षित स्थान/योग्य भूमि हो विभाग द्वारा इसकी जिम्मेवारी नहीं ली जायेगी। इस यंत्र की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेवारी संबंधित कृषक की होगी।
3. उपरोक्त सोलर पम्पसेट के आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु लाभुक/कृषक किसी भी अनजाना फोन कॉल या अन्य कोई Online Portal पर की जाने वाली धोखा धड़ी से हमेशा सावधान रहे अन्यथा उक्त द्वारा किये गये धोखा धड़ी पर संपूर्ण जिम्मेवारी संबंधित लाभुक/कृषक की होगी।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,
खूँटी

PR 322648 District (23-24)_D

# लचरागढ़ में हुआ इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लचरागढ़ :** ग्रामीण विकास विभाग श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना अंतर्गत निर्मित इंडोर स्टेडियम, लचरागढ़ के उद्धाटन उपरांत स्थानीय लोगों के बीच समर्पित कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी विधायक कोलेबीरा, डीडीसी संदीप कुमार दोराइबुरु, रुर्बन मिशन कोऑर्डिनेटर उमाशंकर, प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो, फिरोज अली झामुमो केंद्रीय सदस्य, जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, जमीर हसन, जमीर अहमद उपस्थित रहे। इंडोर स्टेडियम उद्धाटन का संस्कार मुंडा संस्कृति के अनुरूप पाहन पुजार के हाथों किया गया।स्टेडियम का उद्धाटन कोलेबिरा छेत्र के माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी, उप विकास आयुक्त संदीप दोराईबुरु, प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा, स्थानीय मुखिया, मुंडा समाज के महाराजा पढ़हा राजा सनिका मुंडा, महासचिव लूथर टोपनो, ढिशुम पाहन पुजार जेम्स धनवार के द्वारा किया गया। मौके पर विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि ये लचरागढ़ के लिए बहुत सुंदर उपहार के रूप में है हमारी सरकार की तरफ से इस क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए हर मौसम में हमारे क्षेत्र की बेटे-बेटियां, बूढ़े-बुजुर्ग, युवा साथी गण खेल के साथ-साथ मनोरंजन के लिए इस इण्डोर स्टेडियम का उपयोग करें। मनोरंजन के साथ-साथ अपनी प्रतिभाओं का उजागर करें। यह इंडोर स्टेडियम सभी समुदायों,सभी वर्गों के लिए है।इसके संचालन के लिए यहां एक समिति का गठन हुआ है प्रशासनिक पदाधिकारियों और ग्राम सभा के अगुवाई में इन्हीं के द्वारा स्टेडियम का रखरखाव और संचालन किया जाएगा। आगे विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि हमारी झारखंड सरकार खेल के प्रति बहुत ही संवेदनशील है।खेल को बढ़ावा देने के हर संभव प्रयासरत है।इसी के आलोक में झारखंड राज्य के सभी जगाहों पर स्टेडियम का निर्माण करा रही है।खेल परिशिक्षण के लिए खेल परिषिकचक की बहाली कर रही है। खेल को बढ़ावा देने के लिए जगह जगह पर खेल बोर्डिंग सेंटर का निर्माण करवा रही है। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नौकरी का प्रावधान कर रही है। आगे विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने उपस्थित लोगों को कहा कि ये इंडोर स्टेडियम आपलोंगों के लिए है। इस जगह से यहाँ पर रहने वाले सभी ग्रामीण इससे फायदा उठाएं। और इस छेत्र में रहने वाले खिलाड़ी अपने खेल के छेत्र में अपना हुनर को निखारते हुए देश और राज्य का नाम रोशन करें। इस पावन अवसर पर पंचायत समिति फुलकेरिया डांग, 15 सुत्री जिला सदस्य क्लेमेंट टेटे, कैथोलिक युवा संघ अध्यक्ष अलबिनुस लुगुन, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जोसेफ सोरेंग, कोलेबिरा मीडिया प्रभारी अमृत डुंगडुंग,ऐडेगा पंचायत अध्यक्ष विनय बिलुंग, अनिल समद, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुनील खड़िया, मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी, सुनील केरकेट्टा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवम खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# ग्राम सभा बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के कोरकोटजोर में ग्रामसभा की बैठक हुई। जिसमे मुख्य रूप से अनूप लकड़ा को आमंत्रित किया गया। इस बैठक में अनूप लकड़ा ने कहा कि वर्तमान मे ग्रामसभा को कुछ दलालो द्वारा तोड़ने का काम किया जा रहा है। ऐसे लोगो से सावधान रहने की जरूरत है। अभी गरमी काम मौसम आ रहा है सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। अनेक गांवो मे पीने का पानी की घोर समस्या है। सरकार करोड़ो राशि खर्च कर रही है लेकिन ग्रामीणो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नही हो पा रहा है।

# जितेंद्र साहू की अध्यक्षता में जय श्री राम समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज जय श्रीराम समिति की बैठक सेन्हा प्रखंड के सेंगरेहातु तोड़ार स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में जितेंद्र साहू के अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिले के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का विस्तार किया गया जिसमें अध्यक्ष विक्रम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष बीटू कुमार,महामंत्री जगन्नाथ साहू, उपाध्यक्ष संतोष साहू कोषाध्यक्ष राहुल कुमार संगठन मंत्री दीपक साहू, महेश साहू, राम यादव, संजू साहू, नितेश साहू, सोनू साहू मीडिया प्रभारी अंजय साहू संपर्क अभियान प्रमुख आदर्श कुमार को बनाया गया। जिला संरक्षक अनूप गुप्ता ने कहा पूर्व की कमेटी का कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात नई कमेटी का गठन किया गया वर्तमान नवगठित कमेटी के पदाधिकारीयो से उम्मीद है और भी बेहतर कार्य करेंगे जिससे समाज को एक नई दिशा का संचार होगा ऐसा जिला कमेटी को विश्वास है। जिला कमेटी की ओर से संचालन समिति सदस्य अनिल उरांव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी। मौके पर जिला संरक्षक अनूप गुप्ता, संचालन समिति सदस्य अनिल उरांव, विनोद प्रसाद, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र साहू समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस सत्ता में आएगी तो देगी गरीब महिलाओं को हर वर्ष एक लाख : आलोक साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक सभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी सत्ता में आती है तो कांग्रेस पार्टी महिलाओं को पांच ऐसी गारंटी दे रही है जिसे देश में महिलाओं का जीवन हमेशा के लिए बदल जाएगा। यह घोषणा कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने किया है। पहला गारंटी सबसे गरीब परिवारों की एक महिला को प्रत्येक वर्ष एक लाख देगी। दूसरी गारंटी केंद्र सरकार में सभी नई भर्तियों में आधा हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा। तीसरी गारंटी आंगनवाड़ी, आशा, मिड डे मील बनाने वाली महिलाओं के वेतन को दुगना किया जाएगा।चौथा गारंटी सभी पंचायत में एक अधिकार मैत्री की नियुक्ति की जाएगी जो महिलाओं को जागरूक कर उन्हें उनके कानूनी अधिकार दिलाने में मदद करेंगे। पांचवा गारंटी के तहत देश में कामकाजी महिलाओं के लिए सावित्रीबाई फुले छात्रावास की संख्या दुगनी करने, हर जिले में कम से कम एक हॉस्टल सुनिश्चित किया जाएगा। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य देश की आधी आबादी को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और बराबरी का प्रतिनिधित्व देना है। यह पांच ऐतिहासिक कदम महिलाओं के लिए समृद्धि का द्वार खोलेगी।

# राज्य स्तरीय तीन सदस्यी अनुसमर्थन दल ने मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत उदरंगी पंचायत में मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यो का निरीक्षण गुरुवार को राज्य स्तरीय तीन सदस्यी अनुसमर्थन दल ने किया। इस दौरान अनुसमर्थन दल की टीम ने उदरंगी पंचायत में बिरसा मुंडा आम बागवानी, खेल मैदान व सिंचाई कूप योजना का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया है। राज्य स्तरीय अनुसमर्थन दल में ग्रामीण विकास के अवर सचिव चंद्र भूषण, प्रशाखा पदाधिकारी पिंटू कुमार व ग्रामीण विकास के मनरेगा सहायक विजय कुमार ने उदरंगी पंचायत के विभिन्न गांव में चल रहे आम बागवानी योजना, सिंचाई कूप व खेल मैदान का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया है। मौके पर ग्रामीण विकास के अवर सचिव चंद्र भूषण ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। इस दौरान उन्होंने बिरसा मुंडा आम बागवानी से जुड़े किसानों को आम बागवानी से आर्थिक स्थिति में बदलाव आने की बात कही। साथ ही गर्मी को देखते हुए आम बागवानी में पौधों को समय से सिंचाई करने, घेराबंदी दुरूस्त करने व जलकुंड निर्माण करने का निर्देश दिया है। साथ ही मनरेगा से बन रहे सिंचाई कूप का निरीक्षण कर बीडीओ प्रतिमा कुमारी व बीपीओ अभिषेक किशोर को क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर संचालित योजनाओं को समय से पूरा कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योजना से जोड़ आर्थिक रूप से सबल बनाना चाहती है। जिसमें कतई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान मनरेगा श्रमिकों से भी मुलाकात कर मनरेगा योजना में काम के बाद मजदूरी भुगतान के बारे में विस्तृत जानकारी ली है। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, कनीय अभियंता रेहान अंसारी, रवि शंकर भगत, परमेश्वर महली, करमचंद उरांव, आलोक लकड़ा मौजूद थे।

# रोजगार सेवक के आकस्मिक निधन से बीडीओ व अंचल कर्मी समेत प्रमुख लोगो ने जताया दुख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के गजनी पंचायत के रोजगार सेवक हिपफजुर रहमान 58 वर्ष का आकस्मिक निधन 13 मार्च बुधवार को हो गया, वे पिछले दो महीने से मेडिका हास्पीटल राँची मे लकवा जैसे गंभीर बीमारी का सामना कर रहे थे, रहमान अपने पीछे पत्नी समेत 03 पुत्र छोड़ गये बड़े पुत्र नीट की तैयारी कर रहा है,अचानक उनकी निधन की खबर से पूरे प्रखण्ड में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर प्रखण्ड परिसर में बीडीओ छन्दा भट्टाचार्य की उपस्थिति में शोक सभा का आयोजन कर मृतक को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, आंनद सिंह, अमन शिखर, गुहा उरांव, दिनेश कुमार, राजमणि मिंज, परवेज अख्तर, सुमित्रा उरांव, पावन कुमार, विरेन्द्र महली, सुमन उरांव, राजीव कुमार, अमित कुमार, चंद्रमणि उरांव सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मियॉ के द्वारा 02 मिनट का मौन धारण कर पुण्य आत्मा की शांति की कामना की गयी। वही रहमान की निधन की सूचना मिलते ही कैरो प्रखंड के पुर्व बीडीओ पवन कुमार महतो, चिकित्सक डा0 राकेश कुमार, कैरो प्रखंड के पुर्व प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चन्द्र कुंवर, 20 सुत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान, समाज सेवी नजीर आलम खान, शरत कुमार विद्यार्थी, मकसूद खान गाराडीह, सुरज मोहन साहू, कैरो प्रखंड अन्जुमन के सदर जमील अख्तर, सेक्रेटरी समीद अंसारी, मिडिया प्रभारी वसीम खान, इत्यादि ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने अपने निधि से नवनिर्मित पड़हा भवन एवं अखरा का करेंगे उद्घाटन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार आज दिनांक 15/3/2024 दिन शुक्रवार को लोहरदगा जिला अंतर्गत निम्न कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। समय 12:30 बजे अपराह्न प्रखंड कैरो अंतर्गत ग्राम नरौली में विधायक निधि से नवनिर्मित पड़हा भवन का उद्घाटन करेंगे। एवं समय 2:00 बजे अपराह्न प्रखंड कैरो अंतर्गत ग्राम खंडा में विधायक निधि से निर्मित अखड़ा का उद्घाटन करेंगे एवं अखड़ा में सोलर लाइट निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, बीस सूत्री अध्यक्ष गण, प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण,जन प्रतिनिधि गण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण गठबंधन दल के नेतागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें। यह जानकारी मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी।

# आदिवासी कर्मचारी समिति ने आगामी सरहुल महापर्व के सफल आयोजन को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को आदिवासी कर्मचारी समिति, लोहरदगा का आगामी सरहुल महापर्व पूर्व संध्या समारोह के सफल संचालन एवं आयोजन हेतु आवश्यक बैठक समिति के अध्यक्ष किशोर उरांव की अध्यक्षता में की गई। आज के बैठक में सर्वसम्मति से निम्नवत निर्णय लिए गए। इस वर्ष सरहुल पूर्व संध्या समारोह दिनांक 07.04.2024 को पुराना नगर भवन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आयोजन हेतु इस वर्ष सभी सदस्यों से न्यूनतम 700 रू सहयोग राशि लिया जाएं। कार्यक्रम का समय 10 बजे पूर्व. से 5 बजे अपराह्न तक निर्धारित किया गया। सहयोग राशि प्राप्त करने के लिए कोषाध्यक्ष श्री अभिषेक एक्का एवं उपकोषाध्यक्ष श्री अरविन्द उरांव जी कार्यालय में सुविधानुसार जिम्मेदारी सौंपकर राशि प्राप्त करेंगे। इस वर्ष सरहुल महापर्व पूर्व संध्या समारोह को भव्य आयोजन हेतु सहमति जताई गई। आज के इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे। संगठन सचिव विनोद कुमार उरांव,मुख्य सलाहकार बिफाई उरांव, कोषाध्यक्ष अभिषेक एक्का, उपाध्यक्ष श्री सत्यदेव भगत, संरक्षक सुश्री अंजू कुजुर, गुहा उरांव, उपकोषाध्यक्ष अरविन्द उरांव, वरिष्ठ सदस्य श्रीमती तारा मणि टाना भगत, मीना लकड़ा, सुशील भगत, अजय भगत, सुश्री पल्लवी उरांव एवं अन्य।

# हत्या के आरोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** पतलो ग्राम में पुस्तैनी जमीन को लेकर विवाद होने से पिता पुत्र ने मिल कर बुधवार को ईश्वर चिक बड़ाइक का धारदार टांगी से मार कर किया हत्या कर दिया था। आरोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा जेल भेजा गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के झालजमीरा पंचायत स्थित पतलो ग्राम में पूर्व से दो पक्षों में पुस्तैनी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जिसे जमीन विवाद के कारण बुधवार को दिगम्बर चिक बड़ाइक का 26 वर्षीय पुत्र प्रदीप चिक बड़ाइक तथा स्वर्गीय लैटु चिक बड़ाइक का पुत्र दिगम्बर चिक बड़ाइक ने साजिश के तहत हौड़ा चिक बड़ाइक का पुत्र ईश्वर चिक बड़ाइक को टांगी से प्रहार कर हत्या कर दिया गया था। जिस पर घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना पुलिस त्वरित कारवाई करते हुए दोनों आरोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया था। तथा ईश्वर चिक बड़ाइक का शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्ट के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया था। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि ईश्वर चिक बड़ाइक अपने घर से मजदूरी का पैसा मांगने की बात बोल कर अपना मोटरसाइकिल से जा रहा था। उसी दौरान आरोपी पिता पुत्र पहले से घात लगाए बैठे थे। जिसे अकेला देख दोनों ने मिल कर घटना को अंजाम दिया। वही घटना की सूचना प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह को प्राप्त होते ही उनके निर्देश पर एस आई मनोज कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच आरोपी को हिरासत में लेते हुए कानूनी कारवाई कर गुरुवार को पिता पुत्र को न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेज दिया गया। इस संदर्भ में एस आई मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि पुस्तैनी जमीन विवाद में प्रदीप चिक बड़ाइक व दिगम्बर चिक बड़ाइक द्वारा मिल कर ईश्वर चिक बड़ाइक को धारदार टांगी से प्रहार कर हत्या कर दिया गया। जिसे सेन्हा थाना कांड संख्या 16/24 दर्ज कर धारा 302,506,34 आईपीसी के तहत दोनो आरोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार कर जांचोपरांत गुरुवार को न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

# कुम्हार समाज ने बैठक कर होली मिलन समारोह की तिथि निर्धारित की

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में गुरुवार को दोपहर 3 बजे लोहरदगा के कुम्हार (प्रजापति) समाज के सदस्यो ने बैठक किया। जिसमें अध्यक्षता प्रेम किशोर प्रजापति ने किया। बैठक में होली मिलन समारोह का आयोजन निर्धारित दिनांक-17 मार्च 2024 को लेकर स्थगित करते हुए, 24 मार्च 2024 को करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर शिवनारायण प्रजापति, नागेंद्र प्रजापति, शिव कुमार प्रजापति, कमल महतो, विनोद कुमार, रामदेव प्रजापति, दिलीप प्रजापति, देवानंद महतो के साथ अन्य लोग शामिल थे।

# प्रशिक्षकों द्वारा सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को दो पालियों में दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों में से कुल छह सौ पदाधिकारियो/ कर्मियों का मतदान प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण आज सीएम उत्कृष्ट हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा सभी पदाधिकारियों/ कर्मियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान के पूर्व की तैयारियों/मतदान की तिथि और मतदान उपरांत किये जाने वाले कार्यो के त्रुटिरहित निष्पादन की जानकारी दी गई। सभी को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई साथ ही, कहा गया कि निर्वाचन के निष्पादन में सभी पदाधिकारियों/ कर्मियों का दायित्व समान है। कहीं भी किसी चरण में एक गलती होने से कई गलतियां होने संभावना रहती है। सभी को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन को अच्छी तरह संपन्न कराना ही मूल उद्देश्य है। मतदान के दिन किसी प्रकार गड़बड़ी नहीं हो इसके लिए प्रशिक्षण अच्छी तरह प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण दिनांक 15.03.2024 को भी आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कल दो पालियों में सीएम उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। पहली पाली में प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पाली में प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विद्यालय के प्रथम तल में आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण ज्ञान शंकर जायसवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग, सुजाता कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता-सह-प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग और विभाकर, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में आवश्यक सहयोग के लिए 14 कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

# विधायक कोलेबिरा के घर पहुंच लोगों ने समाज के हित में सौंपा मांगपत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के खुंटी टोली आवास पर अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो के पदाधिकारी/ सदस्यगण पहुंच कर समाज हित में एक मांगपत्र सौंपे। खड़िया समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार खड़िया भाषा की पढ़ाई कक्षा एक से लेकर स्नातकोत्तर तक हो,सी एन टी के अनुसार पूर्व में थाना की बैध्दता थी उसे समाप्त करते हुए रांची में भी खड़िया समाज जमीन अपने नाम ले सके वैसी व्यवस्था सरकार द्वारा किए जाएं। यूनिवर्सिटी में भाषाई शिक्षकों के बहाली के लिए भैकेंसी निकाली गई है उसमें खड़िया भाषा शिक्षक के लिए भी नियुक्ति आमंत्रित किया जाए। आदि विधायक कोलेबिरा ने समाज के अगुवाओं से कहा कि मैं थाना की बाध्यता पर टी ए सी की बैठक में आवाज उठाया हूं,जिसपर टी ए सी की कमिटी ने स्वीकारात्मक जवाब दिया गया था, भाषाई शिक्षकों के लिए भी सकारात्मक जवाब दिया गया था और कमोवेश उस पर कार्रवाई भी शुरू कर दिया गया है। विधायक ने समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि मैं सदैव खड़िया समाज के साथ साथ सभी आदिवासी समुदाय के हक और अधिकार के लिए आवाज उठाते रहा हूं और उठाते रहुंगा।अभी भी मैंने सदन में वीर शहीद तेलंगा खड़िया का आदमकद प्रतिमा लगाने कि मांग सरकार से किया हूं। मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में तेलंगा खड़िया का प्रतीमा लगवाने का कार्य किया हूं। और आगे भी जारी रहेगा। आपलोगों से कहना चाहूंगा कि कल दिनांक 15.03.2024 को रांची आईए। कल्याण मंत्री, कल्याण सचिव एवं माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर इस सकारात्मक पहलू पर चर्चा करेंगे।और समाज के उचित अधिकार के लिए सकारात्मक कार्य करने का आग्रह करेंगे। समाज के लोगों ने माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आदरणीय श्री चम्पाई सोरेन से मिलने जाने के लिए तैयार हुए हैं। मांग पत्र देने वालों में पूर्व महासोहर एवं वर्तमान सलाहकार जेम्स पी केरकेट्टा, महासोहोर पी कुलकांत केरकेट्टा, परगना सोहोर जोन अगुस्टीन टेटे, पूर्व सोहोर निकोलस किड़ो, वार्ड पार्षद रांची कुलभूषण डुंगडुंग, पूर्व डिप्टी कमिश्नर बजील कीड़ो, सचिव अलफोंस डुंगडुंग, कोषाध्यक्ष सुमन डुंगडुंग, मिडिया प्रभारी प्रफुल किड़ो, परगना सोहोर राफैल किड़ो, सदस्य माग्रेट बा, एम्मा केरकेट्टा, मरियानुस बा रांची, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला उपाध्यक्ष जॉनसन मिंज, शिशिर मिंज, रावेल लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, जमीर अहमद, जमीर हसन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### होली में रांची से कटिहार और गोरखपुर के लिए चलेगी दो स्पेशल ट्रेन



**रांची :** होली पर दूसरे राज्यों से काफी लोग घर लौटते हैं। ऐसे में ट्रेनों में टिकट के लिए मारा-मारी बढ़ जाती है। यात्री सुवाधा के लिए रेलव ने होली स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। भीड़ को कम करने के लिए इस बार भी रेलवे की ओर से रांची से भाया बोकारो होकर दो स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। पहली ट्रेन कटिहार से रांची के लिए 21 तथा 28 मार्च को खुलेगी। वही एक अन्य ट्रेन रांची से 22 मार्च को गोरखपुर के लिए रवाना होगी। कटिहार रांची स्पेशल 15 बोगी के साथ 21 तथा 28 मार्च को कटिहार से रात 10:30 बजे खुलेगी, जो 22 तथा 29 तारीख को सुबह 10 बजे, धनबाद 1110:3050 बजे, बोकारो तथा दोपहर करीब 210:3030 बजे रांची पहुंचेगी। वही रांची से यह ट्रेन 22 था 29 तारीख को रात करीब 810:30 30 बजे, बोकारो में रात 1010:3045 बजे, धनबाद में देर रात करीब पौने 110:3000 बजे होकर अगले दिन 11 बजे दिन में कटिहार पहुंचेगी। यह ट्रेन गोरखपुर, हरिशचंद्रपुर, मालदा टाउन, पाकुड़, रामपुरहाट, अंडाल, दुर्गापुर, आसनसोल, धनबाद, चंद्रपुर, बोकारो, मुरी होकर रांची पहुंचेगी।वहीं 22 मार्च को रांची गोरखपुर स्पेशल 20 कोच के साथ रवाना होगी। यह ट्रेन रात करीब 1010:3045 बजे रांची से गोरखपुर के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन देर रात करीब 1138 बजे बोकारो 210:3015 बजे धनबाद 410:3040 बजे मधुपुर होकर 23 की शाम को 410:3010 बजे गोरखपुर पहुंचेगी, जो 24 मार्च को सुबह पांच बजे गोरखपुर से रांची के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन धनबाद रेलवे स्टेशन पर शाम करीब 310:3030 बजे अब बोकारो स्टेशन पर शाम 6 बजे तथा करीब रात 910:30 30 बजे रांची पहुंचेगी। यह ट्रेन रांची, मुरी, बोकारो, धनबाद, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, कियूल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, पाटलिपुत्र, छपरा, सिवान, देवरिया सदर होकर गोरखपुर पहुंचेगी।

### राज्यपाल से मिले संत जेवियर स्कूल के प्राचार्य

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को डोरंडा संत जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य फादर इग्नेशियस लकड़ा ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को विद्यालय के प्राचार्य ने अवगत कराते हुए कहा कि संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा के 2 को-ऑर्डिनेटर और कंप्यूटर साइंस शिक्षक संतोष कुमार का सबसे लम्बा कंप्यूटर प्रोग्रामिंग क्लास लेने के लिए 'गिनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड' में नाम दर्ज हुआ है। उन्होंने लगातार 48 घंटे क्लास लेकर यह रिकॉर्ड बनाया है। राज्यपाल ने शिक्षक संतोष कुमार की इस उपलब्धि की सरहाना की।

# पलामू : तीन लुटेरे गिरफ्तार, ड्रोन कैमरा और मोबाइल बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** ड्रोन कैमरा और मोबाइल लूटकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर उदभेदन कर दिया है। साथ ही इस सिलसिले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि 12-13 मार्च की रात शहर थाना क्षेत्र हमीदगंज बीएन कॉलेज पार्क के पास तीन युवकों ने चाकू का भय दिखाकर मारपीट करते हुए तरहसी थाना क्षेत्र के नावा के रहने वाले हरेन्द्र कुमार पिता सुदामा साव से ड्रोन कैमरा और मोबाइल फोन लूट लिया था। इस संबंध में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया गया।एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने जानकारी दी कि 12-13 मार्च की रात 12.30 बजे हमीदगंज के बीएन कॉलेज पार्क के पास तीन अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा हरेन्द्र कुमार के साथ मारपीट करते हुए उसका ड्रोन कैमरा और मोबाइल लूट लिया गया था।



हरेन्द्र बीएन कॉलेज के पास बंटी चन्द्रवंशी के घर शादी समारोह में ड्रोन कैमरा से फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करके मोटरसाइकिल से घर जा रहा था।मामला दर्ज होने पर एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देशन में कार्य करते हुए अनुसंधान किया गया और गुप्त सूचना के अधार पर सबसे पहले बीएन कॉलेज पानी टंकी के पास रहने वाले अनिकेत तिवारी पिता गजेन्द्र तिवारी को पकड़ा गया। उसके पास से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद हुआ। उसकी निशानदेही पर संजीत ओझा पिता चन्द्रभूषण ओझा और कवि कुमार पिता प्यारे राम की गिरफ्तारी हुई। कवि अघोर आश्रम के पास पानी टंकी से सटे रहता है। संजीत बिहार के औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना अंतर्गत सुल्तानपुर का रहने वाला है, लेकिन वह बीएन कॉलेज के पास दीदी के घर में रहता था।संजीत की निशानदेही पर तरहसी में छापामारी कर उसके जीजा के घर से ड्रोन कैमरा एवं घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गयी। बरामद ड्रोन कैमरा सेट की कीमत 75 हजार रुपए है।

## पत्रकारों पर दबाव डालना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमले के समान : मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पत्रकार किसी को भी न्यूज का स्रोत बताने को बाध्य नहीं होते। फिर भी रांची पुलिस हेमंत सोरेन द्वारा ईडी के लोगों के विरुद्ध दर्ज कराये गये फर्जी एवं बिना सिर के एक मुकदमे के मामले में पत्रकारों के ऊपर दबाव डालकर उनके सूत्र जानना चाहती है। मरांडी ने कहा कि ईडी झारखंड में पिछले करीब दो सालों से झामुमो-कांग्रेस सरकार के संरक्षण में चल रहे भ्रष्टाचार के खुलासे के लिए कार्रवाई कर रही है, जिसकी कवरेज स्थानीय और नेशनल मीडिया में भी होती रही है। पत्रकारों का काम ही है अंदर की खबरें निकालना लेकिन झारखंड पुलिस द्वारा कानून का दुरुपयोग कर पत्रकारों पर दबाव डालना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमले के समान है। मरांडी ने कहा कि झारखंड पुलिस के डीजीपी और रांची के एसएसपी न तो खुद भ्रष्टाचारी सरकार का टूलकिट बनें और न किसी दूसरे पुलिस वालों को बनने दें। पिछले दिनों गलत काम करने वालों का अंजाम देखकर सबक लें। पत्रकारों को अपना काम करने दें और राज्य में बेलगाम हो चुके अपराध और पुलिस की लूट-वसूली को रोकने की कोशिश करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान व मधुमक्खीपालक शामिल हुए। राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन व शहद मिशन एवं कृषि विज्ञान केंद्र-खूंटी, रांची, गुमला, सिमडेगा, सराईकेला, पश्चिमी सिंहभूम सहित विभिन्न संस्थान सहभागी रहे।

## नागपुर में आज होगा आरएसएस की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक का आगाज नागपुर में शुक्रवार से होने जा रहा है। नागपुर के रेशमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर परिसर में होने वाली इस बैठक में संघ के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 36 संगठनों के 1529 प्रतिनिधि अपेक्षित हैं। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के मुताबिक 15 से 17 मार्च तक चलने वाली प्रतिनिधि सभा की इस बैठक में सरकार्यवाह का चुनाव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरसंघचालक और सरकार्यवाह के आगामी एक साल के प्रवास पर भी मुहर लगेगी। बैठक में समाज हित में ÷पंच परिवर्तन÷ के लिए व्यापक चिंतन होगा। इस पंच परिवर्तन के अंतर्गत सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, 'स्व' आधारित व्यवस्था का आग्रह एवं नागरिक कर्तव्य का समावेश रहेगा। बतौर आंबेकर संघ स्थापना को 2025 में 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं, नतीजतन देश में एक लाख दैनिक शाखाओं का लक्ष्य है।प्रतिनिधि सभा की बैठक से एक दिन पहले यानी गुरुवार को रेशमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर परिसर के महर्षि दयानंद सरस्वती सभागार में लगी प्रदर्शनी का सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर, सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार और आलोक कुमार उपस्थित थे। प्रदर्शनी में भारतीय संस्कृति का दर्शन करने वाली प्रतिकृतियां, पूर्व प्रचारकों की जीवनी के परिचय फलक, डायग्नोस्टिक सेंटर, सेवा विभाग, लोककल्याण समिति के प्रकल्प की जानकारी दी गई है। पर्यावरण, समरसता, महाविद्यालयीन आयाम, स्वावलंबी भारत अभियान तथा विविध सेवा संगठनों के उपक्रमों पर प्रकाश डाला गया है।

## सरकार का चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.6 फीसदी रहने का अनुमान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अपने अनुमान को संधोधित किया है। फिच ने इसमें 0.50 फीसदी का इजाफा कर 6.50 फीसदी से बढ़ाकर 7 फीसदी कर दिया है। इसी तरह रेटिंग एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में विकास दर 7.8 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। रेटिंग एजेंसी ने गुरुवार को जारी मार्च आउटलुक रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। एजेंसी ने अपने 6.50 फीसदी के अनुमान में 0.5 फीसदी की बढ़ोतरी की है। एजेंसी ने कहा कि उभरती अर्थव्यवस्था में खासकर भारत की जीडीपी ग्रोथ 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2023-24 में विकास दर 7.8 फीसदी रह सकती है।फिच को उम्मीद है कि भारत की अर्थव्यवस्था अपना मजबूत विस्तार जारी रखेगी। फिच का कहना है कि भारत की आर्थिक विकास दर को मज़बूत घरेलू मांग और निवेश में बढ़ोतरी से सपोर्ट मिलेगा। हालांकि, एजेंसी ने चीन के लिए 2024 के पूर्वानुमान को 4.6 फीसदी से घटाकर 4.5 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा रेटिंग एजेंसी ने 2024 के अंत तक खुदरा महंगाई दर घटकर 4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए रेटिंग एजेंसी का आर्थिक वृद्धि दर का यह अनुमान भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के 7.6 फीसदी के संशोधित अनुमान से ज्यादा है। हालांकि, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने हाल ही में जारी एक बयान में कहा था कि मौजूदा वित्त वर्ष में देश की जीडीपी वृद्धि दर आठ फीसदी के बहुत करीब रह सकती है।




# अब उच्च शिक्षा के लिए नही भटकेंगे गढ़वा के विद्यार्थी : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

*** साढ़े 36 करोड़ की लागत से मेराल में बनेगा सर्व सुविधा युक्त डिग्री कॉलेज**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढवा :** गढ़वा के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए अब दूर दराज भटकना नहीं पड़ेगा। विद्यार्थियों को अपने-अपने क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके तहत गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखंड के लातदाग में एक बहुमंड़िला एवं सर्वसुविधा युक्त डिग्री कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। राज्य कैबिनेट ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह कॉलेज 36.5 करोड़ रुपए की लागत से झारखंड भवन निर्माण निगम द्वारा बनाया जाएगा। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही इसका कार्य प्रारंभ होगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि यह डिग्री कॉलेज चार मंजिला होगा। जिसमें लगभग 1.5 लाख स्क्वायर फीट में प्रशासनिक भवन एवं कॉलेज होंगे। कॉलेज में लाइब्रेरी, डिस्कशन हॉल, इंडोर स्पोर्ट्स एरीना, लेबोरेट्री, कंप्यूटर लैब, सेमिनार हॉल, ओपन एयर थियेटर, स्टडी लाउंज, कैंटीन, स्टूडेंट लाउंज, डिजिटल लाइब्रेरी, लिफ्ट आदि की बेहतर सुविधा होगी। इसमें प्रिंसिपल क्वार्टर के साथ साथ स्टाफ क्वार्टर का भी प्रावधान इसके कैंपस में ही किया गया है। पूरा कॉलेज सीसीटीवी के दायरे में होगा। हर फ्लोर लगभग 40 हजार स्क्वायर फीट का होगा। इसमें साइंस, आर्ट्स एवं कॉमर्स तीनों स्ट्रीम की पढ़ाई होगी। उन्होंने कहा कि यह कॉलेज मेराल प्रखंड के विद्यार्थियों की शिक्षा में मील का एक पत्थर साबित होगा। अब यहां के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं पढ़ेगी। अपने क्षेत्र में अपने गांव के नजदीक ही बेहतर उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि रंका में डिग्री कॉलेज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा वासियों के प्यार, आशीर्वाद एवं स्नेह से ही गढ़वा में ऐसे ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। इन कार्यो को वर्षों पहले हो जाना चाहिए था, परंतु जनप्रतिनिधियों की उदासीनता या उनकी अदूरदर्शिता हमारे विकास में बाधा बनी। अब हमें आगे निकलना है। मीलों लंबा रास्ता तय करना है। रास्ता दुरूह जरूर है पर संकल्प अडिग है। हम सफलता की शिखर पर जरूर पहुंचेंगे।



### पिठौरिया से कार से निकला व्यक्ति लापता, मामला दर्ज

**रांची:** पिठौरिया थाने में एक व्यक्ति के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में असफाक अहमद ने गुरुवार को थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामला के अनुसार असफाक के भाई इस्तीयाक अहमद आरिफ बुधवार को अपने घर से दोपहर में अल्टो कार से निकला। शाम में अपने पुत्र असहब से इस्तीयाक ने मोबाईल पर बातचीत की। इस्तीयाक ने पुत्र से कहा कि थोड़ी देर में घर आ जायेंगे। इसके बाद फोन करने पर इस्तीयाक का मोबाइल स्वीच ऑफ बताने लगा। परिजनों ने अपने सभी रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की। लेकिन वह नहीं मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की गहन जांचकर रही है। साथ ही तकनीकी शाखा के सहयोग से लापता व्यक्ति को खोजने का प्रयास कर रही है।

## सीएए कभी वापस नहीं लिया जाएगा, कभी समझौता नहीं करेंगे : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने देश भर में नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए को लागू कर दिया है। इस बाबत केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कई बार बयान दे चुके थे कि लोकसभा चुनाव से पहले सीएए कानून को लागू कर दिया जाएगा। इस बीच अब अमित शाह ने एक इंटरव्यू में कहा कि सीएए कानून कभी वापस नहीं लिया जाएगा। हमारे देश में भारतीय नागरिकता सुनिश्चित करना हमारा संप्रभु अधिकार है। हम इसपर कभी भी समझौता नहीं करेंगे। सीएए अधिसूचना पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी उन्होंने टिप्पणी की। ममता बनर्जी पर टिप्पणी करते हुए शाह ने कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब भाजपा वहां (पश्चिम बंगाल) सत्ता में आएगी और घुसपैठ रोकेगी। अगर आप इस तरह की राजनीति करते हैं और इतने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे के साथ, आप तुष्टीकरण की राजनीति करके घुसपैठ की अनुमति देते हैं तो इसका विरोध करते हैं। शरणार्थियों को नागरिकता नहीं मिलेगी तो लोग आपके साथ नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को शरण लेने वाले और घुसपैठिए में अंतर नहीं पता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास और कोई काम नहीं है।उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि उनका इतिहास है जो बोलते हैं वो करते नहीं, मोदी जी का इतिहास है जो भाजपा या पीएम मोदी ने कहा वो पत्थर की लकीर है। मोदी की हर गारंटी पूरी होती है। विपक्ष के पास और कोई काम नहीं है। उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक में राजनीतिक फायदा था, तो क्या हमें आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? अमित शाह ने यह भी कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाना भी हमारे राजनीतिक फायदे के लिए था, हम 1950 से कह रहे थे कि हम धारा 370 हटा देंगे। उनका इतिहास है जो बोलते हैं वो करते नहीं हैं।



## काशी विद्यापीठ में युवा महाकुम्भ की अनुमति निरस्त, नाराज छात्रों ने दिया धरना



एजेंसी

**वाराणसी :** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में होने वाले युवा महाकुम्भ की अनुमति निरस्त होने से नाराज छात्रों के साथ कांग्रेस के नेता भी गुरुवार को गांधी अध्ययन पीठ के सामने गेट नंबर तीन के पास धरने पर बैठ गए। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जता जमकर नारेबाजी की। छात्रों के धरना प्रदर्शन की जानकारी पाते ही चीफ प्राक्टर पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर पहुंच गई। प्रदर्शन कर रहे छात्रों से उन्होंने कहा कि यहां परिसर में किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम की अनुमति नहीं है।सुरक्षा कारणों से विश्वविद्यालय प्रशासन ने विदयापीठ के सभी गेट पर ताला बंद कर दिया और आईडी के जांच के बाद ही छात्रों को परिसर में प्रवेश दिया जा रहा है। विराध प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि वह जमीन पर बैठकर ही युवा महाकुंभ करेंगे। काशी विद्यापीठ में होने वाले युवा महोत्सव में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और विधायक ओमप्रकाश सिंह को भी भाग लेना था। आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे राजनीतिक कार्यक्रम बताकर आयोजन की अनुमति निरस्त कर दी। इससे नाराज एनएसयूआई और समाजवादी युवजन सभा के छात्र नेताओं ने कुलपति प्रो. एके त्यागी का बुधवार शाम को भी घेराव किया था। दोनों छात्र संगठनों के नेताओं का पक्ष था कि पहले कार्यक्रम की अनुमति दी गई थी। बाद में इसे निरस्त कर दिया गया। कार्यक्रम के लिए गांधी अध्ययन पीठ की बुकिंग निरस्त कर दी गई।

### जमीन घोटाले के आरोपित विष्णु अग्रवाल ने चीन जाने के लिए कोर्ट से मांगी अनुमति

**रांची :** जमीन घोटाले के आरोपित कारोबारी विष्णु अग्रवाल ने चीन जाने की इजाजत ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट से मांगी है । इसे लेकर उनकी ओर से अनुमति याचिका दाखिल की गई है। दाखिल अनुमति याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई । सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब देने के लिए समय की मांग की है। इस पर अदालत ने ईडी को समय दिया है। सुनवाई के दौरान विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि व्यापार को लेकर विष्णु अग्रवाल चीन जाना चाहते हैं। इसलिए उनका पासपोर्ट सहित अन्य फॉर्मेलिटी को पूरा किया जाए। जबकि ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने विष्णु अग्रवाल के वकील के इस दलील का विरोध किया । उन्होंने कहा कि विष्णु अग्रवाल जिस मामले में आरोपित हैं, उस मामले में आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित किए जाने हैं।

# भारतीय सेना आज जोधपुर में बनाएगी अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की पहली स्क्वाड्रन


एजेंसी

**नई दिल्ली :** अब अमेरिकी 'अपाचे' और स्वदेशी 'प्रचंड' लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की जुगल जोड़ी आसमान में नया गुल खिलाएगी। भारतीय वायु सेना पहले ही स्वदेशी प्रचंड की पहली स्क्वाड्रन जोधपुर में स्थापित कर चुकी है लेकिन अब भारतीय सेना की आर्मी एविएशन कोर भी 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों का अपना पहला स्क्वाड्रन स्थापित करने जा रही है।

इस यूनिट के पहले हेलिकॉप्टर इस साल मई में अमेरिका से आने की उम्मीद है। भारतीय सेना ने अमेरिका से छह अपाचे हेलिकॉप्टर हासिल करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

भारतीय वायु सेना पहले ही अमेरिकी कंपनी बोइंग के अपाचे अटैक हेलिकॉप्टरों पर भरोसा करती है, इसीलिए वायु सेना ने सितम्बर, 2015 में अमेरिकी सरकार और बोइंग लिमिटेड के साथ 22 अपाचे हेलिकॉप्टरों के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये थे।

वायु सेना ने पठानकोट एयरबेस पर सितम्बर, 2019 में आठ लड़ाकू अपाचे हेलिकॉप्टर तैनात किए हैं। यह शक्तिशाली और भारी हथियार ले जाने में सक्षम होने के बावजूद वजन में भारी होने की वजह से उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाते हैं। इसीलिए हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की जरूरत को देखते हुए वायु सेना ने पिछले साल जोधपुर में मल्टी रोल वाले हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' की पहली 'धनुष' स्क्वाड्रन बनाई थी। इसी तरह रक्षा मंत्रालय ने 2017 में 4168 करोड़ रुपये कीमत पर सेना के लिए हथियारों के साथ छह अपाचे हेलिकॉप्टरों की खरीद को मंजूरी दी थी।



भारतीय सेना की आर्मी एविएशन कोर को इस साल मई में अमेरिका से अपाचे हेलिकॉप्टर मिलने की उम्मीद है लेकिन सेना 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों का अपना पहला स्क्वाड्रन स्थापित करने जा रही है। इस स्क्वाड्रन के नाम का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन अमेरिका से मिलने वाले पहले बैच के हेलिकॉप्टरों को जोधपुर की इसी स्क्वाड्रन में तैनात किया जायेगा। सेना के लिए अपाचे को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दुश्मन की किलेबंदी को भेदकर और उसकी सीमा में घुसकर हमला करने में सक्षम है।